रजिस्ट्री सं. डी—(डी एन)—128/88

Registered No. D—(DN)—128/88

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 53] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 31, 1988 (पौष 10, 1910)
No. 53] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 31, 1988 (PAUSA 10, 1910)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate Compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

लोक ऋण कार्यालय

हैदराबाद, दिनांक दिसम्बर 1988

कृषि पुनर्वित्त विकास निगम बाण्ड

कृषि पुनर्वित्त विकास निगम के जो बाण्ड खो आदि गए हैं और जिनके सम्बन्ध में यह विश्वास करने के लिए प्रत्यक्षतः आधार हैं कि वे प्रतिभूतियां खो गई हैं और उनके आवेदकों का दावा न्यायपूर्ण है, उनकी निम्नलिखित 30 जून 1988 को समाप्त हुई छमाही की सूची का विज्ञापन, एग्रिकल्चरल रीफाइनेन्स कार्पोरेशन डेवलमेंट बाड रेग्यूलेशन 1969 (इण्यू एण्ड मनेजमेंट आफ बॉड्स रेग्यूलेशन्स 1969) के विनियम 10 के अनुसार इसके द्वारा दिया जाता है। नीचे जिन संबंधित दावेदारों के नाम दिए गए है उनको छोड कर अन्य ऐसे सभी व्यक्तियों, जिनका इन प्रतिभूतियों पर कोई दावा हो, को चाहिए कि वे प्रबन्धक, भारतीय रिजर्व बैंक, लोक ऋण कार्यालय, हैदराबाद को तुरन्त सूचित करें ।

2. सूची दो भागों में विभाजित की गई है। भाग "क" उन प्रतिभूतियों की सूची है जिनका विज्ञापन अभी पहली बार किया जा रहा है और भाग "ख" उन प्रतिभूतियों की सूची है जिनका विज्ञापन पहले किया जा चुका है।

सूची "क"

—कुछ नहीं—

सूची "ख"

प्रतिभूती की सं०	मूल्य रु०	किसके नाम पर जारी की गई	किस दिनांक से ब्याज देय है	अनुलिपि जारी करने/ भुगतान मूल्य की अदायगी के लिए दावा करने वाले का/वालों के नाम	जारी किए गए आदेश की सं० और दिनांक	गजट में प्रथम प्रकाशन की तारीख
एचडी 000028	रु० 10,00,000/-	आन्ध्र प्रदेश कोआपरेटिव सेन्ट्रल अग्रिकल्चरल डेवेलपमेंट बैंक लिमिटेड	18-9-1984	53/4% अग्रिकल्चरल मेट कार्पोरेशन बाण्ड	रीफाइनेन्स डेवेलप- 1985 (V) सीरीज	12 अप्रैल 1986
				आन्ध्र प्रदेश कोआपरेटिव सेन्ट्रल अग्रिकल्चरल डेवेलपमेंट बैंक लिमिटेड	उप प्रबन्धक के दिनांक 27-12-1985 का आदेश सं० सीओ 183/एल एन/ 702	

भारतीय रिजर्व बैंक
लोक ऋण कार्यालय
हैदराबाद

एस० ए० हुसैन,
प्रबन्धक

स्टेट बैंक आफ त्रावणकोर
(भारतीय स्टेट बैंक का सहयोगी)
प्रधान कार्यालय : त्रिवेन्द्रम

त्रिवेन्द्रम, दिनांक 13 दिसम्बर 1988

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि स्टेट बैंक आफ त्रावणकोर के शेयरधारियों का रजिस्टर शेयरों के अंतरण के लिए शनिवार दिनांक 28 जनवरी से शनिवार दिनांक 11 फरवरी 1989 तक (दोनों दिनों शामिल करके) बन्द रहेगा।

जे. सी. मीरस,
प्रबन्ध निदेशक

सिण्डिकेट बैंक

औद्योगिक संबंध प्रभाग

कार्मिक विभाग

मणिपाल, दिनांक 2 दिसम्बर 1988

सं० जी० एस० आर० —केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी तथा भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 (1970 का पांचवीं) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सिण्डिकेट बैंक का निदेशक मंडल सिण्डिकेट बैंक अधिकारी

कर्मचारी (अनुशासन और अपील) विनियम 1976 का संशोधन करते हुए निम्नलिखित विनियमों का प्रतिपादन करता है।

1. संक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भ :

(1) इन विनियमों को सिंडिकेट बैंक अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) विनियम—1988 कहा जाएगा।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

(3) संशोधन के ब्यौरे :—

सिंडिकेट बैंक अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) विनियम 1976 के विनियम में निम्नलिखित उपबन्ध सम्मिलित किया जाए। "बशर्ते कि कोई आदेश जारी करने के पहले लगाए जाने वाले प्रस्तावित दंड पर अभिवेदन करने का अवसर अधिकारी कर्मचारी को दिया जा सकता है।"

के० सी०पै,
महा प्रबंधक (का०प्र०)

विजया बैंक

प्रधान कार्यालय

कार्मिक विभाग

बेंगलूर-560 001, दिनांक 5 दिसम्बर 1988

सं० 9361—बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन तथा अंतरण अधिनियम) 1980 (1980 का 40) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विजया बैंक का निदेशक मण्डल भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी प्राप्त करके विजया बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम 1982 का निम्नांकित रूप में एतद्द्वारा पुनः संशोधन करता है।

2. संक्षिप्त शीर्षक और लागू होने की तारीख

(1) इन विनियमों को विजया बैंक (अधिकारी सेवा) (तृतीय संशोधन) विनियम 1982 कहा जाये।

(2) ये 30 अक्तूबर 1987 से प्रभावी होंगे।

विनियम 42 (4)

विनियम 42 (4) का परन्तुक तारीख 30-10-1987 को व से वे निम्नानुसार प्रतिस्थापित होगा :

"यदि बैंक किसी अधिकारी को उसकी तैनाती के नए स्थान में आवास उपलब्ध न कराए और यदि वह अधिकारी कार्यभार ग्रहण करने के सिलसिले में मजबूर होकर अतिरिक्त खर्च का वहन करे तो सक्षम प्राधिकारी मामले की सच्चाई के आधार पर अधिकतम-अधिक 15 दिनों की अवधि के लिए अथवा आवास (क्वार्टर) मिलने तक दोनों में से जो भी पहले हो विराम भत्ता प्रदान करने पर विचार कर सकता है।"

सी० एच० श्रीधरन,
महा प्रबंधक प्रशासन

रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 19 दिसम्बर 1988

सं०का० एन० आ० आर० के०/एडम/95/एक्स—छावनी अधिनियम, 1924 (1924 का 2) की, (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) धारा 61 की अपेक्षानुसार छावनी बोर्ड, रुड़की की सूचना (सं० आर० के०/एडम/95/30 तारीख 7 जून, 1988) के साथ सफाई कर की दरों के परिवर्तन के लिए प्रारम्भ अधिसूचना प्रकाशित की गई थी, जिसमें उन व्यक्तियों से, जिन के उससे प्रभावित होने की सम्भावना है उक्त सूचना के प्रकाशन की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर आक्षेप/सुझाव मांगे गए थे।

और उक्त सूचना छावनी बोर्ड के सूचना पट्ट पर 4 सितम्बर, 1987 को चिपका दी गई थी;

और सूचना के प्रकाशन की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर जनता से कोई आक्षेप/सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं;

अतः, अब, छावनी बोर्ड, रुड़की छावनी अधिनियम, 1924 की धारा 60 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से, गवर्नमेंट आफ यूनाइटेड, प्राविन्सेस की अधिसूचना सं० 2606/II/XI/—20—1931, तारीख 25 सितम्बर, 1933 का निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

उक्त अधिसूचना में निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यह कि भारत सरकार के भूतपूर्व रक्षा विभाग की अधिसूचना सं० 134/2/जी/एल एंड सी/144, तारीख 18 मार्च, 1944, द्वारा सिविल क्षेत्र के रूप में, जिसके अन्तर्गत कोई ऐसा क्षेत्र भी है, जिसे उक्त अधिनियम की धारा 43 क के अधीन या छावनी भूमि प्रशासन नियम, 1937 के नियम 2 के खण्ड (ख) के अधीन सिविल क्षेत्र के रूप में इसके पश्चात् घोषित किए जाएं, घोषित क्षेत्र के भीतर स्थित सभी भवनों और भूमियों पर सफाई कर, उक्त अधिसूचना में विनिर्दिष्ट दर के बजाए सम्पत्ति के वार्षिक मूल्य पर 12 1/2 प्रतिशत की दर पर उद्गृहीत किया जाएगा। कर छावनी सम्पत्ति के सिवाय, जिसके सम्बन्ध में कर अधिभोगी द्वारा संदेय था, स्वामियों से चार समान किस्तों में संग्रहीत किया जाएगा।

ह० अपठनीय
अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद्, रुड़की।

नई दिल्ली, दिनांक 15 दिसम्बर 1988

का० नि० आ० जेसी/बी/23/603/856/सी,—चुंगी कर के लिए उपविधियों के कतिपय संशोधनों का प्रारूप, जिसे छावनी अधिनियम, 1924 (1924 का 2) की धारा 255 की अपेक्षानुसार छावनी बोर्ड की सूचना सं० जे० सी० बी० 5415/सी०, तारीख 6 जनवरी, 1988 के साथ 4 फरवरी, 1988 तक आक्षेप और सुझाव मांगने के लिए, प्रकाशित किया गया था, और उक्त सूचना 6 जनवरी, 1988 को छावनी सूचना पटल पर लगा दी गई थी;

और उक्त तारीख से पूर्व, जालन्धर छावनी बोर्ड को जनता से कोई आक्षेप या सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं :

और केन्द्रीय सरकार ने छावनी अधिनियम, 1924 (1924 का 2) की धारा 62 की उपधारा (3) की उपेक्षानुसार उपविधियों के उक्त प्रारूप को सम्यक रूप से अनुमोदित और पुष्टि कर दिया है, अतः, अब, छावनी बोर्ड, जालन्धर केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से छावनी अधिनियम, 1924 (1924 का 2) की धारा 60 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पंजाब सरकार के गृह विभाग की सैनिक अधिसूचना सं० 7261, तारीख 1 मार्च, 1932 का निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

(क) उपविधि 1 को उपविधि 1क के रूप में पुनः संख्यांकित किया जाएगा और यथा पुनः संख्यांकित उपविधि 1 क के पूर्व निम्नलिखित उपविधि अन्तः स्थापित की जाएगी, अर्थात् : 1. "संक्षिप्त नाम :—इन उपविधियों का संक्षिप्त नाम जालन्धर छावनी चुंगी-कर उपविधि, 1932 है :"

(ख) उपविधि 13 में, खंड (1क) में "दो आने" शब्दों के स्थान पर निम्नलिखित शब्द रखे जायेंगे, अर्थात् :—"दो रुपए"।

ह० अप० नीय
असिस्टैन्ट एक्जीक्यूटिव आफीसर, जालन्धर कैन्ट।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 24 नवम्बर, 1988

सं० आर० 12/19/9/84 बीमा–1—कर्मचारी राज्य बीमा निगम के संकल्प दिनांक 14 दिसम्बर, 1980 के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 75 के अन्तर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए महानिदेशक कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की धारा 54 तथा 54–क के प्रयोजन के लिए दूसरे चिकित्सा बोर्ड का निम्न प्रकार से गठन किया है :—

1. चिकित्सा निदेशी, मद्रास — अध्यक्ष

2. [illegible] सर्जन विशेषज्ञ, सर्जिकल कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, अयनावरम, मद्रास — सदस्य

3. सिविल सर्जन विशेषज्ञ, विकलांग कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, अयनावरम, मद्रास–23 — सदस्य

यह चिकित्सा बोर्ड पहले स्थापित चिकित्सा बोर्डों के अतिरिक्त कार्य करेगा।

अध्यक्ष को प्राधिकृत किया जाता है कि वे जांच किए जाने वाले बीमाकृत व्यक्ति के पीड़ित होने की बीमारी के आधार पर आवश्यक होने पर कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, मद्रास से विकलांग तथा सर्जिकल विशेषज्ञ के बदले में या के साथ-साथ किसी अन्य विशेषज्ञों को बोर्ड के सदस्य के रूप में सहयोजित कर सकते हैं।

अधिकारिता: बोर्ड की अधिकारिता सम्पूर्ण तमिलनाडु राज्य क्षेत्र पर होगी।

गौतम ऋषि नैयर, बीमा आयुक्त

नई दिल्ली, दिनांक 6 दिसम्बर 1988

संख्या : एन. 15/13/14/15/87–यो० एवं वि०— (2) —कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम 95–क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 1–9–88 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95–क तथा तमिलनाडु कर्मचारी राज्य बीमा नियम 1954 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ तमिलनाडु राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जायेंगे।

अर्थात्

"जिला उत्तरी आरकोट में तालुक वैलोर के राजस्व ग्राम कोनावथम, इदायानसाथू, साथूवाचेरी, रंगापुरम और सरगाधीपुरम और तालुक गुडीआथम, के राजस्व ग्राम कटपड़ी, के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र"।

संख्या : एन: 15/13/14/2/87–यो० एवं वि० (2)—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य विनियम) 1950 के विनियम 95–क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 1–8–88 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95–क तथा तमिलनाडु कर्मचारी राज्य बीमा नियम 1954 में निर्दिष्ट चिकित्सा

हितलाभ तमिलनाडु राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जायेंगे ।

अर्थात्

"जिला मदुराय के तालुक वाटीपट्टी के राजस्व ग्राम नागरी, तीरूवालायानालूर के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र"

संख्या : एन: 15/13/7/6/88 यो एवं वि (2)—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य विनिमय) 1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 1-8-1988 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95-क तथा कर्नाटक कर्मचारी राज्य बीमा नियम 1958 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ कर्नाटक राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जायेंगे।

अर्थात

"जिला गुलबर्ग के होबली और तालुक सेडम के अधीन राजस्व ग्राम कुरूकुंटा के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र"।

संख्या : एन: 15/13/75/88-यो० एवं वि०—(2)—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य विनियम) 1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 1-8-88 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95-क तथा कर्नाटक कर्मचारी राज्य बीमा नियम 1958 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ कर्नाटक राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जायेंगे।

अर्थात्

राजस्व गांव या नगरपालिका की सीमा	होबली	तालुक	जिला
सैडम नगरपालिका की सीमा	सैडम	सैडम	गुलबर्ग
बाटेगेरे क० ग्राम	आदकी	सैडम	गुलबर्ग

संख्या: एन: 15/13/14/8/82-यो० एवं वि० (2)—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य विनियम) 1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 16-10-88 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 90-क तथा तमिलनाडु कर्मचारी राज्य बीमा नियम 1954 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ तमिलनाडु राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जायेंगे।

अर्थात्

"जिला और तालुक तीरूचीरापल्ली के राजस्व ग्राम 31/1 के० साथानूर (उत्तर) 31/2 के० साथानूर (दक्षिण) (साथानूर) के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र"।

एस० घोष,
निदेशक योजना एवं विकास

संचार मंत्रालय

डाक विभाग

नई दिल्ली-110001, दिनांक 12 दिसम्बर 1988

सूचना

सं० 25-38/87 एल० आई०—विभाग की अभिरक्षा से गुम हुई डाक निम्नलिखित डाक जीवन बीमा पालिसियों के बारे में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उनका भुगतान रोक दिया गया है। निदेशक, डाक जीवन बीमा, कलकत्ता को बीमाकर्ताओं के नाम दूहरी पालिसियां जारी करने के लिए प्राधिकृत कर दिया गया है। सर्वसाधारण को चेतावनी दी जाती है कि वे मूल पालिसियों के बारे में लेन देन न करें।

क्रम सं०	पालिसी संख्या	दिनांक	बीमाकर्त्ता का नाम	राशि (रूपये)
1.	507051-सी ई० ए०/55	8-3-84	श्री हनुमान सिंह	15,000

दिनांक 15 दिसम्बर 1988

सूचना

सं० 25-25/88-एल० आई०:—विभाग की अभिरक्षा से गुम हुई निम्नलिखित डाक जीवन बीमा पालिसियों के बारे में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उनका भुगतान रोक दिया गया है। निदेशक, डाक जीवन बीमा, कलकत्ता को बीमाकर्त्ताओं के नाम दूहरी पालिसियां जारी करने के लिये प्राधिकृत कर दिया गया है। सर्वसाधारण को चेतावनी दी जाती कि वे मूल पालिसियों के बारे में लेन देन न करें।

क्रम संख्या	पालिसि संख्या	दिनांक	बीमाकर्त्ता का नाम	राशि (रूपये)
1.	22909 आर ई ए/5-11-87 55		श्री के० एस० विश्वनाथन	3,000

सं० 25-1/88-एल० आई०—विभाग की अभिरक्षा से गुम हुई निम्नलिखित डाक जीवन बीमा पालिसियों के बारे में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उनका भुगतान रोक दिया गया है। निदेशक, डाक जीवन बीमा, कलकत्ता को बीमाकर्त्ताओं के नाम दूहरी पालिसियां जारी करने के लिये प्राधिकृत कर

दिया गया है। सर्वसाधारण को चेतावनी दी जाती है कि वे मूल पालिसियों के बारे में लेन देन न करें।

क्रम संख्या	पालिसी संख्या	दिनांक	बीमाकर्त्ता का नाम	राशि (रु०)
1.	एम० एच० 493 टी	5-12-85	श्री एन० एल० उपाध्याय	30,000
2.	422014-पी	3-10-80	श्रीमती जी० एच० हरिसिंघानी	10,000

सं० 25-13/88-एल० आई०:—विभाग की अभिरक्षा से गुम हुई निम्नलिखित डाक जीवन बीमा पालिसियों के बारे में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उनका भुगतान रोक दिया गया है। निदेशक, डाक जीवन बीमा, कलकत्ता के नाम दुहरी पालिसियों जारी करने के लिये प्राधिकृत कर दिया गया है। सर्वसाधारण को चेतावनी दी जाती है कि वे मूल पालिसियों के बारे में लेन देन न करें।

क्रम संख्या	पालिसी संख्या	दिनांक	बीमाकर्त्ता का नाम	राशि (रुपये)
1.	20367-पी० ई० ए/55	1-10-77	श्री एम० जे० पटेल	4,000/-

ज्योत्सना घोष
निदेशक
(पी०एल०आई०)

भारतीय उपचर्या परिषद

नई दिल्ली, दिनांक

सं० 11-1/88-आई० एन० सी०:—भारतीय उपचर्या परिषद अधिनियम, 1947 (1947 का 48) की धारा 10 के अधीन भारतीय उपचर्या परिषद की दिनांक 22 अप्रैल, 1988 को हुई बैठक में पारित संकल्प द्वारा की गई निम्नलिखित घोषणा को, उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन यथापेक्षित, एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है, नामतः—

देवी आहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर द्वारा 26 जनवरी, 1983 को अथवा उसके पश्चात् प्रदान की गई कालेज आफ नर्सिंग, इन्दौर की बी०एस० सी० (नर्सिंग) की डिग्री को मान्यता।	यतः देवी आहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर ने जो कि नर्सिंग में बी० एस० सी० की डिग्री प्रदान करने के प्रयोजन के लिये मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्राधिकरण है भारतीय उपचर्या परिषद अधिनियम, 1947 (1947 का 48) के अधीन गठित भारतीय उपचर्या परिषद से आवेदन किया है कि उनके द्वारा बी० एस० सी० (नर्सिंग) में प्रदत्त डिग्री को उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिये मान्यता प्रदान की जाये;
	अब इस परिषद ने 22 अप्रैल, 1988 को उक्त प्रयोजन के लिये हुई अपनी बैठक में यह पारित किया है कि निम्नलिखित अर्हता यदि 26 जनवरी 1983 को अथवा उसके पश्चात् प्रदान की गई है तो वह उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिये मान्यता प्राप्त अर्हता होगी, नामतः
	"देवी आहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर द्वारा 26 जनवरी, 1983 को अथवा उसके पश्चात् प्रदान की गई बी० एस० सी० (नर्सिंग) की डिग्री"।

श्रीमती स्वर्ण कान्ता करकरा,
सचिव

वस्त्र उद्योग समिति

वस्त्र मंत्रालय

बम्बई-40009, दिनांक

सं० 33(5)/79-प्रशासनः—वस्त्र उद्योग समिति अधिनियम 1963 (1963 का 41वां) के खण्ड 23 के उपखण्ड (ग) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, वस्त्र उद्योग समिति केन्द्रीय सरकार की पूर्वानुमति से वस्त्र उद्योग समिति कर्मचारी (वैद्यकीय सेवायें) अधिनियम, 1968 के संशोधन करते हुए निम्न विनियम बनाती है, यथा—

1. ये विनियम वस्त्र उद्योग समिति कर्मचारी (वैद्यकीय सेवायें) संशोधन विनियम, 1988 कहलायेंगे।

2. ये इनके भारतीय राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगे।

(2) कम्पनी उद्योग समिति (वैद्यकीय सेवाएं) विनियम, 1968 के प्रस्तर 4 के स्थान पर निम्न प्रस्तर को प्रतिस्थापित किया जाये:—

"4. नीचे प्रस्तर 6 में दी गई सीमाओं के अधीन, कर्मचारी एवं उसका परिवार पंजीकृत वैद्यकीय चिकित्सक (औषधि विज्ञान के पाश्चात्य चिकित्सा शास्त्र में अर्हता प्राप्त अथवा किसी अन्य चिकित्सा शास्त्र में अर्हता प्राप्त जैसे आयुर्वेदीय, यूनानी, सिद्ध अथवा होमियोपैथी) से उपचार तथा उसकी सेवाएं उनके आवास अथवा आवासों अथवा चिकित्सक के परामर्श गृह में प्राप्त कर सकता है। आयुर्वेदीय, यूनानी एवं सिद्ध व्यक्तियों के सम्बन्ध में अर्हता से तात्पर्य है, भारतीय औषधि केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 (1970 का 48वां) के द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ अनुसूची में सम्मिलित कोई भी वैद्यकीय अर्हता प्राप्त होना तथा होमियोपैथी के सम्बन्ध में वह व्यक्ति जिसने होमियोपैथी केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1973 (1973 का 59वां) के द्वितीय अथवा तृतीय अनुसूची में सम्मिलित होमियोपैथी चिकित्सा में कोई भी वैद्यकीय अर्हता प्राप्त की हो।"

यदि मुख्चिय कर रहे चिकित्सक के अनुसार विशेषज्ञों की सलाह तथा अस्पताल अथवा नर्सिंगगृह चिकित्सा की आवश्यकता है तो वह भी ग्राह्य होगी।

पाद टिप्पणी:

मूल विनियम जो कि भारत के राजपत्र खण्ड III भाग 4 में दिनांक 31-5-1969 द्वारा प्रकाशित किये गये हैं।

निम्नानुसार संशोधन किये गये भारत के राजपत्र में खण्ड III भाग 4 में दिनांक 28-6-1980 को प्रकाशित किये गये थे।

आर० के० कपूर
सचिव

वास्तुकला परिषद

(वास्तुविद अधिनियम, 1972 के अन्तर्गत निगमित)

नई दिल्ली, दिनांक 2 दिसम्बर 1988

एफ० नं० सी० ए० 44/88—इस अधिसूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि वास्तुविद अधिनियम, 1972 की धारा 29 की उपधारा 111 के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वास्तुकला परिषद ने नीचे लिखे वास्तुविदों के नामों को मृत्यु के कारण नीचे उनके नामों के सामने किसी तारीख से परिषद के वास्तुविद रजिस्टर से काट दिया है:—

क्रम सं०	रजिस्ट्रेशन सं०	नाम व पता	नाम काटने की तारीख
1	2	3	4
1.	सी० ए०/76/2421	श्री पी० एम० पथारे रुकमणी सदन, गजानन्द राउते रोड, दहीसार, बम्बई-400068	28-10-88
2.	सी० ए०/76/3458	श्री के० आर० पटेल, 17, 2 सरी मंजिल, 395-397 कुलबादेवी रोड, रूईया बिल्डिंग बम्बई-3	वही
3.	सी० ए०/75-2482	श्री टी० बी० वीरानी, जहांगीर बिल्डिंग, चौथी मंजिल, 133, एम० जी० रोड, फोर्ट, बम्बई-1	वही
4.	सी० ए०/75/1762	श्री एम वी० रांगनेकर, धर्मा निवास, 93, हिन्दू कालोनी, नौसरी लेन, दादर, बम्बई-400014	वही
5.	सी० ए०/75/780	श्री बी० टी० एम० खाडकी, वाला, 141/98, डब्ल्यू ई० ए० करोलबाग, नई दिल्ली-5	वही
6.	सी० ए/76/2870	श्री के० ए० कीरनीकर, मैसर्स कुंजबिहारी एण्ड सन्स, 22, बराबजुरने रोड, कलकत्ता-1	वही

1	2	3	4
7.	सी० ए०/75/122	श्री वी०जी० महातरे, श्री गणपति निवास, 335, वीर सावरकर मार्ग, दादर, बम्बई–400028	28-10-88
8.	सी० ए०/78/2025	श्री एम० एन० चटर्जी, एम०224, ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली-110048	वही
9.	सी० ए०/75/1493	श्री एन० एम० बराई, ए/201–202, सुपर बिल्डिंग काम्पलैक्स, 324 डा० डलवी रोड, कान्डीवली (वेस्ट) बम्बई–67	वही
10.	सी० ए०/76/476	श्री एम० आर० मवलांकर उतकर्ण, खारे टाउन, नागपुर–440010	वही
11.	सी० ए०/75/298	श्री राम किशन, ई–31, ग्रीनपार्क, नई दिल्ली–16	वही
12.	सी० ए०/75/1046	श्री एम० एम० किनी, श्रीनिवास किनी एण्ड कम्पनी, 134, नगीनदास मास्टर रोड, फोर्ट, बम्बई–400023	वही
13.	सी० ए०/77/3444	श्री जे० एम० देथे, 751, सेक्टर 8-बी, चण्डीगढ़–8	वही
14	सी० ए०/78/4598	श्री एम० एल० शर्मा, हाउस न० 2008, 15-सी, चण्डीगढ़	वही

इन व्यक्तियों को रजिस्ट्रेशन के जो मूल प्रमाण पत्र दिये गये हैं, उन्हें सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 की धारा 2 के खण्ड दो में परिभाषित उनके कानूनी प्रतिनिधि के द्वारा परिषद् के रजिस्ट्रार को तत्काल लौटा दिये जायें।

एफ.न० सी० ए०/46/88—इस अधिसूचना द्वारा यह सूचित किया जाता है कि वास्तुकला परिषद नियमावली, 1973 के नियम 34 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे लिखे वास्तुविदों को उनके मूल रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्रों के उनके द्वारा नष्ट कर दिये जाने पर उनके बदले में उनके नामों के आगे लिखी तारीखों को प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपि जारी कर दी गई है :—

क्रम सं०	वास्तुविद का नाम व व्यवसायिक पता	रजिस्ट्रेशन नं०	जारी करने की तारीख
1	2	3	4
1.	श्री एम० वी० तुंगारे, 4/27 ग्राट्स बिल्डिंग, आर्थर बन्दर रोड, कोलाबा, बम्बई–5	सी० ए०/76/2590	18–6–87
2.	श्री एम० वी० मोहिते, 1200/बी, गुरु मन्दरपेठ जनगांव दवाडे, जय मावल, जिला पुणे	सी० ए०/85/9349	30–6–87
3.	श्री जे० सी० पाण्डे, 80/50-बी, मालविया नगर, नई दिल्ली–110017	सी० ए० 82/7159	7–8–87
4	श्री एच० ए० फर्नांसावाला पी० ओ० बाक्स, 5032, अब्बू धाबी, यू० ए० ई०	सी० ए०/79/5203	25–9–87
5.	श्री एम० आर० तमशकर 6, सादा बिल्डिंग सुपेला, भिलाई–490023	सी० ए०/75/809	4–2–88
6.	श्री एच० वी० बोरा, आफिस नं० 802, बिल्डिंग नं० 3, नवजीवन सोसाईटी लेमिंगटन रोड, बम्बई–8	सी० ए०/79/5342	22–8–88
7.	श्री एस० वाई० पाटिल, 23, नागिनदास शापिंग सेन्टर, राणा प्रताप चौक, धूले	सी० ए०/84/8597	11–4–88

1	2	3	4
8.	श्री के० जेगीम 90, मॉडल हाउस स्ट्रीट, बंगलौर– 560004	सी० /ए०/75/1790	19–4–88
9.	श्री हरलीन सिंह, ए/ई-24, टैगोर गार्डन नई दिल्ली–110027	सी० ए०/83/7733	22–4–88
10.	श्री एस० डी० सरकार, 157/1/18, आचार्या प्रोफुल्ला चन्द्रा रोड, कलकत्ता–700006	सी० ए०/85/9021	7–6–88
11.	श्री के० जी० खोडसे, 1-जी खाडसे एण्ड एसोसियेटस, 10/राजहंस बिल्डिंग, सामने होटल एवन रुबी नयेगांव क्रास रोड, दादर (पूर्वी), बम्बई–400014।	सी०/ए० 75/624	2–6–88
12.	श्री डी० एल० नवारे, लक्ष्मी भवन, दूसरी मंजिल, धर्मपीठ, नागपुर–440010	सी० ए०/75/1256	27–9–88
13.	श्री ए० पी० आवेरी, सामने, रणमुक्तेश्वर, महादेवजहंससील, अहमदाबाद–382475	सी०/ए०/80/5996	7–11–88

एफ० सं० सि०ए०/47/88:—इस अधिसूचना द्वारा यह सूचित किया जाता है कि वास्तुकला परिषद नियमावली 1973 के नियम 34 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे लिखे वास्तुविदों को उनके मूल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्रों को उनके द्वारा खो देने पर उनके बदले में उनके द्वारा नामों के आगे लिखी तारीखों को प्रमाण पत्रों की प्रति लिपि जारी कर दी गई है:—

क्र० सं०	वास्तुविद का नाम व व्यावसायिक पता	रजिस्ट्रेशन नम्बर	जारी करने की तारीख
1	2	3	4
1.	श्री बी० एन० बिन्दू माधवा स्वामी 18/2, आन्दरी रोड बंगलौर–27	सीए/79/4372	10–6–87
2.	श्रीमती सुब्बा एस० पुरोहित, निनाद, 87, शिवाजीपार्क, रनाडे, रोड, दादर, बम्बई–400028	सी० ए/84/8244	15–6–87
3.	श्री बी० ए० देशपुजारी टाउन प्लानिंग एण्ड आर्च, डिपार्टमेंट, न्यू ओखला इण्डस्ट्रीयल, एरिया डिवलमेंट, अथारिटी नोयडा, जिला गाजियाबाद	सी ए/79/4867	15–6–87
4.	श्री ए० के० सी० शाह, अनिल साह एण्ड एसोसियटस, 7, भारत हाउस, 104, अपोलो स्ट्रीट, फोर्ट, बम्बई–400001	सी० ए/75/2138	17–6–87
5.	श्रीमती मिनाक्षी राव एल–11/145–ए, कालका- जी, डी० डी० ए० फ्लैटस, नई दिल्ली–19	सी०ए/83/7390	18–6–87
6.	श्री प्रदीप बी नायक, एच० ई० –133, बान्दिर वार्ड, एस० टी० कुज, टीसवाड़ी, गोआ–5।	जी ए/77/3946	2–7–87
7.	श्री थौमस ए राजन, 32, सर सी० वी० रमन रोड, मद्रास–600018	सी ए/86/808	3–7–87
8.	श्री एन० बी० मिस्त्री, चौकसी बिल्डिंग चौथी बिल्डिंग, नजदीक गाम देवी, टेलीफोन एक्सचेंज, गांव देवी रोड, बम्बई–400007।	सी ए/86/10099	27–5–87
9.	श्री एस० एन० माथुर आरकीटैक्चुरल एसोसिएटस 8–1–383, राष्ट्रपति रोड, सिकन्दराबाद	सी ए/78/2897	6–7–87
10.	श्री आनन्द सागर आरकीटैक्चुरल एसोसियेटस 8–1–383, राष्ट्रपति रोड, सिकन्दराबाद	सी ए 76/2398	6–7–87

1	2	3	4
11.	श्री एम० एल० वर्मा बी–21, शक्तिनगर, एक्सटेंशन, दिल्ली–32	सी०ए०/77/ 3713	7–7–87
12.	श्री बी० पी० नारंग, डायरेक्टोरेट् आरकीटैक्चुरल एण्ड बिल्डिंग सर्विसिस, प्राईवेट बिल्डिंग0028 गायारोने, बुटसथाना,	सी०ए०/75/ 2192	21–7–87
13.	श्री बी० बी० मेहता, 548, डा० बी० ए० रोड, गौतम निवास, पहली मंजिल, भटूंगा, बम्बई–400019	सी०ए०/75/ 2459	21–7–87
14.	श्री सी० बी० बांडेकर, 40, वीर नरीमन रोड, फोर्ट, बम्बई–23	सी०ए०/77/ 4091	21–7–87
15.	श्री ए० वी० स्वासरा– भंजारे "जैप", 71, शंकर नगर, नागपुर–10	सी०ए०/78/ 4617	6–7–87
16.	श्री एच० के० अग्रवाल, ई–21-ए, शंकर मार्केट, कनाट सर्कस, नई दिल्ली–1	सी०ए०/78/ 4602	23–7–87
17.	श्री पी० समबामूर्ति 1–1–29814, पहली मंजिल, अशोक नगर, हैदराबाद	सी०ए०/80/ 5581	23–7–87
18.	श्री आर०पी० चर्नीवाला, रावलपिण्डी वाला बिल्डिंग "बी" ब्लाक फ्लैट नं० 5, पहली मंजिल, त्रिभुवन रोड, बम्बई	सी० ए०/80/ 5516	30–7–87
19.	श्री बी०बी० भट्टाचार्य, 3ए, देशप्रिय पार्क रोड, कलकत्ता–700026	सी०ए०/75/ 1520	30–7–87
20.	श्री परमजीत सिंह 3087, सैक्टर 35-डी, चण्डीगढ़	सी०ए०/80/ 5671	31–7–87
21.	श्रीएस०वी० चैम्बूरकर मार्फत एस०जे० जुकार 58–60–ए, 109, मधुवन सोसाइटी, एस०वी० रोड, गोरेगांव पश्चिम, बम्बई–62	सी०ए०/77/ 4139	3–8–87
22.	श्री बी०एस० कस्तुरिया, 80, शेख सराय, नई दिल्ली–67	सी०ए०/77/ 3969	4–8–87
23.	श्री प्रवीन अरोड़ा, 276, बसन्त सेंटर, नई दिल्ली	सी०ए०/82/ 7047	6–8–87
24.	श्री एम० बी० गोगटे, 7 राजवैभव परांजपे "बी" स्कीम, रोड नं०–1, विलेपारले (पूर्वी), बम्बई–400057	सी०ए०/75/ 1948	17–8–87
25.	श्री महेश कुमार, डी ई–6, आई०टी०पी०एल० सोसाईटी इंजीनियर्स एन्क्लेव, प्रीतमपुरा, दिल्ली–34	सी०ए०/76/ 2931	17–8–87
26.	श्री ए०एस० देवपुजारी, 32, एल०आई०सी० कालोनी, अमरावती (महाराष्ट्रा स्टेट)	सी०ए०/76/ 3170	17–8–87
27.	श्री के० के० मजूमदार, बी०बी०–49, साल्ट लेक, कलकत्ता	सी०ए०/76/ 3196	19–8–87
28.	श्री एस० जी० कनाडे 272, लक्ष्मी भवन, रूम नं० 38, एन०सी० केलकर रोड, बम्बई–28	सी०ए०/84/ 8678	19–8–87

1	2	3	4
29.	श्री जे० एम० फरोज, 104, सिनेहालय, चुलाना रोड, मानिकपुर, पोस्ट-आफिस वराई रोड, जिला थाना	सी०ए०/77/ 3961	4-8-87
30.	श्री ए०आर० देशमुख, 415 (24एम० आई०जी०) हाउसिंग कालोनी, ईस्ट हाई कोर्ट रोड, रामदासपेट, नागपुर-440010	सी०ए०/81/ 6561	2-9-87
31.	श्री आर०आर० मिस्त्री, "शिल्पायतन" 20ए, योगेर आश्रम सोसाइटी, अहमदाबाद-380015	सी०ए०/75/ 1626	8-9-87
32.	श्री बी०एच० राठी नं० 16/16, बिन्नी केसेंट, बेनसेन टाउन, बंगलौर-46	सी०ए०/76/ 2579	15-9-87
33.	श्री ए०के० कटारिया, एच०आई०जी०-4, त्रिवेणी काम्पलैक्स, भोपाल	सी०ए०/83/ 7605	16-9-87
34.	श्री दिनेश खेमानी ई-I/167, अरेरा कालोनी, भोपाल	सी०ए०/84/ 7606	16-9-87
35.	श्री आर० ससांक, नं० 13, तीसरी मैन रोड, गांधी नगर, अडियार, मद्रास-600020	सी०ए०/84/ 8426	14-9-87
36.	श्री दर्शन सिंह, डी-82, कीर्ति नगर, नई दिल्ली-15	सी०ए०/77/ 3785	18-9-87
37.	श्री प्रकाश एस० जुब्बे 14, जुब्बे पार्क, शिवाजीनगर, पुने-411005	सी०ए०/86/ 9686	1-10-87
38.	श्री एस० एम० मराठे, 8/60, सी०पी० डब्ल्यू० डी० क्वाटर, इन्दिरा नगर, मद्रास -20	सी०ए०/78/ 4850	6-10-87
39.	श्री एम०के० घोष, 6/3, इकडालिया रोड, कलकत्ता-700019	सी०ए०/77/ 3664	25-9-87
40.	श्री ए०के० कुन्डु, 18010, वैलय विस्ता बिव्ड इनसाईना, कैलीफार्निया-91316 यू०एस०ए०	सी०ए०/75/ 2087	20-10-87
41.	श्री सी०आर० कदम, वियास बिल्डिंग, काल कोपरगांव, जिला-अहमद नगर, 423601 ।	सी०ए० 80 6035	28-9-87
42.	श्रीमती लिल्ली राय (नी लिल्ली सेहगल), 1, सिकन्दरा रोड, मण्डी हाउस, नई दिल्ली	सी०ए०/83/ 7714	29-10-87
43.	श्री पी०के० आहूजा, डी-61, हौज खास, नई दिल्ली	सी०ए०/85/ 9033	26-10-87
44.	श्री आर० एन० कुलकरणी, नजदीक पटवारी कालोनी, एट एण्ड पोस्ट अमलनेर जिला जलगांव (महाराष्ट्रा)	सी०ए०/75/ 556	6-11-87
45.	श्री सुरेश सी० गोयल, एस०-83, पंचशिला पार्क, नई दिल्ली-17	सी०ए०/75/ 205	20-11-87
46.	श्रीमती उमा अग्रवाल 10, न्यू राजधानी एन्क्लेव, दिल्ली-92	सी०ए०/85/ 9142	24-11-87

1	2	3	4
47.	श्री एम० आई० शेख डिप्टी चीफ आर्कीटैक्ट एल० आई० सी० आफ इण्डिया सेन्ट्रल आफिस, जीवन बीमा मार्ग, बम्बई	सी०ए०/77/ 3666	25-11-87
48.	श्रीमति नमिता डे एफ 53/2, करुणामयी हाउसिंग इस्टेट, साल्ट लेक सिटी, कलकत्ता-700009	सी०ए०/82 7025	26-11-87
49.	श्री प्रदीप कुलकरणी 82-ए, 23 क्रास राजाजी नगर, बंगलौर	सी०ए०/83/ 7539	26-11-87
50.	श्री गुरदेव सिंह 807, सेक्टर 16डी, चण्डीगढ़	सी०ए०/86/ 10119	26-11-87
51.	श्री सी०वी० जोशी सामने, हमामस पोल बजवाड़ा बड़ोदा-390001	सी०ए०/80/ 5590	15-12-87
52.	श्री जी०सी०मित्रा आर०-53, ग्रेटर कैलाश पार्ट-1, नई दिल्ली-48	सी०ए०/78/ 4591	22-12-87
53.	श्री डी०बी० सैन, 28, सत्या लक्ष्मी काप रेटिव हाउसिंग सोसाइटी लि०, 29, पार्टेन सागर चेम्बूर बम्बई-400059	सी०ए०/81/ 6514	22-12-87
54.	श्री विनोद के० अग्रवाल 187, अब्बू लेन, मेरठ कैन्ट	सी०ए०/75/ 2108	23-12-87
55	श्री एस०ज० पॉल 204, मंदाकिनी एन्क्लेव, नई दिल्ली-19	सी०ए०/89 5756	23-12-87
56.	श्रीमति शकुन्तला चौधरी 108 ई, धर्मपुर देहरादून (यू०पी०)	सी०ए०/81/ 6631	28-12-87
57.	श्री आर०डी० गडकारी 11/11, शिवपुरी, कालोनी, सियोन-ट्रोम्बे रोड, चेम्बूर बम्बई-400071	सी०ए०/80/ 5981	29-12-87
58.	श्री एच०एस० शिव-शंकरा शारदा 1410 पौंच क्रास बनासंकारी 1 स्टेज बंगलौर-560050	सी०ए०/75/ 543	30-12-87
59.	श्री गोतम मजूमदार सी०बी०-57 सी०आर० पार्क, नई दिल्ली-19	सी०ए०/81 6166	5-1-88
60.	श्री एम० जी० रींगे 211-212, पांडव नगर, पटपट गज, सामने मदर डेरी दिल्ली	सी०ए०/75/ 4673	6-1-88
61.	श्री आर० एच० वाडेकर सावित्री निवास, नियर दाता मन्दिर, चान्वानी थाने-1	सी०ए०/75/ 1947	8-1-88
62.	श्री पी०एन० गुप्ता 107, नई राजधानी एंकलेव, विकास मार्ग, नई दिल्ली-110092	सी०ए०/76/ 2880	13-1-87
63.	श्री एम०के० सक्सेना आरकीटैक्ट पी०डब्ल्यू डी० रायल गवरनमेंट आफ भूटान थिम्पुर, भूटान	सी०ए०/76/ 2557	30-7-87

1	2	3	4
64.	श्री एम०एस० शानी 30-बी, 33, तक्षशीला महाकाली कावेस रोड, अंधेरी (पूर्व), बम्बई-93	सी०ए०/82/ 7314	28-1-87
65.	श्री डी०पी० आसार 12/191, रिव हेवन दूसरी मंजिल, गुल मोहर क्रास रोड, जुहू, बम्बई	सी०ए०/75/ 2130	31-12-87
66.	श्री आर० जी० रायते 32, सुखसागर बिल्डिंग गोतम रोड, विरव (पश्चिम) नाल, वासाई, जिला थाने ।	सी०ए०/81/ 6510	25-1-87
67.	श्री प्रवेश घई मार्फत, घई एण्ड एसोसिएट्स, बी०-5/4, सफदरजंग एंक्लेव, नई दिल्ली- ।	सी०ए०/86/ 9977	28-1-87
68.	श्री एम०एम० राजवाडे 264, शाहकार नगर नं० 2, पूने-9	सी०ए०/83/ 7843	2-2-87
69.	श्रीमति छब्बी पोवी 576, शाहीनगर, भुवनेश्वर, डिस्टीक-पुरी ।	सी०ए०/83/ 7418	2-2-88
70.	श्री आर० वी० भिड्डे भोडके बिल्डिंग, अहिल्याबाई चौले, कल्याण ।	सी०ए०/78/4855	5-2-88
71.	श्री एन०ए० डी० वेसाई मेराज अपार्टमेन्ट , रेस कोर्स, सर्कल पश्चिम, बड़ोदरा-7	सी०ए०/77/3493	17-2-88
72.	श्री शंकर नगन चिपलुंकर, 7, वृन्दावन, ताम्बे नगर, सरोजनी नायडू, रोड, मुलुन्ड (वेस्ट), पश्चिम-400080	सी०ए०/81/6157	17-2-88
73.	श्री बी०डी० सुजा एम-181, ग्रेटर कैलाश-II नई दिल्ली-110048	सी०ए०/83/7456	18-2-88
74.	श्री ए० पी० एस० भगत मकान नं० 530, सुदार डब्ल्यू-ए०, चण्डीगढ़ ।	सी०ए०/85/5454	22-2-88
75.	श्री के० के० गुलाटी सी-2-सी/2/9, जनकपुरी, नई दिल्ली-58 ।	सी०ए०/75/1982	29-2-88
76.	श्री एम० जी० भट्ट; 8/121, गवर्नमेंट फ्लैट्स, जाम तेमर रोड, राजकोट ।	सी०ए०/84/7967	10-3-88
77.	श्री राजेश भगत होटल एशियन इन्टर- नेशनल, जन पथ लेन, नई दिल्ली ।	सी० ए०/80/6000	11-3-88
78.	श्रीमती उर्मिला गुहा एच/1517, सी० आर० पार्क, नई दिल्ली ।	सी०ए०/82/6796	15-3-88
79.	श्री जे० पी० खिलानानी 103, निर्माण कुटीर, यारी रोड, वरसोवा, अंधेरी पश्चिमी, बम्बई ।	सी०ए०/76/3057	29-3-88

1	2	3	4
80.	श्रीमती पी० त्रिवेदी एम० एस० एस० होस्टल बजाज, नगर, नागपुर-1	सी०ए०/86/10055	25-3-88
81.	श्री वी० एस० परब 51/सी-10, परिमाल नगर, एस० वी० रोड, गोरेगांव, बम्बई-62	सी०ए०/75/2455	31-3-88
82.	श्री जे० एस० नायरी "परथामेश", फ्लैट नं० बी/2, दूसरी मंजिल, बिल्डिंग नं० 1, 1216, (आई), आफ वीर सावरकर मार्ग, परभादेवी, बम्बई-400028।	सी०ए०/78/4646	31-3-88
83.	श्री वी० आर० ओगले, ई-68,लकोमिया नगर, टी० एच० कटारिया, मार्ग, बम्बई।	सी०ए०/83/7835	21-3-88
84.	श्री तेजवीर सिंह 20, एशियन गेम्स विलज, नई दिल्ली-110049।	सी०ए०/86/10163	21-3-88
85.	श्री सी० पुलहिया वास्तुशिल्पी, आर- कीटक्स एण्ड इंजीनियर आगरा रोड, खमाम- 507001	सी०ए०/77/3543	22-4-88
86.	श्री आर० जे० वाटवे, 9, मधुबन महान्त, को-आपरेटिव सोसायटी प्लाट नं० 31, महन्त रोड, विले पारले (ईस्ट), बम्बई-400057।	सी०ए०/78/4393	4-5-88
87.	श्री सी० जे० विरानी 573, जगदीप विरानी रोड, भावनगर।	सी०ए०/86/10249	30-3-88
88.	श्री पी० एस० म० तलाटी 104, मन्डी अपार्टमेन्ट, मजूरागेट, सूरत (गुजरात)	सी०ए०/75/831	4-5-88
89.	श्री प्रभात गुप्ता, प्रभात गुप्ता एण्ड एसोसि० 1-ता-31, जवाहर नगर, जयपुर	सी०ए०/84/7942	5-5-88
90.	श्री पालाबराम पालामजूमदार 45/4, कालेज घाट रोड, हावड़ा-3।	सी०ए०/82/6784	20-5-88
91.	श्री बी० एल० पंजवानी मकान नं० 343, 29, सिविल लाइन्स, रूड़की।	सी०ए०/83/7336	25-5-88
92.	श्री अलाप रमेश कामदोर, 8/बी, सुदामा सोसायटा, सेन्ट जेवियर्स स्कूल रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद।	सी०ए०/83/7938	26-5-88
93.	श्री आर०यू० डांगे 102/बी, पादरिम, अपार्टमेंट के० धारूरोड, प्रभादेवी, बम्बई-28।	सी०ए०/75/238	7-6-88
94.	श्री वी० यू० मताई, 27, चारोतार सोसायटी, ओल्ड पादरा रोड, बड़ौदा।	सी०ए०/75/6821	4-7-88
95.	श्री एस० वी० वारटक 40/1117, आदर्श नगर, प्रभादेवी, बम्बई-25।	सी०ए०/76/2352	12-7-88

1	2	3	4
96.	श्री ए० के० गायकवाड प्लाट नं० 26, यशवन्त नगर, गेंदामल, सुतारा-415001	सी०ए०/84/8631	12-7-88
97.	श्री जी० एस० एन० गोयल, अजमेरी गेट, दिल्ली ।	सी०ए०/76/2418	25-7-88
98.	श्रीडी० वी० सावंत गुरूदत्ता, आत्माराम मातरे रोड, दहो-सार-पश्चिम, बम्बई-400068	सी०ए०/77/3636	24-5-88
99.	श्री बी० डी० यादव, 249/ए/1/12, नगाला पार्क, कोल्हापुर-416003	सी०ए०/86/10053	3-8-88
100.	श्री आर० जे० बाटलीबाय,,मार्फत वाडिया, बाटीबा एंड एसोशिएट्स 404, ओम चेम्बर्स, कैम्पसकोरनर, बम्बई-400036 ।	सी०ए०/85/9458	2-6-88
101.	श्रीमती ए० बी० यादव 249/ए/1/12, नागाला पार्क, कोलाहापुर-416003 ।	सी०ए०/86/10054	3-8-88
102.	श्री के० के० ग्रोवर 'मेघदूत' आर० सी० दत्त रोड, अल्कापुरी, बडौदा-390085	सी०ए०/76/2637	9-8-88
103.	श्रीमती सुजाता ए० केलकर, एफ-53, कोनकन नगर, लैफ० प्रकाश कोटनिश रोड, महीम, बम्बई	सी०ए०/88/11558	23-8-88
104.	श्री एस० के० ठक्कर 9/बी, शरद अपार्टस, गुलभई टेकरा, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद-380006 ।	सी०ए०/84/8059	29-8-88
105.	श्री आर० आर० कुलकर्णी, 101/1, वेनस-1 बिल्डिंग, फौर बंगलोस, अंधेरी प०, बम्बई-400058 ।	सी०ए०/80/5443	7-9-88
106.	श्री एम० एम० पटेल 30, अशोक नगर शेखेज रोड, अहमदाबाद ।	सी०ए०/81/6664	9-9-88
107.	श्री ए० एम० रोशकार दूसरी मंजिल, रघकुलदीप व्यापार केन्द्रा, भोजी प्रभु चौक, फाडके रोड, डोमबीबिली (ई०)	सी०ए०/75/2211	9-9-88
108.	श्री बी० एन० विजयाकार, 121, एम० जी० रोड, बम्बई-21	सी०ए०/78/4732	9-9-88
109.	श्री माल्या बोस, एम० बोस एण्ड एसोशिएट्स, 6/2, मदन स्ट्रीट, कलकत्ता-700072	सी०ए०/78/4649	18-8-88
110.	श्री प्रमोश जैन सी/6, मोती मार्ग, बापू नगर, जयपुर-302015	सी०ए०/80/5681	19-9-88
111.	श्री एस० वी० जोशी, ए-12, कामदार पार्क, एम० एम० काले मार्ग, दादर, बम्बई-400028	सी०ए०/76/2588	1-9-88

1	2	3	4
112.	श्री दीपक के० वाला 301/302, "वसन्त विला", हरिशंकर जोशी मार्ग, वहीसार (पश्चिम), बम्बई-400068	सी०ए०/85/9447	28-9-88
113.	श्री एस० एल० कुला- हातकर, 1925, सदाशिव पेठ, पुणे-411030	सी०ए०/75/855	29-9-88
114.	श्री एम० बी० सिर- खेदकर, 114, "लक्ष्मी-वैभव" लक्ष्मी नगर, स्कवायर, नागपुर ।	सी०ए०/78/4328	3-10-88
115.	श्रीमती इन्दिरामी घोष 171/2बी, राश बिहारी ऐवन्यू, कलकत्ता-700019	सी०ए०/81/6268	3-10-88
116.	श्री एम० के० देशाई, 22/172, सत्या नगर, उधना-394210	सी०ए०/81/6562	3-10-88
117.	श्री सी० बी० गोंकले 10, "गुलमोहर", विले पारले काला पटरा को-आपरेटिव सोसायटी, एस०बी० रोड० विले पारले (पश्चिम) बम्बई-56	सी०ए०/77/3678	7-1-88
118.	श्री बी० आर० गणेश्वर 16/11, विल्सी क्रिसन्ट रोड़, बेनसन टाऊन, बैंगलोर ।	सी०ए०/79/5133	22-9-88
119.	श्री पी०एस० कलेर पटियाला पी०एस०ई०बी० पटियाला ।	सी०ए०/83/- 7441	10-10-88
120.	श्री एम०सी० दलवी 5/नवरतन, 14, रोड, टी० पी० एस० तीसरा बान्दरा (पश्चिमी) बम्बई-50	सी०ए०/85/ 9288	11-10-88
121.	श्री ए० डी० पारकायस्था ओकलैण्ड, सिलोंग, मेघालय	सी०ए०/82/6942	11-10-88
122.	श्री जे०सी० डिगेह कीर्ति मन्दिर राम बाग लेन नं० 2 कल्याण-421301 ।	सी०ए०/85/9503	12-1-88
123.	श्री एस०पी० ताईवाडे ओ/एस० अशो अटोमोबाईल्स एम० जी रोड सांगली, पिन-416416, (महाराष्ट्रा स्टेट)	सी०ए०/76/3065	17-10-88
124.	श्रीमती कीर्तिडा पी० पटेल 5/1, आजाद नगर सोसायटी, एन० एस० रोड नं० 1 पुष्प वाटिक, विले पारले (पश्चिम) बम्बई-400056 ।	सी०ए०/80/5906	31-10-88
125.	श्री आर०पी० कीरि ई-304, ईस्ट आफ कैलाश नई दिल्ली-110005	सी०ए०/76/2633	17-11-88

के० वि० नारायणा आयंगार,
रजिस्ट्रार ।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

40 वीं वार्षिक रिपोर्ट 1987–88

निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 35 के अनुसार

अध्याय 1

परिचालन वातावरण और परिप्रेक्ष्य

1.01 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (भा० औ० वि० नि०) का निदेशक बोर्ड 30 जून, 1988 को समाप्त हुए वर्ष के लेखा-परीक्षित लेखा विवरण सहित भा० औ० वि०नि० के परिचालनों पर 40वीं रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करता है।

1.02 यह प्रासंगिक ही है कि 1987–88 में भा० औ० वि० नि० की परिचालन गतिविधियों, कार्य प्रगति और कार्य परिणामों की पृष्ठभूमि के रूप में परिचालनात्मक आर्थिक और औद्योगिक वातावरण, नीति सूत्रपातों और संस्थानात्मक परिदृश्य में गतिविधियों और भविष्य के प्रति दृष्टिकोण की संक्षिप्त चर्चा की जाए।

(क) आर्थिक परिदृश्य

1.03 वर्ष 1987–88 के दौरान भारतीय अर्थ-व्यवस्था का कार्य निष्पादन व्यापक सूखे के प्रभाव से ग्रस्त रहा, जो कि लगातार तीन कमजोर मानसून वर्षों के उपरान्त था। सूखे की विकरालता, जो कि अब तक पड़े सूखों में से सबसे भीषण मानी जाती है, इस तथ्य से भी जानी जा सकती है, कि देश में मौसम 35 विज्ञान अंचलों में से 21 में बहुत कम या कोई वर्षा नहीं हुई, जबकि पहले 1965–66 और 1979–80 के सूखे के वर्षों में ऐसे अंचलों की संख्या 19 और 16 थी। तथापि सूखे से पहले वर्षों की तुलना में, इस वर्ष सिवाय कृषि के, आर्थिक व्यवधान बहुत ही सीमित रहा।

1.04 प्राकृतिक आपदाओं की पृष्ठभूमि में जिन ठोस पहलुओं से 1987–88 में आर्थिक निष्पादन में उल्लेखनीय राहत मिली, वे हैं कि (क) कृषि अर्थ व्यवस्था की अन्तर्निहित शक्ति, (ख) राष्ट्रीय आय में कृषि और समवर्गीय उद्योगों के स्थान पर प्रमुख भाग गैर-कृषि, विशेषकर उद्योग और सेवाओं द्वारा जुटाया जाना, (ग) कृषि में व्यवधान होने पर भी औद्योगिक और अन्य गैर-कृषि क्षेत्रों में बढ़ती हुई लचक, (घ) अवस्थापना विकास दर को बनाये रखने की क्षमता (ङ) वर्षों के दौरान हुए संगठनात्मक परिवर्तनों के फलस्वरूप अर्थ-व्यवस्था में विशाखन की जड़ें मजबूत होना। (क) विदेशी व्यापार में स्वस्थ प्रवृत्तियों का उदय, तथा (छ) आर्थिक पर्यावरण में भावी तथा अप्रत्याशित परिवर्तनों के देखते हुए क्रियात्मक आर्थिक प्रबन्ध व्यवस्था की क्षमता।

1.05 कृषि उत्पादन में कमी होने के बावजूद 1987–88 में औद्योगिक उत्पादन सातवीं योजना के दौरान लक्ष्य किए गए 8 प्रतिशत के वार्षिक उत्पादन के काफी समीप रहा। महत्वपूर्ण अवस्थापना क्षेत्र जैसे कोयला खनन, रेलवे, ऊर्जा जनन, सीमेंट, इस्पात, आदि जैसे सभी महत्वपूर्ण अवस्थापना क्षेत्रों में अच्छी प्रगति हुई। 1987–88 में संतोषजनक विदेशी व्यापार कार्य निष्पादन सूखे से आवृत वर्ष के होते हुए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। व्यापार घाटा जिसका 1985–86 में चिन्ताजनक अनुपात था और जिसमें 1986–87 में उल्लेखनीय कमी हुई थी, मुख्यतया पुनरुत्थानशील निर्यात के कारण से 893 करोड़ रुपये से घट गया। सारणी 1, 1986–87 से 1987–88 में प्रतिशत परिवर्तन सहित 1986–87 और 1987–88 दोनों वर्षों के लिए भारतीय अर्थ व्यवस्था के कुछ चुने हुए संकेतक प्रस्तुत करती है।

1.06 एक त्वरित मूल्यांकन के अनुसार भारतीय अर्थ-व्यवस्था में 1979–80 (1970–71 के मूल्यों पर) के पिछले प्रमुख सूखा वर्ष में 4.7 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में 1987–88 (1980–81 के मूल्यों पर) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2 प्रतिशत की वृद्धि-युक्त अनुमानित विकास दर परिलक्षित हुई।

सारणी 1 : भारतीय अर्थव्यवस्था के विशिष्ट सूचक

आधारभूत आर्थिक सूचक	इकाई	1986-87 (अप्रैल-मार्च)	1987-88 (अप्रैल-मार्च)	(1986 की तुलना में) 1987-88 में प्रतिशत अन्तर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
जनसंख्या	मिलियन	770.0	785.6(E)	2.0
सकल राष्ट्रीय उत्पाद (सराउ) (1980–81 मूल्यों के आधार पर)	रु० करोड़	1,61,298	1,64,524(E)	2.0
निवल राष्ट्रीय उत्पाद (निराउ) (1980–81 मूल्यों के आधार पर)	रु० करोड़	1,43,935	1,46,828(E)	2.0
सराउ प्रति व्यक्ति (1980–81 मूल्यों के आधार पर)	रु०	2,094	2,094(E)	

(E–अनुमानित)

1	2	3	4	5
निराउ प्रति व्यक्ति (1980-81 मूल्यों के आधार पर)	रु०	1,869	1,869(E)	
कृषि उत्पादन सूचक	1969-70=100	152 6	144.2	(--)5.5
खाद्यान्न उत्पादन	मिलि० टन	144.1	138.0	(--)4.2
उर्वरक उत्पादन (पोषकों के आधार पर नाइट्रोजन पोटाश खाद)	मिलि० टन	7.07	7.13	0.8
बिजली उत्पादन	बिलियन किलोवाट	187.6	201.8	7.5
कोयला उत्पादन	मिलि० टन	165.8	179.8	8.4
तेल उत्पादन	मिलि० टन	30.5	30.4	(—)0.4
प्राकृतिक गैस का उत्पादन	बिलियन क्यूब० मीटर	7.0	11.3	61.4
सीमेंट उत्पादन	मिलि० टन	36.6	39.3	7.4
तैयार इस्पात उत्पादन	मिलि० टन	9.7	13.0	34.0
रेलवे द्वारा राजस्व-अर्जक माल यातायात	मिलि० टन	277.8	289.0	4.0
प्रमुख बन्दरगाहों पर माल का लदान-उतार	मिलि० टन	124.2	133.7	7.6
औद्योगिक उत्पादन (सामान्य सूचकांक)	1980-81=100	155.1	167.0	7.7
निर्यात	रु० करोड़	12,567	15,719(E)	25.1
आयात	रु० करोड़	20,084	22,343(E)	11.2
व्यापार सन्तुलन	रु० करोड़	(—)7,517	(—)6,624	(+)11.9
विदेशी मुद्रा रिजर्व (स्वर्ण एवं विशिष्ट आहरण अधिकारों को छोड़कर)	रु० करोड़	7,645	7,287	(--)4.7
विदेशी सहायता (संवितरण वर्ष की समाप्ति पर)	रु० करोड़	3,596	4,489	24.8
ऋण शोधन	रु० करोड़	2,029	2,085	2.8
मुद्रा पूर्ति (मुद्रा3)	रु० करोड़	1,40,633	1,61,503	14.8
बैंक प्रदत्त उधार	रु० करोड़	63,308	70,089	10.7
वाणिज्यिक बैंकों की कुल जमा	रु० करोड़	1,02,724	1,17,574	14.5
थोक मूल्य सूचक (औसत)	1970-71=100	376.8	405.1	7.5
औद्योगिक कामगारों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचक (औसत)	1960=100	674	736	9.2
मुद्रा स्फीति दर (उ०मू० सूच-कामगार पर आधारित) (बिन्दु से बिन्दु आधार पर)	(प्रतिशत)	7.5	9.8	

(ख) निवेश वातावरण

1.07 सारणी 2 में 1986 और 1987 में औद्योगिक निवेश वातावरण के चुनिंदा सूचकों के सम्बन्ध में आंकड़े दिए गए हैं :

सारणी 2 : औद्योगिक निवेश वातावरण के चुनिंदा सूचक

सूचक	इकाई	1986 (जनवरी-दिसम्बर)	1987 (जनवरी-दिसम्बर)	1986 की तुलना में 1987 में प्रतिशत अन्तर
1	2	3	4	5
-विदेशी सहयोगी	संख्या	957	853	(-)10.9
-अनुमोदित विदेशी निवेश	रु० करोड़	106.95	107.71	0.7
-जारी किये गये आशय पत्र	संख्या	1,130	989	(-)12.5
-प्रदान किये गये औद्योगिक लाइसेंस	संख्या	618	472	(-)23.6
-तकनीकी विकास महानिदेशालय पंजीकरण	संख्या	1,162	1,201	3.4
-लाइसेंस-मुक्त उद्योगों के लिए औद्योगिक विकास सचिवालय द्वारा अनुमोदन	संख्या	2,387	1,869	(-)21.7
-पूंजी माल निर्यातों	रु० करोड़	1,111	980	(-)11.8
पूंजी निर्गमों के लिए अनुमति (बोनस निर्गम छोड़)	रु० करोड़	6,167	4,825	(-)21.8
-*पूंजी निर्गम (क) शेयर	रु० करोड़	905*	1,370*	51.4
(ख) डिबेंचर	रु० करोड़	3,692*	2,537*	(-)31.3

*उक्त आंकड़े जुलाई-जून आधार पर हैं।

1.08 निस्सन्देह 1987 में निगमित निवेश कार्यवाही के अधिकांश सूचकों में अर्थ व्यवस्था के सभी बड़े क्षेत्रों में कृषि के प्रतिकूल प्रभाव के कारण कमी परिलक्षित हुई लेकिन यह प्रवृत्ति पिछले चार वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में अंकित वृद्धि को रिकार्ड करने के बाद देखने में आई। कुल मिलाकर 1987–88 वर्ष भारतीय निवेश बाजार के लिए परीक्षणों और समायोजनों का वर्ष सिद्ध हुआ। लेकिन सन्तोषजनक पहलू यह रहा, कि सभी अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों अर्थात् भा० औ० वि बैंक, भाऔविनि, भाऔसानिनि, भाऔ पु० बैंक, जीबीनि, भा. यू ट्रस्ट, सा बि नि, रा वि नि तथा राऔवनि द्वारा मंजूर की गई सहायता 1987–88 में 12.7 प्रतिशत बढ़ गई और इसी प्रकार उपर्युक्त वित्तीय संस्थानों द्वारा किए गए संवितरणों में भी पिछले वर्षों के संवितरणों से 17.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

1.09 1987–88 में भारत में स्टाक बाजार की स्थिति कुल मिलाकर आन्तरिक सावधिक और भारी सट्टा बिक्री दबावों और पूरे विश्व में शेयर बाजार में अभूत पूर्व महापरिवर्तन के बावजूद उचित रूप से स्थिर कही जा सकती है। इक्विटी और अधिमान शेयरों के रूप में पूंजी निर्गम, जो कि मुख्यतया बी। पूंजी का काम करते हैं, 1986 87 में 905 करोड़ रुपये से तेजी से बढ़कर वर्ष 1987–88 के दौरान 1,370 करोड़ रुपये हो गए, और वर्ष के दौरान जारी किए गए कुल पूंजी निर्गम के लगभग 35 प्रतिशत रहे जब कि यह वर्ष 1986–87 के दौरान 20 प्रतिशत थे। कम जान-पहचान और अपरीक्षित प्रबन्धक वर्ग वाली नई कम्पनियों में, निवेशक प्रतिभूति निवेशों के बारे में दिन-ब-दिन चुनिंदा होते चले गए, लेकिन विख्यात कम्पनियों के पूंजी निर्गम, निरन्तर अति अभिलं होते रहे। दिलचस्प बात यह है कि केवल कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूंजी निर्गम करने वाली तथा कथित "रातों-रात धनाढ्य" बनने वाली कम्पनियों की संख्या तेजी से घट गई। कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए पूंजी जारी करने वाली ऐसी कम्पनियों की संख्या 1987–88 में केवल 23 रह गई, जबकि 1986–87 में यह 96 थी, और 1985–86 में 279 थी।

1.10 अन्य उल्लेखनीय पहलू यह था कि 13 प्रतिशत ब्याज और 9 प्रतिशत ब्याज (कर मुक्त) दोनों योजनाओं के अन्तर्गत पब्लिक क्षेत्र उपक्रमों द्वारा जारी किए गए बान्ड शक्ति, रेलवे और दूर संचार जैसे अवस्थापना क्षेत्रों में संसाधन जुटाने के लिए एक बड़े और सफल उपकरण के रूप में उभरे।

1.11 शेयर मूल्यों में वर्ष के दौरान काफी उतार-चढ़ाव आया, विशेषकर 1987 की दूसरी छमाही में और 1988 की पहली तिमाही में दि इकनामिक टाइम्स साधारण शेयर सूचकांक (आधार 1984–85–100) 25 मार्च, 1988 को कम होकर 216 रह गया जो कि 8 जनवरी, 1988 को 265 था। लेकिन शेयर मूल्यों में गिरावट 27 अप्रैल, 1988 को राजकोषीय रियायतों की घोषणा से रुक गई। इस प्रकार इकनामिक टाइम्स साधारण शेयर मूल्य सूचकांक 8 जून, 1988 को बढ़कर 272 हो गया। 28 जून, 1988 को इकनामिक टाइम्स साधारण शेयर मूल्य सूचकांक 23 जून, 1987 के 213.7 के स्तर की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक अर्थात 256.6 था।

(ग) औद्योगिक प्रगति

1.12 औद्योगिक उत्पादन का औसत सूचकांक (आधार 1980–81=100) जो 1984–85 में 130.7, 1985–86 में 142.1 और 1986–87 में 1551 था, 1987–88 में बढ़कर अनुमानतः 167.0 हो गया, जिसमें 7.7 प्रतिशत की समग्र वृद्धि दर परिलक्षित हुई, जो कि सातवीं योजना के दौरान 8 प्रतिशत पर लक्ष्य की गई वार्षिक वृद्धि के बहुत समीप थी। अर्थ-व्यवस्था की समग्र हालत को देखते हुए यह विकास दर भयंकर सूखे के वर्ष में और 1984–85 से अत्युत्तम दर के तीन लगातार वर्षों में सबसे ऊपर होने के कारण महत्वपूर्ण उपलब्धि समझी जा सकती है। यह उल्लेखनीय है कि विकास दर 1984–85 में 8.6 प्रतिशत, 1985–86 में 8.7 प्रतिशत और 1986–87 में 9.1 प्रतिशत रही थी।

1.13 1986–87 और 1987–88 के दौरान औद्योगिक उत्पादन की क्षेत्रवार प्रवृत्तियां (क्रमशः वास्तविक और अनुमानित) सारणी 3 में दी गई है।

सारणी 3 : औद्योगिक उत्पादन में क्षेत्रवार प्रवृत्ति

		1980–81=100	
		पिछले वर्ष	प्रतिशत वृद्धि
भार	क्षेत्र	1986–87 (अप्रैल–मार्च)	1987–88 (अप्रैल–मार्च)
(1)	(2)	(3)	(4)
11.46	खान एवं खदान	6.2	3.5
77.11	विनिर्माण	9.3	8.5
11.43	बिजली	10.3ज	7.6
100.00	समस्त उद्योग	9.1	7.7

1.14 उत्पादन क्षेत्र ने 1987-88 में पुनः पर्याप्त लचक दिखाई। इस क्षेत्र में विकास दर 8.5 प्रतिशत रही, जो कि पिछले वर्ष की 9.3 प्रतिशत की तुलना में 0.8 प्रतिशत कम थी। खनन और खदान क्षेत्र में विकास दर में कमी मूलतः 80 के दशक के प्रारम्भ में उल्लेखनीय तरक्की करने के बाद कच्चे तेल के उत्पादन में ठहराव के कारण हुई थी।

1.15 ऊर्जा के क्षेत्र में 1986–87 की तुलना में 1987–88 में, समग्र कम विकास दर, वर्ष के दौरान देश में पड़े सूखे के कारण जल शक्ति जनन में 11.9 प्रतिशत की तेजी से गिरावट के कारण हुई। अन्यथा अणुशक्ति जनन क्षेत्र सहित थर्मल

क्षेत्र में वर्ष के दौरान 15.3 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। देश में थर्मल पावर स्टेशन का संयंत्र भार गुणक 1986-87 के 53.2 प्रतिशत के स्थान पर 1987-88 में 56.4 प्रतिशत रहा। यह भी उल्लेखनीय है, कि नवम्बर 1987 से थर्मल संयंत्रों का मासिक औसत संयंत्र भार गुणक 58 प्रतिशत पावर की राजाध्यक्ष समिति द्वारा सुझाए गये मापदण्ड से निरन्तर ऊपर रहा है। 1987-88 में पावर क्षेत्र में एक अन्य उत्साहजनक पहलू यह रहा, कि वर्ष के दौरान नई संस्थापित क्षमता में वृद्धि करने में कोई चूकें नहीं हुई। 4,916 मेगावाट के लक्ष्य के स्थान पर वृद्धि की गई 4,981 मेगावाट की नई क्षमता सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान किसी एक वर्ष में सबसे अधिक है।

औद्योगिक उत्पादन की प्रवृत्ति

1.16 विनिर्माण के क्षेत्र में रसायन, बिजली मशीनरी, स्वचालित वाहनों तथा अन्य विनिर्माण करने वाले उद्योगों ने 1987-88 के दौरान महत्वपूर्ण उच्चतर विकास दर प्राप्त की। अपेक्षाकृत इलैक्ट्रॉनिक्स सहित बिजली मशीनरी में विकास की उच्च दर का श्रेय शक्ति जनन उपकरण पावर कपेसिटर्स, रेडियो, उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटरों और सूखी तथा गीली बैटरियों के उत्पादन को जाता है। इसके विपरीत मादक पेय, जूट सामान, काष्ठ उत्पाद एवं प्लास्टिक में 1987-88 में गिरावट आई। वस्त्र उत्पादन समूह को छोड़कर और अन्य उप-समूहों अर्थात गैर बिजली मशीनरी, धातु उत्पाद, मूल धातु, अधातु खनिज उत्पाद, चमड़ा कागज, खाद्य उत्पादों ने 1987-88 में 1 प्रतिशत से 7 प्रतिशत की विकास दरें देखी गई।

1.17 चीनी वर्ष 1987-88 के दौरान चीनी उत्पादन 1986-87 के 8.5 मिलियन टन के स्थान पर 9.1 मिलियन टन या इससे अधिक की नई ऊंचाई छूने की आशा है 1987-88 में सीमेन्ट उत्पादन के 39.3 मिलियन टन होने की आशा है, जिसमें पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 7.4 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित होती है। तैयार इस्पात के क्षेत्र में 1986-87 के 9.7 मिलियन टन के उत्पादन की तुलना में 1987-88 में 3.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, क्योंकि उत्पादन 1987-88 में 13 मिलियन टन रहा।

1.18 सूती वस्त्र उद्योग में स्थिति निरन्तर ज्यूं की त्यों बनी रही, क्योंकि पिछले वर्ष की तुलना में उद्योग के समग्र स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ। 1987-88 में वस्त्र मिलों द्वारा धागे (सूती तथा ब्लैंडिड किस्में) का उत्पादन 1,554.9 मिलियन कि० ग्रा० हुआ क्योंकि 1986-87 में 1,526.5 मिलियन कि० ग्रा० था, जिससे कि 1.9 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई। 1987-88 में मिल कपड़े का उत्पादन 3,027 मिलियन मीटर हुआ, जब कि 1986-87 में यह 3,317 मिलियन मीटर था और इस प्रकार इसके उत्पादन में 8.7 प्रतिशत कमी हुई। लेकिन शक्ति चालित करघा और हथकरघा क्षेत्र में कपड़े का उत्पादन 1986-87 के 9,671 मिलियन मीटर के स्थान पर 1987-88 में 10,079 मिलियन मीटर प्रत्याशित था।

1.19 1987-88 के दौरान जूट उद्योग की स्थिति मंद परिचालनों, वित्तीय कठिनाइयों और घरेलू बाजारों के साथ-साथ अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में मांग के कम होने के कारण निराशाजनक रही। 1987-88 में जूट सामान का उत्पादन 11.92 लाख टन था, जब कि 1986-87 में यह 13.92 लाख टन था।

1.20 उद्योग स्रोतों के अनुसार बिजली की कमी एक प्रमुख बाधा बनी रही। यद्यपि बिहार, उड़ीसा, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, और महाराष्ट्र राज्यों में बिजली आपूर्ति स्थिति में पिछले वर्ष के मुकाबले कुछ सुधार हुआ, लेकिन दक्षिणी क्षेत्र के राज्यों को बिजली की सर्वाधिक कमी का सामना करना पड़ा।

1.21 इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 1 में वर्ष 1987-88 के लिए चुनिंदा उद्योगों की संस्थापित क्षमता, उत्पादन और क्षमता उपयोग प्रतिशत तथा उनके सन्दर्भ में, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की 650 वित्त पोषित संस्थाओं से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर समकक्षी आंकड़े दिए गए हैं।

उद्योगों की वित्तीय प्रगति

1.22 उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, लघु इस्पात, संयुक्त वस्त्र मिलों, वस्त्र मशीनरी, हल्के वाणिज्यिक वाहन, कीटनाशक, सीमेन्ट, कागज, पटसन, कांच तथा कांच उत्पाद के क्षेत्र में निजी क्षेत्र, औद्योगिक इकाइयों की वित्तीय प्रगति बिना किसी लाभ के या सीमांत लाभ दर पर पूर्ववत: काफी धीमी रही। विशेषकर, नियंत्रित मूल्य ढांचे के कारण अपनी लागतों और अन्य ऊपरी व्यय को कम करने की अपनी तत्काल अक्षमता के कारण अच्छा निष्पादन नहीं कर सके। लेकिन मूल औद्योगिक रसायनों, गैसों, गैर-बिजली मशीनरी, टायरों, और ट्यूबों, इलैक्ट्रॉनिक्स सहित बिजली मशीनरी, औषधि और फार्मास्युटिकलस्, मोटर साइकिल और स्कूटर, धातु उत्पाद, बाइसिकल और पुर्जे, परिवहन उपकरण, चीनी तथा वनस्पति सहित अन्य उत्पाद करने वाली औद्योगिक इकाइयों की प्रगति कुल मिलाकर सन्तोषजनक रही।

(घ) सरकारी नीतियां

लाइसेंसिंग नीतियां

1.23 औद्योगिक नीति और कार्य विधियों के उदारीकरण की प्रक्रिया 1987-88 में भी जारी रही। दिसम्बर, 1987 की समाप्ति पर कम्प्यूटर सापटवेयर और वायर राड्स के शामिल हो जाने से उद्योगों की 30 विस्तृत श्रेणियां (82 योक औषधि और तत्सम्बन्धी सूत्रीकरण सहित), लघु क्षेत्र या पब्लिक क्षेत्र के लिए आरक्षण, पर्यावरणीय अनुमोदन, शहरी केन्द्रों के समीप स्थल आदि जैसे कतिपय प्रतिबन्धों के अधीन गैर एम० आर० टी० पी० और गैर-फेरा कम्पनियों के लिए लाइसेंस मुक्त हो गई। एम० आर० टी० पी० और

फेरा कम्पनियों के सम्बन्ध में लाइसेंस मुक्त करने की योजना को, जो कि केन्द्रीकृत रूप से घोषित पिछड़े क्षेत्रों में स्थित, 20 उद्योगों या उपक्रमों पर लागू थी, को अक्तूबर, 1987 से 27 उद्योगों को जो परिशिष्ट-1 से सम्बन्धित हैं, और 24 उद्योगों को जो परिशिष्ट-1 से सम्बन्धित नहीं हैं, लागू किया गया। उद्योग (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1951 की अनुसूची IV और V में निर्धारित किए गए अनुसार निवेश की मात्रा का ध्यान किए बिना, लाइसेंस की अपेक्षा करने वाले उद्योगों की सूची 56 से घट कर 27 आ गई।

1.24 पहली अप्रैल, 1988 से सरकार ने सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985-90) की शेष अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादन को अधिकतम करने के दृष्टिकोण से क्षमता के पुनर्पुष्ठांकन की एक नई योजना घोषित की। नई योजना के अधीन लाइसेंसीकृत पंजीकृत क्षमता का पुनर्पुष्ठांकन अप्रैल, 1988 और मार्च, 1990 के बीच किसी भी वित्तीय वर्ष में हुए पिछले उत्पादन के आधार पर स्वतः किया जाएगा।

1.25 पहली अप्रैल, 1988 से आशय-पत्रों की वैधता अवधि बढ़ाकर पांच वर्ष कर दी गई। तकनीकी विकास निधि को इसके अधीन निम्नलिखित के आयात की अनुमति देकर उदार बनाया गया (क) सभी तरह के बड़े उपकरण (ख) तकनीकी जानकारी, (ग) तकनीकी सहायता, (घ) तकनीकी ड्राइंग्स और डिजाइन और (ङ) प्रति वित्तीय वर्ष प्रति इकाई 2 करोड़ रुपये के परिसीमन के भीतर तकनीकी सलाहकारी सेवाएं। नए और अधिक परिष्कृत किस्म के उत्पादों के प्रारम्भ किए जाने से उत्पादन विशाखन उत्पादन मिश्र यौक्तिकरण के लिए भी यह सुविधाएं उपलब्ध होंगी, बशर्ते कि इकाई के औद्योगिक लाइसेंस/पंजीकरण में ये मदें सम्मिलित हों।

1.26 3 जून, 1988 को सरकार ने एक तरफ औद्योगिक विकास को गतिमान करने और दूसरी तरफ देश के पिछड़े क्षेत्रों के उद्योगीकरण में सशक्त प्रोत्साहन देने के दृष्टिकोण से डिलाइसेंसिंग और प्रोत्साहनों के एक बड़े पैकेज की घोषणा की। नई नीति के अधीन, सिवाय उन मामलों के, जहां (क) स्थल शहरी केन्द्रों के समीप हों, (ख) जहां औद्योगिक लाइसेंस का प्राप्त करना आवश्यक हो, या उद्योग विशेष सूची के अन्तर्गत आते हों, (ग) परियोजनाएं आयातित कच्चे माल के लिए विदेशी मुद्रा और वाणिज्यिक उत्पादन के प्रथम वर्ष से एक्स-फैक्ट्री उत्पादन के मूल्य के 30 प्रतिशत से अधिक संघटकों की अपेक्षा करते हों, और (घ) उत्पादन की मदें लघु क्षेत्र या सरकारी क्षेत्र के लिए आपेक्षित न हों, केन्द्रीकृत रूप से घोषित पिछड़े क्षेत्रों में 50 करोड़ रुपये तक की लागत वाली प्रत्येक इकाई और अन्य क्षेत्रों में 15 करोड़ रुपये तक की लागत वाली इकाईयों को स्थापित करने के लिए गैर एम० आर० टी० पी०/गैर फेरा कम्पनियों के लिए औद्योगिक लाइसेंस प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

1.27 पिछड़े क्षेत्रों के उद्योगीकरण को अधिक प्रभावी ढंग से बढ़ावा देने के लिए 'विकास केन्द्रों' के विकास पर बल दिया जाएगा, जिससे पिछड़े क्षेत्रों में नए उद्योगों को आकर्षित करने के लिए चुम्बकीय उत्प्रेरकों के रूप में यह कार्य कर सकें। प्रारम्भ में अगले पांच वर्षों में सारे देश में कम से कम 100 विकास केन्द्रों को निरूपित किया जाएगा। प्रत्येक विकास केन्द्र को अवस्थापना विकास के लिए 25 से 30 करोड़ रुपये तक की निधियां उपलब्ध करवाई जाएंगी।

1.28 पुनः आरम्भ की गई निवेश भत्ता योजना सहित 10 वर्ष की अवधि के लिए लाभ की 20 प्रतिशत की कटौती के रूप में आयकर की धारा 80 ज के अधीन और 8 वर्ष की अवधि के लिए लाभ की 25 प्रतिशत की कटौती के रूप में आयकर की धारा 80झ के भी अधीन उपलब्ध लाभ 'विकास केन्द्रों' में स्थापित और साथ ही अन्य केन्द्रीकृत रूप से घोषित किए गए पिछड़े क्षेत्रों में स्थापित औद्योगिक इकाइयों, दोनों के लिए उपलब्ध होगा। विकास केन्द्रों की स्थापना, वर्तमान पिछड़े क्षेत्रों की विकास योजना, जो कि 30 सितम्बर, 1988 तक बढ़ा दी गई है, के अतिरिक्त है, न कि इसके प्रतिस्थापना में है। पिछड़े क्षेत्रों में स्थापित किए जाने के प्रस्तावित औद्योगिक इकाइयों को कार्यशील पूंजी निधियों में अधिक उधार संव्यवहार प्रदान किए जाने का भी प्रस्ताव है।

1.29 3 जून, 1988 को घोषित प्रोत्साहनों के बड़े पैकेज के बाद ही सरकार ने 30 जून, 1988 को घोषणा की कि एम० आर० टी० पी० अधिनियम के अन्तर्गत आने वाली डामीनेन्ट कम्पनियां औद्योगिक लाइसेंसिंग नीति प्रतिबन्धों से मुक्त होंगी। इस प्रमुख नीति निर्णय से डामीनेन्ट, कम्पनियों, जो कि एक उत्पाद क्षेत्र या सेवाओं में 25 प्रतिशत या अधिक से बाजार भाग के आधार पर प्रमुख उपक्रम कही जाती हैं और उनके पास एक करोड़ रुपये या अधिक की परिसम्पत्तियां है। (अन्य ऐसे अंतरसम्बद्ध प्रमुख उपक्रमों की परिसम्पत्तियों सहित), गैर-एम० आर० टी० पी० और गैर फेरा कम्पनियों के लिए पहले घोषित औद्योगिक लाइसेंसिंग नीति में छूपों लाभ ले सकेंगी। इस निर्णय से लगभग 69 एम० आर० टी० पी० कम्पनियां लाइसेंसिंग जाल से बाहर निकल जाएंगी।

राजकोषीय नीति

1.30 वर्ष 1987-88 के दौरान राजकोषीय नीति भीषण सूखे के कारण उत्पन्न कठिन चुनौतियों के होते हुए भी विकास की गति को बनाए रखने के लिए संघर्ष शील रही। गरीबी दूर करने और एक सशक्त आत्म-निर्भर अर्थ-व्यवस्था का निर्माण करने के मूलभूत उद्देश्यों के अनुरूप 1987-88 के बजट का जोर बचत और निवेश का संवर्द्धन करने वाले पब्लिक क्षेत्र के लिए अतिरिक्त संसाधनों को जुटाने और अर्थ व्यवस्था में उत्पादक शक्तियों को सशक्त करने पर रहा। प्रत्यक्ष कर नियमों से सम्बन्धित बहुत से उपबन्ध प्रत्यक्ष कर विधियां (संशोधन) अधिनियम, 1987 के अधिनियमन से सरलीकृत किए गए। व्यय कर अधिनियम का अधिनियमन किया गया जो कि पहली नवम्बर, 1987 से लागू हुआ। निवल बचतों पर आधारित एक राष्ट्रीय बचत योजना प्रारम्भ की गई। कुछ अपवादों को छोड़कर माडवेक शेष सभी उद्योगों पर लागू किया गया। बहुत से उत्पादों पर उत्पादन शुल्क

और सीमा शुल्क को तर्कसंगत बनाया गया, और चुने हुए उद्योगों में विकास, आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण को गतिमान करने के विशिष्ट उद्देश्य से कुछ मामलों में श्रेणीकृत सीमा शुल्क ढांचे का प्रारम्भ किया गया। सितम्बर, 1987 में, सूखे के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए वित्त जुटाने हेतु विशेष उपाय किए गए। इसके अतिरिक्त सूखे के कारण आवश्यक हो गई आवश्यक वस्तुओं के पर्याप्त अतिरिक्त आयात के वित्तपोषण की सहायता के लिए सरकार ने बाहरी पूंजी जुटाने और संवितरण को गतिमान करने के लिए बहुत से बाह्य सहायता प्रयास किए।

1.31 सरकारी वित्त पर अल्पावधि दबावों के बावजूद राजकीय नीति विकास के लिए अग्रता को बनाए रखने के लिए प्रयास करती रही। 1987–88 के लिए केन्द्रीय योजना की राशि 12.3 प्रतिशत बढ़ा दी गई। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक प्रयास किया गया कि योजना व्यय वचनबद्धताओं में कोई फेरबदल न हो।

साख नीति

1.32 सूखे के आगमन के बाद और कुल मांग व्यवस्था के समग्र उपाय के रूप में 17 अक्तूबर, 1987 को घोषित साख नीति के अनुसार नकद आरक्षित अनुपात 24 अक्तूबर, 1987 में 9.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया। सांविधिक तरलता अनुपात भी 2 जनवरी, 1988 से 37.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 38 प्रतिशत कर दिया गया। चयनित साख नियंत्रण संवेदनशील वस्तुओं पर मुद्रास्फीति दबावों का सामना करने के लिए तिलहनों, वनस्पति तिलों, धान/चावल गेहूं को छोड़कर खाद्यान्न और कपास के मामले में जुलाई, से अक्तूबर, 1987 के बीच पुनः लागू कड़े किए गए।

1.33 साख प्राधिकरण योजना उन ऋणियों के विषय में जिन्होंने साख प्राधिकरण योजना के अधीन निर्धारित नियमों का व्यापकरूप से पालन किया हो, भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना अतिरिक्त सीमाओं की समग्र राशि की अनुमति दिए जाने के उद्देश्य से जुलाई, 1987 में उदार की गई। उन मामलों में, जहां जुलाई, ऋणियों ने साख प्राधिकरण योजना के अधीन नियमों का पालन किया था लेकिन पूरी तरह से नहीं, बैंकों को बढ़ाई गई साख सीमाओं के पूर्व अनुमोदन के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को हवाला भेजे बिना प्रत्येक मामले की परिस्थितियों के अधीन 20 प्रतिशत तक मापदण्डों में छूट देने का विवेकाधिकार दिया गया। 3 माह तक बैंकों द्वारा अस्थायी प्रबन्ध करने की वर्तमान सीमा भी 4 करोड़ रुपये की समग्र सीमा के अधीन वर्तमान पैकिंग साख सीमाओं की अधिकतम 25 प्रतिशत तक और वर्तमान कार्यशील पूंजी (पैकिंग साख से भिन्न) सीमाओं की अधिकतम 10% तक की राशि तक बढ़ाई गई। को बैंकों भी 2 करोड़ रुपय की सीमा के अधीन वर्तमान बिल सीमा के 10% तक की समकक्ष राशि तक अधिकतम 3 माह की अवधि के लिये एक पृथक अतिरिक्त आन्तरिक बिल मंजूर करने की उदारीकृत योजना के अधीन अनुमति दी गई। बैंकों द्वारा सावधि ऋणों की मंजूरी के सम्बन्ध में ऋणियों को निर्धारित सीमा 30 जून, 1988 से एक करोड़ रुपय से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये कर दी गई। बैंकों को भी भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व प्राधिकरण के बिना उपकरण की एक या अधिक मदों (जो कि परियोजना का भाग न हों) के अभिग्रहण के लिए प्रत्येक 25 लाख रुपये तक की राशियों के आवधिक ऋणों/आस्थगित अदायगी मंजूरियों/आस्थगित शर्तों पर स्वीकार्यता सीमाओं की मंजूरी के लिए अनुरोधों पर विचार करने की अनुमति दी गई।

1.34 कृषि और उद्योग दोनों को पर्याप्त साख उपलब्ध करवाने तथा साथ ही अर्थव्यवस्था में सुधार करने के उद्देश्य से 2 अप्रैल, 1988 को अप्रैल से सितम्बर, 1988 की अवधि के लिये साख नीति की घोषणा की गई। नीति के अन्तर्गत नकद शेष की 744 करोड़ रुपये की समग्र राशि, जो वृद्धिशील नकद आरक्षित अनुपात के अधीन जब्त पड़ी थी, 23 अप्रैल, 1988 को जारी कर दी गई, ताकि बैंक खाद्य-साख में मौसमी वृद्धि का वित्तपोषण कर सकें। नकद आरक्षित अनुपात विदेशी मुद्रा अनिवासी/अनिवासी भारतीय जमाराशियों को छोड़े बिना कुल मांग और समय देयताओं को पहले 2 जलाई, 1988 से 105 प्रतिशत से बढ़ाकर 10.5%, तथा 30 जुलाई 1988 से 10.5% से बढ़ाकर 11.0 प्रतिशत कर दिया गया। अल्पावधि फालतू निधियों पर बेहतर प्रतिफल दर उपलब्ध करवाने के दृष्टिकोण से 91 दिन और अधिक लेकिन छः माह से कम के लिए सावधि जमा दर 4 अप्रैल, 1988 से 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत कर दी गई। बैंकों को भी 4 अप्रैल, 1988 से सरकार में गैर-बैंक ग्राहकों और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों के साथ वापसी खरीद व्यवस्था करने से रोका गया। 27 अगस्त, 1988 से बैंकों को इससे पूर्व 1984 के मासिक औसत स्तर के स्थान पर 1986 के मासिक औसत स्तर पर साख में 100 प्रतिशत तक की वृद्धि की सीमा तक निर्यात पुनर्वित्त उपलब्ध करवाये जाने का प्रावधान है।

निर्यात आयात नीति।

1.35 निर्यात संवर्द्धन को नया प्रोत्साहन देने, योजनाओं की बहुतायत को कम करने और उदारीकरण की समयावधि को जारी रखने के मूल उद्देश्यों से 30 मार्च, 1988 को 1988–91 एक नई निर्यात-आयात नीति की घोषणा की गई। नई नीति की शर्तों के अनुसार जीवन-रक्षक उपकरण की 209 मदों, औषधि की 108 मदों और मशीनरी की 99 मदों सहित खुला सामान्य लाइसेंस योजना में 740 मदों को सूचीबद्ध किया गया है। आयात आपूरण योजना के क्षेत्र को विस्तृत किया गया है, और उत्पादन के संशोधित पृष्ठांकन लाइसेंसों को मूल्य आवर्धन के 10 प्रतिशत की निहित लोच की अनुमति दी गई है। 26 मदों का आयात विशाखित कर दिया गया है, और निर्यात और व्यापार घराना योजना को नया रूप दिया गया है। सीमित अनुमत्य और सारणीबद्ध मदों के आयात को लोच को निर्यात घरानों के लिए 10 प्रतिशत तक की और व्यापार घरानों के लिए 15 प्रतिशत तक की अनुमति दी गई है। निर्यात लाइसेंसिग नीति को भी नया रूप दिया गया है और प्रतिष्ठित निर्माता निर्यातकों को स्वदेशी पूंजीगत

माल की उपलब्धता के होते हुए भी पूंजीगत माल के आयात की सुविधा दी गई है । आदेश पर बनाई गई मदों का निर्माण करने वाले पूंजीगत माल उद्योग के लिए पूरक लाइसेंसों के शीघ्रता से अनुमोदन पर विचार करने का प्रावधान है । कच्चे माल और संघटकों का पचास प्रतिशत आवेदन की प्राप्ति पर अब तुरन्त अनुमोदन किया जा सकता है, और पासबुक योजना 15 करोड़ रुपये का औसत लेन-देन करने वाले देशी निर्माताओं को सम्मिलित करने के लिए बढ़ा दी गई है । पासबुक धारकों को मूल्य आवर्धन के 10 प्रतिशत की दर पर अग्रिम उत्पादन के संशोधित पृष्ठांकन लाइसेंसों की विशेष सुविधा दी गई है । और अतिरिक्त लाइसेन्सों को हस्तान्तरणीय बनाया गया है ।

निवेश नीतियां

1.36 डिबेंचर धारकों के हितों की रक्षा के लिए, नियंत्रक पूंजी निर्गम द्वारा मार्गनिर्देश जारी किए गये । ताकि समय पर डिबेंचर धारकों को सेवा देने और उनकी पुनर्अदायगी को समय पर करने हेतु सुविधाजनक बनाया जा सके । यह प्रोत्साहित करने के लिए समीप रूप से धारित कम्पनियां जनता के पास जाएं 1:1 से उच्चतर बोनस निर्गम की सुविधा 3 वर्ष के लिए , अर्थात मार्च, 1990 तक और बढ़ा दी गई है । आयकर अधिनियम की धारा 80गग के अधीन छूट तीन वर्ष के लिए और बढ़ा दी गई । इन शेयरों के लिए छूट प्राप्त करने की धारणा अवधि भी संशोधित करके 5 वर्ष से 3 वर्ष कर दी गई । असंपरिवर्तनीय डिबेंचरों, संपरिवर्तनीय डिबेंचरों और सरकारी क्षेत्र बांडों के ब्याज की दर एक प्रतिशतता बिन्दु कम कर दी गयी । इसी प्रकार अधिमान शेयरों पर लाभांश की दर एक प्रतिशत बिन्दु कम कर दी गई ।

1.37 विदेशी निवेश नीति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ । लेकिन एक करोड़ रुपये तक की लागत वाले विदेशी सहयोग प्रस्तावों को अनुमोदित करने के लिए प्रशासनिक मंत्रालयों को, अन्य बातों के साथ-साथ शक्तियां प्रत्यायोजित की गईं बशर्ते कि प्रस्ताव में कोई विदेशी इक्विटी भागीदारी न हो, आवेदक वर्तमान विदेशी इक्विटी वाली कोई कम्पनी न हो, प्रस्ताव में पहले अनुमोदित सहयोग की अवधि का विस्तार न हो और बाहर जाने वाली कुल अदायगी फैक्ट्री उत्पादन मूल्य के 8 प्रतिशत से अधिक न हो ।

1.38 वर्ष के दौरान पूंजी बाजार के स्वस्थ विकास के लिए लाभों को समेकित करने और पिछले अनुभवों के आधार पर ठोस आधार उपलब्ध करवाने के लिए विशेष उपाय किए गए । शेयर मूल्यों के प्रदर्शन और प्रचार के क्षेत्र में प्रमुख प्रौद्योगिकीय विकास उस समय हुआ, जबकि प्रमुख स्टाक एक्सचेंजों को इलैक्ट्रानिक्स से जोड़ने की योजना को 11 अगस्त, 1987 को प्रारम्भ किया गया । स्टाक बाजार के उचित नियमन और विकास के लिए स्टाक एक्सचेंजों को बहुत से मार्ग-निर्देश ,निर्देश जारी किए गए । अन्य बातों के साथ-साथ ,ये प्रतिभूतियों में उचित व्यापार प्रथा, सूचीकरण मार्ग निर्देशों में संशोधन, सूचीबद्ध कम्पनियों द्वारा गैर लेखा परिक्षित छमाही वित्तीय परिणामों के प्रकाशन आदि को सुनिश्चित करने के लिए स्टाक एक्सचेंजों में निगरानी दस्तों के सृजन से सम्बन्धित है । प्रतिभूति संविदा (विनियमन) नियम, 1957 जुलाई, 1987 में संशोधित किए गए, ताकि कम्पनियों की स्टाक एक्सचेंज के सदस्य के रूप में शामिल किया जा सके । संशोधित नियमों से मर्चेन्ट बैंकिंग सेवाओं को उपलब्ध करवाने वाले या प्रतिभूतियों को खरीदने व बेचने वाले या इसी प्रकार के अन्य कार्य करने वाले सरकारी वित्तीय संस्थानों, उनके सहयोगी संस्थानों और भारतीय स्टेट बैंक का कोई सहयोगी बैंक या किसी राष्ट्रीयकृत बैंक को स्टाक एक्सचेंजों के सदस्य बनने की सुविधा उपलब्ध हुई ।

(ङ) संस्थानात्मक परिदृश्य में गतिविधियां

1.39 संस्थानात्मक परिदृश्य में गतिविधियों के दृष्टिकोण से वर्ष 1987-88 अत्यन्त महत्वपूर्ण रहा । वित्तीय क्षेत्र में निम्नानुसार बहुत से संस्थानों की स्थापना की गई या स्थापना किए जाने के लिए घोषणा की गई ।

— नौवहन विकास निधि समिति के कार्यों को अपने हाथ में लेने और नौवहन एवं मत्स्य ग्रहण उद्योग को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने के दृष्टिकोण से भारतीय नौवहन साख एवं निवेश क० लि० ।

— ऋणी कम्पनियों के मूल्य निर्धारण के माध्यम से निवेशकों को मार्ग दर्शन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से भारतीय साख मूल्य निर्धारण सूचना सेवाएं लि० ।

— अनुदानों और सशर्त ऋणों के माध्यम से वाणिज्यिक अनुसंधान और विकास योजनाओं का वित्तपोषण करने और प्रौद्योगिकीय सूचना सेवा को पंजीकृत करने के दृष्टिकोण से भारतीय प्रौद्योगिकी विकास एवं सूचना लि० ।

— प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं में प्रौद्योगिकी विकास के लिए जोखिम पूंजी सहायता उपलब्ध करवाने के दृष्टिकोण से जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० ।

— स्वदेशी विकसित प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक शोषण के लिए और व्यापक घरेलू उपयोगों के लिए पहले आयातित प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने हेतु भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा संचालित की जाने वाली उद्यम पूंजी निधि । यह निधि प्रौद्योगिकी के आयात के लिए की गई सभी अदायगियों पर लगाए जाने वाले 5 प्रतिशत कर भाग के द्वारा निधिकृत की जाएगी जिसके लिए अनुसंधान एवं विकास कर अधिनियम पहली दिसम्बर, 1987 से लागू किया गया ।

— व्यापार पश्चात् कार्यों को देखने के लिए और शेयर पर्चियों को सुरक्षित अभिरक्षा, शेयरों के परिदान और बिक्री से प्राप्त राशि को एकत्र करने, आदि से सम्बन्धित कार्य को देखने के लिए एक विशेषीकृत एजेन्सी के रूप में भारतीय स्टाक धारण निगम लि० ।

-- मुद्रा बाजार में अल्पकालिक तरलता असंतुलनों में स्थिरता लाने के उद्देश्य से बट्टा, पुनर्बट्टा के कारोबार को करने के लिए, बाजार ग्राहक प्रतिभूतियों एवं खजाना बिलों, व्यापार बिलों, विनिमय बिलों, प्रोनोटों, वाणिज्यिक बिलों, वाणिज्यिक कागज-पत्रों, सहित परक्राम्य लिखितों आदि को खरीदने, बेचने, उनकी हामीदारी करने, अधिग्रहण करने के लिए डिस्काउंट एण्ड फाइनेन्स हाउस आफ इंडिया लि० ।

-- प्रतिभूति बाजार के क्रमिक और स्वस्थ विकास के संवर्द्धन के दृष्टिकोण से और निवेशकों की हित-सुरक्षा के लिए भारतीय प्रतिभूति और विदेशी मुद्रा बोर्ड ।

-- क्षेत्रीय और स्थानीय स्तरों पर विशेषीकृत आवास वित्त संस्थानों का प्रवर्तन और विकास करने के दृष्टिकोण से राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की शर्तों के अनुसार एक सांविधिक निगम के रूप में राष्ट्रीय आवास बैंक, जो कि अतिरिक्त बचतों का बढ़ावा देगा और मकानों के अभिग्रहण के लिए वित्त उपलब्ध करवाएगा ।

-- मई, 1986 में स्थापित लघु उद्योग निधि और अतिलघु क्षेत्र में परियोजनाओं को सहायता उपलब्ध करवाने के लिए अगस्त, 1987 में स्थापित राष्ट्रीय इक्विटी निधि के संचालन करने के उद्देश्य से भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की सहायक संस्था के रूप में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ।

-- ऊर्जा के वैकल्पिक एवं नवीकरणीय साधनों के उपयोग का प्रवर्तन करने, एवं उत्पादकों तथा प्रयोक्ताओं, दोनों को उदार शर्तों पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के प्रयोजन से भारत सरकार, गैर-परम्परागत ऊर्जा विभाग द्वारा सरकारी क्षेत्र के एक उद्यम के रूप में प्रवर्तित भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेन्सी लि० ।

-- भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक और बैंक आफ बड़ौदा द्वारा प्रारम्भ पारस्परिक निधियां ।

-- विकासशील अवस्थापना सुविधाओं की आवश्यकता को पूरा करने और मकानों और फ्लैटों के निर्माण या खरीद के लिए और अन्य सम्बन्धित कार्यों के लिए वित्त उपलब्ध करवाने के दृष्टिकोण से भारतीय यूनिट ट्रस्ट और केनरा बैंक द्वारा प्रवर्तित अवस्थापना लीजिंग और वित्त सेवाएं लि० और कैन फिन होम्स लि० ।

उपर्युक्त से यह प्रतीत होगा, कि वर्ष 1987-88 में संस्थानात्मक अवस्थापन के परिदृश्य में दर्शनीय परिवर्तन हुए । इसके अतिरिक्त लगभग सभी सरकारी वित्तीय संस्थान एवं संस्थायें अपने-अपने सम्बन्धित क्षेत्रों में कई नवोन्मेष योजनाएं लेकर आगे आए ।

1.40 वर्ष के दौरान, संस्थानात्मक परिदृश्य में कुछ अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां यह रहीं—(क) वित्तीय संस्थानों द्वारा अग्रता मापदण्ड की समीक्षा और संसाधनों के आबंटन के लिए मार्गनिर्देशों को अपनाना, (ख) परियोजना वित्तपोषण मार्गदर्शी योजना के प्रसार के माध्यम से विदेशी मुद्रा ऋणों का भी एकल-स्थल निपटान के अधीन लाना, और (ग) विनिमय जोखिम प्रबन्ध योजना के तन्त्र के माध्यम से विनिमय जोखिम प्रबन्ध निधि के सृजन द्वारा विदेशी मुद्रा जोखिमों से विदेशी मुद्रा ऋणों के उप-ऋणियों के संरक्षण के लिए योजना बनाना ।

(ख) सम्भावनाएं और परिप्रेक्ष्य

1.41 पूर्वोक्त सरकारी निर्णय और संस्थानात्मक गतिविधियों के परिप्रेक्ष्य में ऐसा प्रतीत होता है, कि सामान्य आर्थिक पर्यावरण 1988-89 में बचतों और निवेश को बढ़ावा देने और समुचित रूप से उच्चतर औद्योगिक विकास दर, दोनों के लिए अत्यधिक प्रेरक बन गया है ।

1.42 सौभाग्यवश, इस वर्ष मानसून के समय पर आगमन के परिणामस्वरूप वर्षा अच्छी हुई है, और कृषि उत्पादन वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य से अधिक होने की संभावना है । विनिर्माण उद्योग अधिकतर उन्नत अवस्थापना तथा सरकारी नीतियों के कारण 1987-88 के 7 7 प्रतिशत की तुलना में 9 प्रतिशत का उच्चतर विकास दर को प्राप्त हो सकते हैं । शक्ति जनन में जल शक्ति जनन में तेजी से सुधार होने के कारण और अधिक सुधार होने की सम्भावना है, और कुल मिलाकर सेवाएं क्षेत्र माल क्षेत्र के कार्य-निष्पादन और अवस्थापना सुधार मिलकर लगभग 6 प्रतिशत का उच्चतर सहायक विकास कर सकते हैं ।

1.43 इक्विटी में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 1988-89 के केन्द्रीय बजट ने लाभांशों के रूप में अर्जित रु० 3,000/- की सीमा तक विशिष्ट कर छूट प्रदान की है, जो लाभांश और अन्य विशिष्ट सम्पत्तियों के रूप में अर्जित रु० 7,000/- तक की आय के लिए धारा 80ठ के अन्तर्गत पहले ही उपलब्ध लाभ के अतिरिक्त है । आयकर अधिनियम की धारा 80 गग के अधीन लाभ सरकारी क्षेत्र बैंकों या वित्तीय संस्थान द्वारा स्थापित की गई पारस्परिक निधियों में किए गए निवेशों को भी दिए गए हैं । 1988-89 के लिए 28,715 करोड़ रुपये की विनियोजित राशि 1987-88 के अनुमोदित विनियोजन से 16.6 प्रतिशत अधिक है ।

1.44 मूल्यों की दिशा में स्थिति संतोषजनक मालूम पड़ती है । वर्ष 1988-89 की प्रथम तिमाही के दौरान थोक मूल्य सूचकांक में 2.7 प्रतिशत की कम वृद्धि हुई जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 4.4 प्रतिशत थी । पूंजी बाजार स्थिति भी अधिक से अधिक आशावान हो रही है, और सार्वजनिक निर्गमों के प्रति समर्थन में सुधार प्रतीत हुआ है । 1988-89 की प्रथम तिमाही के दौरान विकास के प्रमुख संकेत अर्थ-व्यवस्था में एक सम्भावित लाभप्रद परिवर्तन के संकेत देते हैं ।

1.45 माल और सेवाओं दोनों के निर्यात की सतत और लगातार प्रगति, आयात प्रतिस्थापन पर अधिक बल देने और बेहतर तथा दक्ष संसाधन प्रबन्ध व्यवस्था से अदायगी सन्तुलन स्थिति नियंत्रण में रह सकती है । योजनेतर व्यय पर नियंत्रण रखने के लिए सरकार द्वारा किए गए अनेक उपायों और साथ ही यह सुनिश्चित करने से, कि योजना व्यय वचनबद्धताओं से पृथक कोई व्यय नहीं किया जाएगा, 1988–89 में मुद्रा-स्फीति दबावों के भी नियंत्रण में रहने की पूरी संभावना है ।

1.46 सातवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम तीन वर्षों में कई दबावों के बावजूद यह वास्तव में प्रशंसनीय उपलब्धि है, कि देश ने वास्तविक रूप में 60 प्रतिशत से भी अधिक योजना लक्ष्य प्राप्त कर लिये हैं । यह एक ऐसी उपलब्धि है जो कि पिछली पंचवर्षीय योजनाओं में कभी प्राप्त नहीं हो पाई। सरकार ने पहले ही अधिक प्रभावी स्वायत्तता और उत्तरदायित्व के पर्यावरण का पोषण करने के लिए उपाय करने प्रारम्भ कर दिए हैं । उत्पादन के घटकों की गुणवत्ता में सुधार करने अर्थ-व्यवस्था के संसाधनों की कुशलतापूर्वक खोज और प्रभावी उपयोग, प्रौद्योगिकीय नवोन्मेषों, उद्यमीयता की भावना के विकास, विभिन्न आय समूहों के बीच आय के उचित वितरण, गरीबी और बेरोजगारी दूर करने में और जनता के जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में शनैः शनैः परिवर्तन हो रहे हैं । इनका अर्थ-व्यवस्था पर अपना प्रभाव पड़ना अवश्यंभावी है, जिससे कि अर्थ-व्यवस्था की जीवन-शक्ति और ताकत बढ़ेगी ।

1.47 विश्व अर्थ-व्यवस्था में अप्रत्याशित परिस्थितियों और गतिविधियों को छोड़कर 1988–89 में अच्छी विकास दर की संभावना है । एक अनुमान के अनुसार 1988–89 में सकल राष्ट्रीय उत्पाद में 6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत या इससे भी उच्चतर वृद्धि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है ।

अध्याय 2

परिचालन, संसाधन एवं कार्य-परिणाम

(क) परिचालन

समग्र परिचालन

2.01 वर्ष 1987–88 (जुलाई-जून) के दौरान, भा० औ० वि० नि० की समग्र मंजूरियां, इसकी विभिन्न सहायता योजनाओं के अधीन, पिछले वर्ष पार किये 800 करोड़ रुपये के बिन्दु के स्थान पर 1,300 करोड़ रुपये के बिन्दु को पार कर गईं । ये मंजूरियां 780 परियोजनाओं के सम्बन्ध में 1,350.87 करोड़ रुपये रहीं, जो कि पिछले वर्ष 853.02 करोड़ रुपये की मंजूरियों की तुलना में 58.4 प्रतिशत अधिक थीं ।

2.02 वर्ष के दौरान, कुल संवितरण, पिछले वर्ष के 500 करोड़ रुपये के बिन्दु के स्थान पर 700 करोड़ रुपये को बिन्दु पार कर गये । 730.22 करोड़ रुपये के ये सकल संवितरण पिछले वर्ष के 506.85 करोड़ रुपये के कुल संवितरणों की तुलना में 44.1 प्रतिशत अधिक रहे ।

2.03 उद्योग की ढीली वित्तीय स्थिति होने के बावजूद भी, समग्र रूप से ऋण वसूली अनुपात में 2 प्रतिशतता बिन्दु, का सुधार हुआ । लेकिन, यह 1986–87 की 1 प्रतिशतता बिन्दुओं -वृद्धि और 1985–86 के 7 प्रतिशतता बिन्दुओं के उपरान्त था । वर्ष के दौरान स्थगन/पुनर्सूचीकरण को छोड़कर देय हुई राशियों के सम्बन्ध में औसत प्रतिशत वसूली 88 प्रतिशत रही, जब कि पिछले वर्ष यह 86.8 प्रतिशत रही थी ।

परिचालन गतिविधियां

2.04 औद्योगिक वित्त तथा वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में भा० औ० वि० नि० ने 1986–87 में निम्नलिखित योजनाएं प्रारम्भ की :

— लीजिंग और किराया खरीद संस्थाओं की वित्तपोषण योजना

— उपस्कर लीजिंग योजना

— मशीनरी, उपस्कर तथा कम्प्यूटर निर्माता संस्थाओं को आस्थगित आधार पर वास्तविक प्रयोक्ता-खरीददार संस्थाओं को आस्थगित अदायगी आधार पर अपने उपस्कर बेचने के लिए गैर आवर्ती उधार योजना (पूर्तिकार उधार योजना)

— 100 प्रतिशत निर्यात-उन्मुख इकाइयों सहित निर्यात निष्पादन के आधार पर औद्योगिक इकाइयों तथा होटलों को छूट एवं प्रोत्साहन योजना

— ऊर्जा जांच उप-सहायता योजना

— ऊर्जा संरक्षण योजना के लिए उपस्कर वित्त

2.05 उपर्युक्त नई योजनाओं के प्रारम्भ किए जाने के अतिरिक्त, भा० औ० वि० नि० के परिचालन विकास में जिन गतिविधियों ने उल्लेखनीय योगदान दिया, वे थीं :—

— मध्यम आकार की परियोजनाओं के वित्तपोषण में सम्यता, चाहे इनका वित्तपोषण अकेले अथवा अन्य संस्थानों (I) के साथ मिलकर किया हो ।

— सभी अन्य मध्यम-बड़े तथा बड़े आकार की औद्योगिक परियोजनाओं के सम्बन्ध में एकल-स्थल सेवा दृष्टिकोण से सामूहिक वित्तपोषण अवधारणा का गहन होना ।

— परियोजना वित्त भागीदारी योजना के क्षेत्र तथा आगत में विस्तार जिससे इसमें अब विदेशी मुद्रा ऋणों में समान प्रकार की वित्तीय सहायता भी समाहित है ।

— दस्तावेजीकरण सहित कार्यविधियों एवं प्रक्रियाओं को सुचारू एवं सरल बनाना ।

— परियोजना मूल्यांकन तकनीकों को और बेहतर बनाना तथा बड़ी सामूहिक वित्तपोषण परियोजनाओं के सम्बन्ध में लागत एवं लाभप्रदता प्रक्षेपणों के लिए 'मुद्रास्फीति लेखांक', अवधारणा का प्रारम्भ।

— विभिन्न बैठकों के लिए टिप्पणियां एवं ज्ञापन तैयार करने तथा ऋण दस्तावेजों आदि के निपटान हेतु शब्द संसाधक, लेसर प्रिन्टरों, आदि को अपनाने सहित कम्प्यूटरीकृत परियोजना सूचना तथा अनुवर्तन व्यवस्था का समावेश।

— विशेषकर अग्रणी मामलों में वित्तपोषण संस्थाओं के बैंकरों के साथ बेहतर समन्वय विकसित करना एवं बनाये रखना।

— सभी वित्तपोषित संस्थाओं के सम्बन्ध में उनके स्वास्थ्य तथा स्थिति के अनुसार ए बी सी विश्लेषण अवधारणा के समावेश से अनुवर्तन, ताकि यथाअपेक्षित संस्थाओं के सम्बन्ध में गहन अनुवर्तन एवं अनुवर्ती कार्यवाही पर ध्यान दिया जा सके।

— कार्य के अधिकतम विकेन्द्रीकरण एवं प्राधिकार के प्रत्यायोजन द्वारा बेहतर ग्राहक सेवा पर जोर।

2.06 संस्थानों ने सरकारी मार्गनिर्देशों के परिप्रेक्ष्य में संसाधनों के आवंटन के लिए वर्ष के दौरान अपने अग्रता मापदण्ड की समीक्षा की। भा० औ० वि० बैंक, भा० औ० वि० न० और भा० औ० सा० नि० नि० के वरिष्ठ कार्यपालकों का एक कार्यकारी समूह औद्योगिक परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए निर्यात-उन्मुखता, आयात-प्रतिस्थापना, रोजगार प्रभाव, आदि जैसे मामलों पर निर्णय हेतु मापदण्ड विकसित करने के लिए अथवा मार्गनिर्देशों के परिप्रेक्ष्य में विस्तृत मापदण्डों को निश्चित रूप देने के लिए गठित किया गया।

उद्योग व्यावहार्यता/बाजार अध्ययन

2.07 वित्तीय संस्थानों से अपेक्षा की जाती है, कि वे उद्योगों में ऐसी नई इकाइयां लगाए जाने को प्रोत्साहित करें जिनमें, मांग और आपूर्ति स्थिति को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त क्षमता सृजित किए जाने की गुंजाइश हो। इस सम्बन्ध में, सातवीं योजना की प्राथमिकताओं एवं लक्ष्यों पर भी समुचित बल दिया जाना अपेक्षित है। वित्तीय संस्थानों से यह भी आशा है, कि वे कार्यकुशलता एवं उत्पादकता के मापदण्डों के अनुरूप आर्थिक रूप से व्यवहार्य इकाइयों के विस्तार अथवा विशाखन को प्रोत्साहित करें। इसको ध्यान में रखते हुए, संस्थान समय-समय पर विभिन्न उद्योगों से सम्बन्धित उद्योग, व्यवहार्यता/बाजार अध्ययन करते रहे हैं, ताकि सम्बन्धित क्षेत्रों में नई इकाइयां लगाने के लिए वित्तपोषण अथवा विद्यमान इकाइयों के विस्तार एवं विशाखन कार्यक्रमों को सहायता प्रदान करते समय समुचित नीतियां निर्धारित की जा सकें।

2.08 वर्ष के दौरान, संस्थानों ने उद्योगों में विभिन्न उत्पादों जैसे, सूत कताई, तथा बुनाई, सिरेमिक टाइलें, सीमेंट, मिथाइल इथाइल केटोन, जस्तीकृत स.वी एव जस्तीकृत कोरुगेटिड शीटें, बायोक्सली आधारित पोलीप्रोपलिन फिल्म पोलीकोटेड एल्यूमीनियम फायल, कोल्ड रोल्ड इस्पात प्रोफाइल्स, पेनल उत्पाद, डिस्पोजेबल सीरीजिस, राक-वूल आदि में कई बाजार मूल्यांकन अध्ययन किए। इनमें से कुछ अध्ययन विशेषकर सूत कताई तथा बुनाई, जस्तीकृत सादा और जस्तीकृत कोरुगेटिड शीटें, पोलीकोटिड एल्युमिनियम फायल्स, डिस्पोजेबल सीरीजिस, राक-वूल पेनल प्रोडक्टस, आदि, से सम्बन्धित अध्ययन भा० औ० वि० नि० की अग्रता में किए गए।

सरकार, आदि के साथ विचार-विनिमय

2.09 भा० औ० वि० नि०, सरकार के सभी सम्बन्धित विभागों, योजना आयोग और भारतीय रिजर्व बैंक, भा० औ० वि० बैंक, आदि द्वारा समय-समय पर गठित सभी महत्वपूर्ण समितियों/कार्यकारी समूहों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करता है। यह चीनी, वस्त्र, जूट एवं होटल उद्योगों के आधुनिकीकरण तथा विकास से सम्बन्धित मामलों से भी लगातार सम्बद्ध रहा है। यह जूट आधुनिकीकरण निधि योजना के प्रयोजन के लिए केन्द्र-एजेन्सी, एवं चीनी विकास निधि योजना के अधीन चीनी उद्योग को आधुनिकीकरण सहायता का संवितरण करने के प्रयोजन के लिए सरकार के एजेन्ट के रूप में कार्य कर रहा है। वर्ष के दौरान, भा० औ० वि० नि० ने कागज उद्योग के विभिन्न वित्तीय पहलुओं की समीक्षा करने के लिए उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित समिति में भी प्रतिनिधित्व किया। सभी चीनी इकाइयों के लिए कार्य के कुशलता के मापदण्ड निर्धारित करने एवं नई चीनी परियोजनाओं के लिए प्रोत्साहन योजना बनाने, छठी योजना अवधि के दौरान लाइसेंस दी गई परियोजनाओं के विस्तार के सम्बन्ध में मापदण्ड निर्धारित करने से भी सम्बद्ध रहा। चीनी मिलों के कार्य निष्पादन के अनुसार उनके वर्गीकरण से सम्बन्धित चीनी उद्योग के लिए संस्थानात्मक वित्त में समन्वय विषय पर गठित स्थायी समिति को भी वि औ वि नि ने उल्लेखनीय उपादेय प्रदान किए। भा औ वि नि ने विभिन्न उद्योगों में आर्थिक क्षमताओं का निर्धारण करने के लिए सरकार द्वारा गठित कुछ समितियों में भी प्रतिनिधित्व किया। भा औ वि नि का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय वित्त एवं साख परिषद तथा राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकीय उद्यमीयता विकास बोर्ड में भी है।

आवेदनों की प्रगति

2.10 वर्ष 1987–88 के दौरान भा औ वि नि ने, अपने परियोजना वित्तपोषण कार्यों के ('वित्तीय सेवाओं' के अधीन प्राप्त हुए आवेदनों को छोड़कर) सम्बन्ध में स्वयं अपनी ओर से अथवा संयुक्त वित्तपोषण आधार पर 710 पात्र संस्थाओं से कुल 5,430.57 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता के लिए रिकार्ड संख्या में आवेदनों पर विचार किया 96.33 करोड़ रुपये की सहायता के लिए 19 संस्थाओं के आवेदनों को या तो आवेदकों द्वारा वापस ले लिया गया, अथवा प्रगति के अभाव में या प्रस्तावित परियोजनाओं के व्यवहार्य

न होने के कारण बंद किया हुआ मान लिया गया। वर्ष की समाप्ति पर संयुक्त वित्तपोषण आधार पर कुल 197.07 करोड़ रुपये की सहायता के लिए भा औ वि नि के अग्रणी दायित्व में 42 संस्थाओं (35 संयुक्त वित्तपोषण आधार पर) के आवेदन विचाराधीन थे। वर्ष के दौरान, बाकी 649 संस्थाओं के सभी आवेदनों पर वित्तीय सहायता मंजूर की गई, 96.8 प्रतिशत मामलों में निपटान पूरी सूचना एवं आंकड़ों की प्राप्ति की तारीख से 4 माह से भी कम अवधि में किया गया।

2.11 भा औ वि नि के अग्रणी दायित्व में 42 संस्थाओं के आवेदनों के अतिरिक्त 2,796.90 करोड़ रुपये की समग्र सहायता के लिये 85 संस्थाओं के आवेदन (वित्तीय सेवाओं के अधीन आवेदनों को छोड़कर) भा औ वि बैंक और भा औ सा नि नि के अग्रणी दायित्व में, संयुक्त वित्तपोषण आधार पर, 30 जून, 1988 की स्थिति अनुसार विचाराधीन थे। इनमें भा औ वि नि को भी सम्मिलित किए जाने तथा आगामी समय में भागीदार बनाए जाने की पूरी सम्भावना थी।

2.12 जहां तक आवेदनों की आवती का सम्बन्ध है, भा औ वि नि को अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मिजोरम एवं अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह, तथा लक्षद्वीप के सिवाय, सभी राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों से वित्तीय सहायता के लिए आवेदन प्राप्त हुए। वित्तीय सहायता के लिए सबसे अधिक आवेदन महाराष्ट्र से प्राप्त हुए, और इसके बाद क्रमवार आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और गुजरात का स्थान रहा। उद्योगवार आधार पर, वस्त्र उद्योग से प्राप्त होने वाले आवेदनों का स्थान अग्रणी बना रहा, और उसके पश्चात् रसायन तथा रसायन-उत्पाद बिजली मशीनरी एवं उपकरण (जिनमें इलैक्ट्रोनिक्स शामिल है) लोहा व इस्पात, सीमेंट, चीनी, विविध खाद्य उत्पादों, परिवहन उपस्कर एवं पुर्जे, सिन्थेटिक रेसिन्स तथा प्लास्टिक का स्थान रहा।

मंजूरियां संवितरण और बकाया

2.13 भा औ वि नि की परियोजना वित्तपोषण योजनाओं के अंतर्गत कुल निवल मंजूरियां वर्ष के दौरान (रद्द की गई मंजूरियों के पश्चात) 649 संस्थाओं की 743 परियोजनाओं के लिए 1,267.34 करोड़ रुपये की रहीं, इनके अतिरिक्त 13 लीजिंग तथा किराया-खरीद संस्थाओं को 10.50 करोड़ रुपये पूंजीकार उधार योजना के अधीन 22 संस्थाओं को 57.96 करोड़ रुपये एवं उपस्कर लीजिंग योजना के अधीन 2 संस्थाओं को 15.07 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई।

2.14 1987–88 में, भा औ वि नि ने परियोजना वित्तपोषण के अधीन 712.05 करोड़ रुपये, पूंजीकार उधार योजना के अधीन 3.10 करोड़ रुपये एवं उपस्कर लीजिंग योजना के अधीन 15.07 करोड़ रुपये के संवितरण किए।

2.15 संचयी रूप से, जून, 1988 की समाप्ति तक भा औ वि नि द्वारा इसकी विभिन्न योजनाओं के अधीन 2,857 परियोजनाओं को कुल 5,305.63 करोड़ रुपये की मंजूरियां दी जा चुकी थीं। 30 जून, 1988 तक समग्र संवितरण 3,612.14 करोड़ रुपये के रहे थे, जिसमें से नकद संवितरण, अर्थात, परियोजना वित्तपोषण योजना के अधीन दी गई गारंटियों को छोड़कर, 3,540.97 करोड़ रुपये के रहे।

2.16 30 जून, 1988 की स्थिति के अनुसार ऋणी संस्थाओं द्वारा निवल पुनर्भुगतान के पश्चात बकाया सहायता 2,867.73 करोड़ रुपये थी।

1987–88 में परियोजना वित्त के अधीन सहायता का उद्देश्यवार वर्गीकरण

नई परियोजनाओं को सहायता

2.17 1987–88 में भा औ वि नि द्वारा 1,267.34 करोड़ रुपये की कुल परियोजना वित्त सहायता में से, 47.4 प्रतिशत (600.76 करोड़ रुपये) 192 नई परियोजनाओं को मिले। पिछले वर्ष नई परियोजनाओं को मंजूर की गई सहायता से यह 16.8 प्रतिशत अधिक थी। इसमें से 15 परियोजनाओं की प्रत्येक की पूंजी लागत 3 करोड़ रुपये तक थी, 47 परियोजनाएं अलग-अलग 3 करोड़ रुपये से 5 करोड़ रुपये की पूंजी लागत के बीच की थी, 57 परियोजनाओं की, प्रत्येक की पूंजी लागत 5 करोड़ रुपये से 10 करोड़ रुपये के बीच थी, 37 परियोजनाओं की प्रत्येक की पूंजी लागत 10 करोड़ रुपये से 20 करोड़ रुपये के बीच थी, और 36 परियोजनाएं ऐसी थीं जिनकी पूंजी लागत प्रति परियोजना 20 करोड़ रुपये से अधिक थी।

(ख) विस्तार एवं विशाखन योजनाओं के लिए सहायता

2.18 1987–88 में विस्तार एवं विशाखन कार्यक्रमों के लिए 70 परियोजनाओं को 198.17 करोड़ रुपये (परियोजना वित्त के अधीन कुल मंजूर सहायता का 15.6 प्रतिशत) की सहायता प्राप्त हुई। यह सहायता, पिछले वर्ष इसी प्रयोजन के लिए मंजूर की गई सहायता से 184.83 प्रतिशत अधिक थी।

(ग) आधुनिकीकरण कार्यक्रमों के लिए सहायता

2.19 वर्ष के दौरान, आधुनिकीकरण प्रयोजनों के लिए 218 परियोजनाओं को 246.68 करोड़ रुपये (परियोजना वित्त के अधीन कुल सहायता का 19.5 प्रतिशत) की सहायता मंजूर की गई, जबकि यह 1986–87 में 135 परियोजनाओं के लिए 128.71 करोड़ रुपये था। इसमें 91.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। परियोजना संख्या वार आधार पर भी पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 61.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

2.20 1987–88 के वर्ष में उदार ऋण योजना के अधीन 88 परियोजनाओं को 127.50 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई, जबकि पिछले वर्ष यह 61 परियोजनाओं के लिए 58.20 करोड़ रुपये रही। मात्रा वार आधार पर यह सहायता पिछले वर्ष की मंजूरियों से 119.1 प्रतिशत अधिक थी।

2.21 वर्ष के दौरान, उदार ऋण योजना के क्षेत्र को, विशेषकर योजना के अधीन उल्लिखित उपस्कर आयु मानद ड में उदारता प्रदान की गई। योजना के अधीन (क) 2,500 टन दैनिक गन्ना पेरने की क्षमता तक प्रासंगिक विस्तार करने के साथ आधुनिकीकरण कार्यक्रम को कार्यान्वित करने वाली चीनी इकाइयों, (ख) मैम्बरेन सैल टैक्नालॉजी अपनाने वाली कास्टिक सोडा इकाइयों एवं (ग) वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना के अधीन वस्त्र इकाइयों के सम्बन्ध में रियायती शर्तों पर दी जाने वाली सहायता 4 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 6 करोड़ रुपये कर दी गई। चीनी और वस्त्र के मामलों में धारणकारी कम्पनियों को तथा कई इकाइयों का परिचालन करने वाले राज्य निगमों को इकाई वार आधार पर 6 करोड़ रुपये तक की सीमा अनुमत्य की गई।

2.22 बाद में समीक्षा किए जाने की शर्त के अधीन पहली अगस्त, 1986 से 2 वर्ष के लिए प्रारम्भ की गई वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना ने वर्ष के दौरान काफी तेजी पकड़ी। योजना के अधीन भा औ वि नि द्वारा 84 इकाइयों को 59.60 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई, जबकि पिछले वर्ष यह 49 इकाइयों को 33.36 करोड़ रुपये मंजूर की गई थी। इसमें वर्ष के दौरान 78 7 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

2.23 1 नवम्बर, 1986 को प्रारम्भ की गई जूट आधुनिकीकरण निधि योजना ने भी वर्ष के दौरान काफी तेजी ग्रहण की। 1987–88 में जूट आधुनिकीकरण निधि योजना के अधीन 8 इकाइयों को 16.10 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई, जबकि पिछले वर्ष केवल एक इकाई को 0.98 करोड़ रुपये मंजूर किए गये थे। योजना को इतना अच्छा प्रोत्साहन प्राप्त होने का कारण संस्थागत तथा सरकारी स्तरों पर योजना की लगातार समीक्षा किया जाना है।

(घ) स्वतः ऋण-व्यवस्था, पुनःस्थापित सहायता, आदि सहित अधि-व्यय सहायता

2.24 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में स्वतः ऋण व्यवस्था योजना का उल्लेख किया गया था, जिसे उन औद्योगिक इकाइयों की कठिनाइयों को दूर करने के प्रयोजन के लिए एक निश्चित अवधि हेतु प्रारम्भ किया गया था, जिन्हें 1 मार्च, 1987 से पूर्व वित्तीय संस्थानों द्वारा सहायता मंजूर की गई थी और उस तारीख से पूर्व उनकी पूंजी लागत और/अथवा उपस्कर की सीमा शुल्क से व्यक्त नहीं किया गया था, तथा जिसके फलस्वरूप सीमा शुल्क दरों में वृद्धि होने के कारण परियोजना की पूंजी लागत में अधि-व्यय हो गया था। योजना के अधीन, अधि-व्यय की सहायता की अतिरिक्त संदेय सीमा-शुल्क के 90 प्रतिशत की सीमा तक अथवा अधिकतम 5 करोड़ रुपये स्वतः आधार पर रुपया ऋणों के रूप में प्रदान किया जाता था। योजना 30 सितम्बर, 1987 को बंद हो गई, लेकिन उन मामलों में जिनमें स्वतः ऋण व्यवस्था मंजूर कर दी गई थी, परन्तु उपस्कर 30 सितम्बर, 1987 तक सुपुर्द नहीं हो पाए थे, ऐसी मंजूरियों को सक्रिय रखा गया। वर्ष की अवधि के दौरान योजना के अधीन मंजूर सहायता एवं सामान्य अधि-व्यय सहायता तथा पुनःस्थापित सहायता आदि के रूप में 198 इकाइयों को 154.70 करोड़ रुपये मंजूर किए गए, जबकि पिछले वर्ष 133 इकाइयों को 111.08 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे।

(ङ) उपस्कर वित्त योजना के अधीन सहायता

2.25 उपस्कर वित्त योजना में उल्लेखनीय तेजी आई। योजना के अधीन, 1987–88 में 65 इकाइयों को 67.03 करोड़ रुपये की (परियोजना वित्त के अधीन मंजूर की गई कुल सहायता का 5.3 प्रतिशत) ऋण सहायता मंजूर की गई, जबकि पिछले वर्ष 45 इकाइयों को 29.02 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई थी। मात्रा-वार आधार पर उपस्कर वित्त योजना के अधीन 1987–88 में मंजूर सहायता पिछले वर्ष मंजूर की गई सहायता के दुगुने से भी अधिक थी, और इसमें 131 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

परियोजना वित्त के अधीन भा औ वि नि की सहायता के विशेष पहलू (1987–88)

(i) निगमित अस्पतालों तथा बहु-आयामी स्वास्थ्य केन्द्रों को सहायता

2.26 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में निगमित और सहकारी अस्पतालों/बहु-आयामी स्वास्थ्य केन्द्रों के वित्तपोषण की योजना का उल्लेख किया गया था, जिसे 27 फरवरी, 1987 से लागू कर दिया गया था। वर्ष के दौरान, इस योजना के अधीन प्राइवेट निगमित क्षेत्र में स्थापित किए जाने वाले 6 अस्पतालों को 13.38 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की गई।

(ii) प्रथम पीढ़ी उद्यमियों/अप्रवासी भारतीयों द्वारा प्रवर्तित परियोजनाओं को सहायता

2.27 वर्ष के दौरान वित्तपोषित 192 नई परियोजनाओं में से 28 परियोजनाएं ऐसी थीं, जिन्हें प्रथम पीढ़ी तकनीकज्ञ उद्यमियों अथवा व्यवसायिकों द्वारा प्रवर्तित किया गया था। इन्हें 54.88 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई। इन प्रथम पीढ़ी तकनीक उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित परियोजनाओं का उत्साहजनक लक्षण यह था कि अधिकतर परियोजनाएं इलेक्ट्रॉनिक्स दूर-संचार रसायन, अधातु खनिज उत्पाद, धातु उत्पाद, चमड़ा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य उपस्कर आदि सहित उपस्कर के आधुनिक/उच्च तकनीक आधारित उद्योगों से सम्बन्धित थीं। वर्ष के दौरान, वित्तपोषित नई परियोजनाओं में से सत्रह परियोजनाएं ऐसी थीं जिन्हें अप्रवासी भारतीयों द्वारा प्रवर्तित किया गया था।

(iii) निर्यात उन्मुख परियोजनाओं की सहायता

2.28 किसी औद्योगिक परियोजना की संस्थात्मक वित्तपोषण की उपयुक्तता पर विचार करते समय, वर्ष के दौरान विद्यमान इकाइयों के निर्यात निष्पादन और नई इकाइयों की निर्यात क्षमता पर काफी ध्यान दिया गया। इसी भांति, जिन परियोजनाओं का लक्ष्य आयात प्रतिस्थापन के माध्यम से विदेशी मुद्रा में बचत करना था, उन पर भी विशेष ध्यान दिया गया। वर्ष के दौरान काफी निर्यात दायित्व वाली निर्यात उन्मुख वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या 7 रही, जिन्हें 17.35 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई। इसके अतिरिक्त कई आयात प्रतिस्थापन परियोजनाओं को भी सहायता दी गई।

(iv) विदेशों से प्रौद्योगिकी अन्तरण से सम्बद्ध परियोजनाओं को सहायता

2.29 वर्ष के दौरान 780 परियोजनाओं में से 91 परियोजनाओं को 526.17 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई। इन परियोजनाओं में या तो विदेशी सहयोग और/अथवा विदेशों से प्रौद्योगिकी अन्तरण किया जाना समाविष्ट था। इनमें से 22 परियोजनाओं के सम्बन्ध में तकनीकी तथा वित्तीय दोनों सहयोग अपेक्षित थे, जबकि 69 परियोजनाओं के सम्बन्ध में केवल तकनीकी सहयोग ही अपेक्षित था। जिन देशों से प्रौद्योगिकी प्राप्त की गई, उन परियोजनाओं की संख्या इस प्रकार रही—जापान (17) जर्मन संघीय गणराज्य (12), यू० के० (11), इटली (11), संयुक्त राज्य अमरीका (9), स्विटजरलैण्ड (5), फ्रांस (4) नीदरलैण्ड (4), फिनलैण्ड (3), दक्षिणी कोरिया (3), सिंगापुर (2), ताइवान (2), स्वीडन (2), आस्ट्रेलिया (2), कनाडा (1), स्पेन (1), बेल्जियम (1) और नार्वे (1)। शेष परियोजनाएं देशी रूप से उपलब्ध प्रौद्योगिकियों तकनीकी प्रक्रियाओं आदि, अथवा देश में ही विकसित प्रौद्योगिकियों पर आधारित थीं, जिससे देश की प्रौद्योगिकी की शक्ति एवं क्षमताओं का पता चलता है।

(v) अन्य विशिष्टताएं

2.30 वर्ष के दौरान, भाआवित्रनि द्वारा पहली बार एक पोत मरम्मत कम्पलेक्स के लिए सहायता मंजूर की गई, जो मद्रास की बन्दरगाह में समुद्री पोतों को सूखे में तथा समुद्र में मरम्मत कार्य करने के लिए सुविधारत होगा। इस काम्पलेक्स में 14,000 टन के दो तैरने वाले ड्राई डाक और एक जैटी की व्यवस्था सहित 2,400 टन लिफ्ट क्षमता होगी जहां पर 6,000 डीडब्ल्यूटी तक के जहाजों की पानी में मरम्मत की जा सकेगी। इस परियोजना की स्थापना सिंगापुर की एक बड़ी जहाज निर्माण और जहाज मरम्मत कम्पनी के सहयोग से की जा रही है।

2.31 भाआवित्रनि ने वर्ष के दौरान पहली बार दो ऐसे प्रस्तावों को सहायता मंजूर की, जो निर्माण कार्य के लिए मशीनरी और उपस्कर अधिगृहीत करेंगे। एक प्रस्ताव में विश्व बैंक की सहायता से गुजरात में सरदार सरोवर नर्मदा प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए विदेशों से कुछ भारी धरती धकेल मशीनरी और समवर्गीय उपस्करों का आयात किया जायेगा। सरदार सरोवर नर्मदा परियोजना के अधीन 4,240 करोड़ रुपये की लागत पर 1,210 मीटर लम्बे और 125 मीटर ऊंचे बजरी बांध का निर्माण किया जायेगा, जो लगभग 3.5 मिलियन हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधाएं देगा, तथा 60 प्रतिशत के भार गुणक पर 950 मेगावाट बिजली का उत्पादन करेगा, और इसके साथ ही यहां पर आंशिक बाढ़ नियंत्रण सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। अन्य वित्तपोषित निर्माण उपस्कर प्रस्ताव के अधीन विशाखापटनम् इस्पात संयंत्र, दामोदर घाटी थर्मल संयंत्र तथा खम्मम केमिकल रिफाइनरी (हेवी वाटर संयंत्र) में सिंसटर प्लांट और बायलरों को लगाये जाने से सम्बन्धित थे।

2.32 भाआवित्रनि ने वर्ष के दौरान, तेल और प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा तेल खोज कार्यक्रम के सम्बन्ध में तटीय और अतटीय गहरी ड्रिलिंग के लिए 3 इकाइयों को सहायता मंजूर की। वर्ष के दौरान, भाआवित्रनि द्वारा मंजूर की गई सहायता का अन्य विशेष लक्षण यह रहा, कि तैयार खाद्य सामग्री, फलों के रसों, आदि पर आधारित शीतल पेय, विभिन्न रूपों में फल अभिसंस्करण एवं उनके संरक्षण आदि सहित विविध खाद्य एवं पेय प्रौद्योगिक परियोजनाओं ने काफी महत्व अर्जित किया। वर्ष के दौरान, विशेषकर सूचना प्रौद्योगिकी, दूर-संचार आदि के क्षेत्रों में उच्च तकनीक इलेक्ट्रानिक परियोजनाओं को भी वस्त्र आधुनिकीकरण मामलों के बाद भाआवित्रनि की सहायता में प्रमुख स्थान प्राप्त हुआ। वर्ष के दौरान, वित्तपोषित इन परियोजनाओं में से कुछ ऐसी परियोजनाएं हैं जो कि देश में पहली बार कुछ ऐसे उत्पादों का निर्माण करेंगी जो पहले यहां नहीं बनते थे, उदाहरणतया, फाइबर आप्टिक संचार उपस्कर, मैराइन फाइबर, तारे, मारगेराइन, राड बूल, पीवीसी के ठोस दरवाजे और खिड़कियां, जंग रहित वेक्यूम फ्लास्क, वायर-लाइन लागिंग, बेबी डायपर्स, क्रोम टेनिंग के व्यर्थ के उपयोग द्वारा चमड़े के बोर्ड आदि। वर्ष के दौरान, भाआवित्रनि द्वारा वित्तपोषित कई अन्य परियोजनाएं इंधन बचत, बिजली बचत प्रौद्योगिकी, ऊर्जा के वैकल्पिक एवं नवीकरणीय संसाधनों, के उपयोग उप उत्पादों अथवा व्यर्थ माल के पूर्ण उपयोग, अथवा पहली बार देश में ही बेहतर तथा सुधरी हुई प्रौद्योगिकी विकसित करने से सम्बद्ध थीं।

भाआवित्रनि द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की निधिकरण पद्धति (1987-88)।

2.33 1987-88 में भाआवित्रनि के कार्यों से सम्बन्धित, 607 परियोजनाओं (1987-88 के दौरान पूर्णतया परियोजनाओं की लागत, अधि-व्यय, आदि, के रूप में अतिरिक्त सहायता मंजूर 136 मामलों को छोड़कर) की निधिकरण पद्धति के सम्बन्ध में किए गए एक अध्ययन के अनुसार पता चलता है, कि भाआवित्रनि की सहायता इन परियोजनाओं

के लिए 7,176.72 करोड़ रुपये के निवेश को उत्प्रेरित करने में समर्थ रहा है, जिसका विवरण परिशिष्ट-II में दिया गया है।

भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित नई, विस्तार तथा विशाखन परियोजनाओं का प्रत्यक्ष आर्थिक योगदान (1987-88)

2.34 1987-88 में भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित 262 नई, विस्तार/विशाखन परियोजनाओं के एक अध्ययन से पता चलता है, कि भाऔविनि की सहायता, वर्ष के दौरान, विभिन्न उद्योगों में काफ़ी क्षमताएं सृजित करने में समर्थ रही है। इन परियोजनाओं से 54,970 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार दिए जाने की संभावना है। इन परियोजनाओं द्वारा दिए जाने वाले वार्षिक उत्पादन का मूल्य 4,843.42 करोड़ रुपये आंका गया है। सकल मूल्यवृद्धि 2120.96 करोड़ रुपये होने की संभावना है जो इन परियोजनाओं द्वारा देश के सकल राष्ट्रीय उत्पाद में अंशदान का द्योतक है। इस सम्बन्ध में, विस्तृत विवरण परिशिष्ट-III में दिया गया है।

सहायता का योजनावार वर्गीकरण

2.35 औद्योगिक वित्तपोषण के क्षेत्र में भाऔविनि अब कई योजनाएं चला रहा है। 1987-88 के दौरान मंजूर की गई प्रमुख सहायता का योजनावार वर्गीकरण एवं 30 जून, 1988 को संचयी स्थिति सारणी 4 में दी गई है।

सारणी 4 : मंजूर एवं संवितरित सहायता का मुख्य योजना-वार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

वित्तपोषण योजना	1987–88 (जुलाई–जून)			30 जून, 1988 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
परियोजना वित्त	743	1,267,34	712.05	2,820	5,222.10	3,593.97
लीजिंग एवं किराया-खरीद संस्थाओं को सहायता	13	10.50	—	13	10.50	—
पूर्तिकार उधार योजना	22	57.96	3.10	22	57.96	3.10
उपस्कर लीजिंग	2	15.07	15.07	2	15.07	15.07
जोड़	780	1,350.87	730.22	2,857	5,305.63	3,612.14

सहायता का सुविधावार वर्गीकरण

2.36 1987-88 में मंजूरियों और संवितरणों का सुविधावार (अर्थात्, विभिन्न योजनाओं के अधीन समग्र सहायता को चार अलग-अलग शीर्षकों, अर्थात्, रुपया वित्त, विदेशी मुद्रा वित्त, गारंटियां एवम् उपस्कर लीजिंग के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है) वर्गीकरण एवम् 30 जून, 1988 तक संचयी तथा इसी तिथि के अनुसार बकाया राशियों का विवरण सारणी 5 में दिया गया है।

सारणी 5 : मंजूरियां, संवितरणों तथा बकाया का सुविधा-वार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

सुविधा	1987 88 (जुलाई जून)		30 जून, 1988 तक संचयी		30 जून, 1988 को बकाया
	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)	(रु०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रुपया वित्त					
—रुपया ऋण	1020.10 (75.5%)	577.27 (79.0%)	3,865.89 (72.9%)	2,853.09 (79.0%)	2,258.41 (78.8%)
—हामीदारी	58.95 (4.4%)	12.44 (1.7%)	321.78 (6.1%)	76.70 (2.1%)	52.26 (1.8%)
—प्रत्यक्ष अभिदान	15.16 (1.1%)	10.61 (1.5%)	39.36 (0.7%)	28.41 (0.8%)	44.27* (1.5%)
उप-जोड़	1,094.21 (81.0%)	600.32 (82.2%)	4,227.03 (79.7%)	2,957.70 (81.9%)	29) ,54.3 (82.6%4

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदेशी मुद्रा ऋण	220.24 (16.3%)	110.42 (15.1%)	929.14 (17.5%)	568.20 (15.7%)	474.80 (16.6%)
उप-जोड़	220.24 (16.3%)	110.42 (15.1%)	929.14 (17.5%)	568.20 (15.7%)	474.80 (16.6%)
गारंटियां					
—आस्थगित अदायगियों हेतु	12.78 (1.0%)	— —	84.45 (1.6%)	38.86 (1.1%)	12.40 (0.4%)
—विदेशी ऋणों हेतु	8.57 (0.6%)	4.41 (0.6%)	49.94 (0.9%)	32.31 (0.9%)	10.52 (0.4%)
उप-जोड़	21.35 (1.6%)	4.41 (0.6%)	134.39 (2.5%)	71.17 (2.0%)	22.92 (0.8%)
उपस्कर लीजिंग	15.07 (1.1%)	15.07 (2.1%)	15.07 (0.3%)	15.07 (0.4%)	15.07 (0.5%)
उप जोड़	15.07 (1.1%)	15.07 (2.1%)	15.07 (0.3%)	15.07 (0.4%)	15.07 (0.5%)
जोड़	1,350.87 (100.0%)	730.22 (100.0%)	5,305.63 (100.0%)	3,612.14 (100.0%)	2,867.7 (100.0%

ऋणों/डिबेन्चरों के शेयरों तथा डिबेन्चरी के संपरिवर्तन से माध्यम के धारित शेयर/डिबेन्चर शामिल हैं।
टिप्पणी कोष्टकों में दिए गए आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के सूचक हैं।

2.37 पहले की भांति, 1987-88 में भी रुपया वित्त (ऋणों, हामीदारियां तथा प्रत्यक्ष अभिदान के रूप में) 81.0 प्रतिशत भाग प्राप्त कर प्रमुख स्थान पर रहा। इसके बाद विदेशी मुद्रा ऋण (16.3 प्रतिशत) और गारंटियां (आस्थगित अदायगियों तथा विदेशी मुद्रा ऋण दोनों के लिए)—1.6 प्रतिशत एवम् उपस्कर वित्त (1.1 प्रतिशत) का स्थान रहा। संचयी सहायता निवेश में भी कुल मिलाकर ऐसी ही स्थिति रही, अर्थात्, रुपया वित्त—79.7 प्रतिशत, विदेशी मुद्रा ऋण—17.5 प्रतिशत, गारंटियां—2.5 प्रतिशत और उपस्कर लीजिंग—0.3 प्रतिशत।

2.38 पिछले वर्ष की तुलना में रुपया ऋण मंजूरियों में 66.5 प्रतिशत, विदेशी मुद्रा ऋणों में 13.2 प्रतिशत और गारंटियों में 1608 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सहायता का क्षेत्रवार वर्गीकरण

2.39 केन्द्रीय निवेश उप-सहायता के अनुरूप केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रदान किए गए प्रोत्साहनों के तदनुरूप केन्द्रीय अधिसूचित पिछड़े क्षेत्रों में लगने वाली परियोजनाओं के लिए संस्थानात्मक रियायती वित्त योजना को 30 सितम्बर, 1988 तक बढ़ा दिया गया। योजना को आगे बढ़ाया जाना सितम्बर, 1988 के लगभग भारत सरकार द्वारा लिए जाने वाले निर्णय पर आधारित होगा।

2.40 1987-88 के वर्ष के दौरान केन्द्रीय अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की 383 परियोजनाओं को आईडीबीआई से 698.47 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई। वर्ष के दौरान, कुल मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता का यह 51.7 प्रतिशत थी।

2.41 पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की श्रेणी "क", "ख" तथा "ग" में वर्गीकरण करने की विद्यमान योजना के अनुसार श्रेणी "क" (उद्योग रहित/विशेष खण्ड) जिलों की 79 परियोजनाओं को 189.46 करोड़ रुपये, श्रेणी "ख" जिलों/क्षेत्रों की 162 परियोजनाओं को 269.87 करोड़ रुपये और "ग" श्रेणी के जिलों/क्षेत्रों की 142 परियोजनाओं को 239.14 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई। केन्द्रीय अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की परियोजनाओं को मंजूर कुल सहायता में प्रतिशतता अनुसार अधिसूचित पिछड़े जिलों के वर्गीकरण, अर्थात्, श्रेणी "क" (उद्योग रहित/विशेष खण्ड जिले), "ख" तथा "ग" का भाग क्रमशः 27.1 प्रतिशत, 38.7 प्रतिशत और 34.2 प्रतिशत रहा।

2.42 पिछले वर्ष के रिकार्ड की तुलना में, 1987-88 में श्रेणी "क" (उद्योग रहित/विशेष खण्ड) जिलों की परियोजनाओं को मंजूर की गई वित्तीय सहायता में 49.1

प्रतिशत की वृद्धि हुई । श्रेणी "ख" तथा श्रेणी "ग" के अधिसूचित जिलों/क्षेत्रों की परियोजनाओं की 1986-87 की तुलना में 1987-88 में मंजूर की गई सहायता में क्रमशः 42.4 प्रतिशत तथा 117.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

2.43 संचयी-आधार पर, 30 जून, 1988 तक भाग्रौविनि ने अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की 1339 परियोजनाओं को 2761.86 करोड़ रुपये की सकल वित्तीय सहायता मंजूर की थी, जो कुल मंजूरियों का 52.1 प्रतिशत थी ।

सहायता का सेक्टर-वार वर्गीकरण

2.44 सारणी 6 में परियोजनाओं का सेक्टर-वार वर्गीकरण एवम् वर्ष के दौरान उन्हें मंजूर सहायता तथा 30 जून, 1988 तक संचयी आंकड़ों का विवरण दिया गया है ।

सारणी 6 : मंजूर और संवितरित की गई सहायता का सेक्टर-वार वर्गीकरण (करोड़ रुपये)

क्षेत्र	1987-88 (जुलाई-जून)		30 जून, 1988 तक संचयी		
	मंजूरियां	संवितरण	मंजूरियां		संवितरण
	परियोजनाओं की संख्या	राशि रु०	राशि रु०	परियोजनाओं की संख्या	राशि रु०	राशि रु०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
निजी	637	987.56 (73.1%)	547.26 (74.9%)	2043	3,596.36 (67.8%)	2,398.53 (66.4%)
संयुक्त	65	248.42 (18.4%)	102.18 (14.0%)	234	780.51 (14.7%)	466.79 (12.9%)
सरकारी	41	82.37 (6.1%)	53.44 (7.3%)	267	516.83 (9.7%)	378.34 (10.5%)
सहकारी	37	32.52 2.4	27.34 3.8%)	313	411.93 (7.8%)	368.48 (10.2%)
जोड़	780	1,350.87 (100%)	730.22	2,857 (100%)	5,305.63 (100%)	3,612.14 (100%)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं।

(क) सहकारी क्षेत्र को सहायता

2.45 वर्ष के दौरान, भाग्रौविनि ने सहकारी क्षेत्र की 37 परियोजनाओं को 32.52 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की । इनमें से 17 चीनी सहकारिताओं को 17.62 करोड़ रुपये, 17 वस्त्र सहकारिताओं को 9.61 करोड़ रुपये, एक सिन्थेटिक फाइबर सहकारिता को 3 करोड़ रुपये और दो अन्य सहकारिताओं को 2.29 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई ।

2.46 संचयी आधार पर, 30 जून, 1988 तक भाग्रौविनि ने सहकारी क्षेत्र की 313 परियोजनाओं को 411.93 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की, जिसमें से 368.48 करोड़ रुपये की सहायता पहले ही संवितरित की जा चुकी थी ।

(ख) निगमित क्षेत्र को सहायता

2.47 वर्ष के दौरान, निगमित क्षेत्र की 743 परियोजनाओं को 1318.35 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई । निजी निगमित क्षेत्र, जो भाग्रौविनि की सहायता का सबसे बड़ा लाभभोगी रहा है, की 637 परियोजनाओं को 987.56 करोड़ रुपये की सहायता (कुल का 73.1 प्रतिशत) प्राप्त हुई, जो कि पिछले वर्ष 428 परियोजनाओं को मंजूर 620.65 करोड़ रुपये की सहायता से 59.1 प्रतिशत अधिक थी ।

2.48 1987-88 में संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाओं को मंजूर की गई सहायता में उल्लेखनीय रूप से वृद्धि हुई । यद्यपि पिछले वर्ष की 62 परियोजनाओं की तुलना में इस वर्ष संयुक्त क्षेत्र से वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या 65 ही रही, परन्तु इनको दी गई सहायता 1986-87 के 93.35 करोड़ रुपये की तुलना में 248.42 करोड़ रुपये रही, जो 166.1 प्रतिशत अधिक थी । सरकारी क्षेत्र की 40 परियोजनाओं को पिछले वर्ष 93.71 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे । इस वर्ष 41 परियोजनाओं को 82.37 करोड़ रुपये (कुल सहायता का 6.1 प्रतिशत) मंजूर किए गए ।

2.49 30 जून, 1988 तक निगमित क्षेत्र की 2,544 परियोजनाओं को मंजूर संचयी सहायता 4,893.70 करोड़ रुपये हो गई थी, और 30 जून, 1988 की स्थिति के अनुसार भाग्रौविनि के कुल निवेश में इनका भाग 92.2 प्रतिशत था, प्राइवेट, संयुक्त तथा सरकारी क्षेत्र की परियोजनाओं का भाग क्रमशः 67.8 प्रतिशत, 14.7

प्रतिशत तथा 9.7 प्रतिशत रहा। निर्गमित क्षेत्र की परियोजनाओं को संचयी संवितरण 3,243.66 करोड़ रुपये के रहे।

सहायता का उद्योग-वार प्रसार

2.50 वर्ष के दौरान सहायता का उद्योग-वार प्रसार एवं 30 जून, 1988 तक संचयी आंकड़े सारणी 7 में दिए गए हैं।

2.51 1987-88 के दौरान भाऔविनि की सहायता में से जिन उद्योगों को उल्लेखनीय भाग प्राप्त हुआ, वे थे—रसायन व रसायन उत्पाद (11.2 प्रतिशत), सीमेंट (10.3 प्रतिशत), सिन्थेटिक फाइबर (9.4 प्रतिशत), लोहा व इस्पात (9.1 प्रतिशत), वस्त्र (8.7 प्रतिशत), बिजली मशीनरी व उपकरण (इलेक्ट्रोनिक्स सहित) (7.6 प्रतिशत), अधातु खनिज उत्पाद (7.3 प्रतिशत), मशीनरी (6.4 प्रतिशत), परिवहन उपस्कर तथा कल-पुर्जे (4.2 प्रतिशत) एवम् सिन्थेटिक रेसिन्स तथा प्लास्टिक सामान (3.3 प्रतिशत)। कुल सहायता में से प्राथमिकता उद्योगों जैसे, चीनी, वस्त्र, सीमेंट, रसायन, उर्वरक, सिन्थेटिक फाइबर्स, कागज, बिजली उपस्कर सहित बिजली मशीनरी, मशीनरी, परिवहन उपस्कर आदि को 72.6 प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ। प्रत्येक उद्योग को प्रतिशत भाग इतना महत्वपूर्ण नहीं है, जितना कि महत्वपूर्ण यह है, कि भाऔविनि की वित्तीय सहायता का प्रसार विभिन्न उद्योगों के विस्तृत समूह पर हुआ है। वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने एक पोत मरम्मत इकाई को, दो राष्ट्रीय सिंचाई/बिजली जनन परियोजनाओं का निर्माण करने वाली इकाइयों को, तीन तेल खोज के सम्बन्ध में तटीय एवं अपतटीय ड्रिलिंग में लगी इकाइयों को, दो बिजली तथा गैस के उत्पादन में लगी इकाइयों को, छः चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने वाली इकाइयों को, तेरह लीजिंग तथा किराया-खरीद, आदि, में लगी इकाइयों को, वित्तपोषित किया। कुल मिलाकर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है, कि संस्थानात्मक वित्त व्यवस्था के माध्यम से अब देश के औद्योगिक क्षितिज पर बड़ी अत्याधुनिक उच्च तकनीक के उद्योग उभरने लगे हैं।

सारणी 7 : सहायता का उद्योग-वार प्रसार

(करोड़ रुपये)

उद्योग	1987-88 (जुलाई-जून) परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत	30 जून, 1988 तक संचयी परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
चीनी :						
-- सहकारिताएं	17	17.62	1.3	204	241.88	4.6
-- अन्य	17	30.23	2.2	80	100.73	1.9
वस्त्र	150	117.99	8.7	553	648.04	12.2
पटसन	11	16.58	1.2	36	38.26	0.7
रसायन :						
-- मूल रसायन	34	108.38	8.0	127	353.86	6.7
-- उर्वरक कीटनाशक	6	7.15	0.5	64	271.44	5.1
-- कृत्रिम रेशे	20	126.58	9.4	55	350.30	6.6
-- कृत्रिम रेसिन्स, प्लास्टिक सामान उत्पाद	29	44.68	3.3	81	117.36	2.2
-- अन्य रसायन व रसायन उत्पाद	32	43.75	3.2	134	165.59	3.1
सीमेंट	58	138.90	10.3	143	544.50	10.3
कागज व कागज उत्पाद	26	30.88	2.3	113	224.21	4.2
रबर उत्पाद	5	38.69	2.9	32	104.59	2.0
लोहा व इस्पात	54	123.21	9.1	188	372.59	7.0
मशीनरी	52	86.92	6.4	167	222.16	4.2
परिवहन उपस्कर व पुर्जे	35	56.34	4.2	134	271.56	5.1
बिजली मशीनरी व उपस्कर (इलेक्ट्रानिक्स सहित)	71	102.41	7.6	206	355.81	6.7
अलोह धातुएं	6	10.32	0.8	35	81.75	1.6
अधातु खनिज उत्पाद	31	98.47	7.3	107	233.14	4.4
होटल	21	18.71	1.4	71	96.27	1.8
विविध अन्य उद्योग	105	133.06	9.9	327	511.59	9.6
जोड़	780	1,350.87	100.0	2,857	5,305.63	100.0

2.52 संचयी आधार पर भाओविनि के कुल निवेश में से वस्त्र, सीमेंट, रसायन तथा रसायन-उत्पाद के उद्योग सर्वाधिक सहायता प्राप्त करने वाले उद्योगों के रूप में उभर कर आये, जिन्हें इस निवेश सहायता का 32.3 प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ, इसके बाद लोहा तथा इस्पात (7 प्रतिशत), इलेक्ट्रानिक्स सहित इलेक्ट्रीकल मशीनरी तथा पुर्जे (6.7 प्रतिशत), सिन्थेटिक फाइबर (6.6 प्रतिशत), चीनी (6.5 प्रतिशत), उर्वरक तथा कीटनाशक (5.1 प्रतिशत), परिवहन उपस्कर तथा कल-पुर्जे (5.1 प्रतिशत), आदि का स्थान रहा ।

2.53 उत्पादों के उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, वर्ष के दौरान एवं 30 जून, 1988 की स्थिति के अनुसार संचयी मंजूर सहायता का उद्योग-वार वितरण सारणी 8 में दिया गया है ।

सारणी 8 : उत्पादों के उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार सहायता का उद्योग-वार वितरण (करोड़ रुपये)

उद्योग	1987-88 (जुलाई-जून)			30 जून, 1988 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
मूल उद्योग (अर्थात् मूल धातु उद्योग, मूल औद्योगिक रसायन, उर्वरक, सीमेंट, खनन, शक्ति जनन, आदि)	163 (122)	398.76 (249.30)	29.5 (29.2)	592 (555)	1,771.32 (1,406.77)	33.4 (34.8)
पूंजी माल उद्योग (अर्थात् मशीनरी व उपांग, बिजली मशीनरी और उपकरण, परिवहन उपस्कर, आदि)	158 (108)	245.67 (219.29)	18.2 (25.7)	507 (423)	849.53 (609.65)	16.0 (15.1)
मध्यवर्ती माल उद्योग (अर्थात् रसायन उत्पाद, धातु उत्पाद, अधातु, खनिज उत्पाद, पटसन, टायर एवं ट्यूब, आदि)	153 (108)	387.69 (175.09)	28.7 (20.5)	541 (479)	1,123.79 (770.37)	21.2 (19.0)
उपभोक्ता माल उद्योग (अर्थात् चीनी, अन्य खाद्य उत्पाद, सूती/ऊनी वस्त्र, कागज और अन्य विविध उद्योग)	264 (196)	268.43 (186.63)	19.9 (21.9)	1,120 (1,020)	1,428.18 (1,174.89)	26.9 (29.1)
सेवा उद्योग (अर्थात् होटल, चिकित्सा सेवाएं, जहाजरानी, आदि)	42 (22)	50.32 (22.71)	3.7 (2.7)	97 (64)	132.81 (80.90)	2.5 (2.0)
जोड़	780 (556)	1,350.87 (853.02)	100.0 (100.0)	2,857 (2,541)	5,305.63 (4,042.58)	100.0 (100.0)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आकड़े पिछले वर्ष से सम्बन्धित हैं तथा 30 जून, 1987 की स्थिति अनुसार है ।

2.54 पिछले वर्ष की तुलना में, मूल उद्योगों, मध्यवर्ती माल उद्योगों, तथा सेवा उद्योगों ने 1987-88 में भाओविनि निवेश में अपनी स्थिति में बढ़ोतरी की । लेकिन, पिछले वर्ष की तुलना में, सेवा उद्योगों में 121.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई और इसके बाद मध्यवर्ती माल उद्योगों (121.4 प्रतिशत), मूल उद्योग (60 प्रतिशत), उपभोक्ता माल उद्योग (43.8 प्रतिशत) तथा पूंजी माल उद्योग (12 प्रतिशत) का क्रम रहा । वर्ष के दौरान, वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या सेवा उद्योगों में सबसे अधिक, अर्थात् 90.9 प्रतिशत रही । इसके बाद इनकी संख्या पूंजी माल उद्योगों में 46.3 प्रतिशत, मध्यवर्ती उद्योगों में 41.7 प्रतिशत, उपभोक्ता माल उद्योगों में 34.7 प्रतिशत

तथा मूल उद्योगों में 33.6 प्रतिशत रही । सेवा उद्योगों में इस सर्वाधिक वृद्धि का प्रमुख कारण पिछले दो वर्षों के दौरान दो योजनाएं, अर्थात् निगमित और सहकारी अस्पतालों एवम् बहु-आयामी स्वास्थ्य केन्द्रों के वित्तपोषण की योजना तथा लीजिंग एवं किराया, खरीद संस्थाओं के वित्तपोषण की योजना, का शुरू किया जाना है ।

सहायता का राज्य-वार प्रसार

2.55 1987-88 के दौरान मंजूर की गई भाग्रौविनि सहायता एवं 30 जून, 1988 तक संचयी सहायता का राज्य-वार प्रसार सारणी 9 में दिया गया है ।

2.56 वर्ष के दौरान, मात्रा-वार आधार पर भाग्रौविनि की सहायता में प्रथम पांच स्थितियां क्रमशः महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु के राज्यों को प्राप्त हुई । यद्यपि, संख्या-वार आधार पर प्रथम पांच स्थितियां, क्रमशः महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और गुजरात की रहीं ।

2.57 पिछले वर्ष की तुलना में गोवा, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मणिपुर, नागालैण्ड, उड़ीसा, पंजाब, सिक्किम, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल एवम् दादरा एवं नगर हवेली, के संघ राज्य क्षेत्र वर्ष के दौरान भाग्रौविनि की निवेश सहायता में अपनी स्थिति सुधारने में समर्थ रहे ।

सारणी 9 : सहायता का राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश-वार प्रसार

(करोड़ रुपये)

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	1987-88 (जुलाई-जून)			30 जून, 1988 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
आन्ध्र प्रदेश	91	143.04	10.6	265	568.35	10.5
अरुणाचल प्रदेश	--	--	--	1	0.16	--
असम	3	1.72	0.1	29	37.72	0.7
बिहार	15	22.89	1.7	71	103.34	2.0
गोवा	5	9.95	0.7	18	25.87	0.5
गुजरात	72	183.73	13.6	258	633.93	12.0
हरियाणा	32	51.68	3.8	130	174.81	3.3
हिमाचल प्रदेश	10	9.46	0.7	33	46.03	0.9
जम्मू व कश्मीर	1	0.03	--	18	21.70	0.4
कर्नाटक	55	85.53	6.3	200	319.51	6.0
केरल	15	10.39	0.8	75	108.67	2.1
मध्य प्रदेश	42	85.34	6.3	124	276.56	5.2
महाराष्ट्र	120	209.65	1.55	499	792.44	14.9
मणिपुर	1	1.51	0.1	1	1.51	--
मेघालय	1	0.65	0.1	5	5.90	0.1
नागालैण्ड	1	0.90	0.1	4	2.99	0.1
उड़ीसा	17	56.77	4.2	61	177.44	3.3
पंजाब	47	90.98	6.7	132	284.87	5.4
राजस्थान	36	43.55	3.2	119	261.98	4.9
सिक्किम	1	1.00	0.1	3	2.90	0.1
तमिलनाडु	77	102.32	7.6	249	405.79	7.7
त्रिपुरा	--	--	--	2	2.63	--
उत्तर प्रदेश	81	171.16	12.7	318	742.77	14.0
पश्चिम बंगाल	41	49.66	3.7	184	226.69	4.3
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	--	--	--	1	0.98	--
चण्डीगढ़	1	0.75	0.1	3	2.05	--
दादरा व नगर हवेली	3	4.25	0.3	6	6.39	0.1
दिल्ली	6	6.90	0.5	30	48.50	0.9
पांडिचेरी	6	7.06	0.5	18	23.15	0.4
जोड़	780	1,350.87	100.0	2,857	5,305.63	100.0

2.58 पहली बार मणिपुर राज्य को भी भाग्रौविनि की सहायता के दायरे में लाया गया, जिसके फलस्वरूप पिछले चालीस वर्षों के दौरान अब भाग्रौविनि ने मिजोरम तथा दमण और दीव और लक्षद्वीप के संघ राज्य क्षेत्रों को छोड़कर लगभग सभी राज्यों एवम् संघ राज्य क्षेत्रों में अपनी सहायता का प्रसार कर लिया है। विभिन्न प्रवर्तन गतिविधियों के माध्यम से संस्थानों का यह सामूहिक प्रयास है, कि मिजोरम, दमण व दीव एव लक्षद्वीप समूह में भी औद्योगिक गतिविधि बढ़ सके। इन क्षेत्रों के लिए उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई है, ताकि यहां पर छोटे क्षेत्र के उद्योगों के विकास की शुरुआत उद्यमियों द्वारा की जा सके, जिन्हें कुछ काल उपरान्त मध्यम, और यहा तक कि, बड़े पैमाने के क्षेत्र में विकसित किया जा सके।

2.59 वर्ष के दौरान, पंजाब के सम्बन्ध में उल्लेखनीय महत्वपूर्ण बात यह रही, कि 1986-87 की 44.87 करोड़ रुपये की तुलना में 1987-88 में 90.98 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर हुई, और 1986-87 से 32 परियोजनाओं को दी गई सहायता की संख्या भी 1987-88 में बढ़कर 47 हो गई। वित्तीय सस्थानों ने पंजाब की इकाइयों को वरीयता प्रदान करने एव वहां पर लगने वाली नई इकाइयों को रियायती वित्त प्रदान करने की नीति जारी रखी, और इस सुविधा को 31 मार्च, 1990, अर्थात्, सातवी योजना की अवधि की समाप्ति, तक बढ़ाने के लिए सहमति प्रदान की गई।

2.60 संचयी आधार पर, 30 जून, 1988 की स्थिति के अनुसार भाग्रौविनि की कुल निवेश सहायता मे प्रथम पांच स्थान, क्रमशः महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के राज्यों को प्राप्त हुए। इसके बाद कर्नाटक, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं पश्चिम बंगाल का क्रम रहा।

निवेश परिचालन

2.61 भाग्रौविनि ने वर्ष के दौरान, 103 संस्थाओं को साधारण शेयरों की हामीदारी के रूप में 58.78 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की, और एक संस्था को एक अधिमान शेयर निर्गम के लिए 0.17 करोड़ रुपये की हामीदारी की मंजूरी दी गई। इस प्रकार, 1986-87 में मंजूर की गई कुल हामीदारी सहायता से 1987-88 में मंजूर की गई हामीदारी सहायता 8 प्रतिशत अधिक रही।

2.62 वर्ष के दौरान, प्रत्यक्ष अभिदान के सम्बन्ध में भी की गई मंजूरियों में उल्लेखनिय वृद्धि हुई। जबकि 1986-87 में शेयरों/डिबेंचरों के प्रत्यक्ष अभिदान के सम्बन्ध में 14 संस्थाओं को 2.06 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई थी, 1987-88 में शेयरों/डिबेंचरों के प्रत्यक्ष अभिदान के लिए 76 सस्थाओं को 15.16 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई। कुल राशि अनुसार यह 635.9 प्रतिशत और संस्थाओं की संख्या अनुसार 442.9 प्रतिशत अधिक थी।

2.63 वर्ष के दौरान, भाग्रौविनि द्वारा शेयरों की हामीदारी के लिए 41 निर्गमों को बाजार में जारी किए जाने हेतु 28.20 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई। हामीदारी दायित्व के अनुरूप जो शेयर भाग्रौविनि को लेने पड़े, उनकी राशि 11.23 करोड़ रुपये रही। इसके अतिरिक्त, भाग्रौविनि ने प्रत्यक्ष अभिदान के सम्बन्ध में की गई मंजूरियों के लिये 33 कम्पनियों के 10.61 करोड़ रुपये के शेयरों और डिबेंचरों में अभिदान किया जबकि 1986-87 से यह राशि 6.69 करोड़ रुपये थी।

गारंटियां

2.64 वर्ष के दौरान, मशीनरी एव उपस्कर के विदेशी संभरकों को आस्थगित अदायगी गारंटी सुविधा हेतु चार मामलों में 12.78 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई। ये चार इकाइयां थीं—(i) उत्तर प्रदेश में एक्रिलोन इकाई, (ii) कर्नाटक में टायर इकाई, (iii) आंध्र प्रदेश में तैयार खाद्य सामान इकाई, एवं (iv) आंध्र प्रदेश में कागज इकाई।

2.65 आंध्र प्रदेश में एक पैट्रो-रसायन इकाई एवम् स्वीडन की स्वेन्सका द्वारा व्यवस्थित विदेशी उधार/ऋण के सम्बन्ध में उड़ीसा की चार्ज-क्रोम इकाई हेतु विदेशी उधारों से विदेशी ऋणों में जुटाई जाने वाली 8.57 करोड़ रुपये की गारंटियां मंजूर की गई। उपर्युक्त गारंटियों के चालू वर्ष अवधि के दौरान ही निष्पादित किए जाने की संभावना है।

जन-हित प्रदान की गई मंजूरियां

2.66 वर्ष के दौरान, ऐसा कोई मामला नहीं था जिसमें औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 26 (2) की व्यवस्थाओं के अनुसार निदेशकों के हितबद्ध होने के कारण भाग्रौविनि को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्थाओं के साथ, कारोबार का सव्यवहार) विनियम, 1982 की शर्तों के अनुसार जन-हित में सहायता मंजूर करनी पड़ी हो।

ऋणों की शर्तों, आदि में परिवर्तन

2.67 भाग्रौविनि की ऋण प्रदान करने की मूल शर्तों, अर्थात् वचनबद्धता प्रभार, चूक आदि किए जाने की स्थिति में निर्धारित क्षतिपूर्ति की दरों में वर्ष के दौरान कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

2.68 यद्यपि सरकार द्वारा संपरिवर्तनीयता मार्ग-निर्देशों के सम्बन्ध में कोई नए अनुदेश जारी नहीं किए गए, किन्तु वित्तीय संस्थानों ने वर्ष के दौरान सरकार से विचार-विमर्श कर निम्नलिखित परिवर्तन किये :—

(i) श्रेणी "क" (उद्योग रहित/विशेष खण्ड) जिलों/क्षेत्रों में स्थापित विद्यमान इकाइयों के विशाखन/

विस्तार के सम्बन्ध में चूक के सिवाय संपरिवर्तनीयता विकल्प लागू नहीं किया जाना ।

(ii) निगमित अस्पताल/बहु-आयामी स्वास्थ्य केन्द्रों तथा 100 प्रतिशत निर्यात उन्मुख इकाइयों का संपरिवर्तनीयता खण्ड से विमुक्त रहना, जब तक कि वे कोई चूक न करें और/अथवा निर्यात उन्मुख इकाइयां अपने निर्यात दायित्व से छूट न मांगे ।

(iii) विदेशी मुद्रा ऋणों को भी केवल चूक के लिए जाने की स्थिति को छोड़कर, पहले की भांति संपरिवर्तनीयता खण्ड से मुक्त रहना ।

2.69 वर्ष के दौरान, मंजूर की गई सहायता के सम्बन्ध में विद्यमान मार्गनिर्देशों के अनुसार 168 मामलों में संपरिवर्तनीयता विकल्प लागू किया गया । संपरिवर्तनीयता अधिकार का उपयोग 7 मामलों में किया गया और 45 मामलों में इसे छोड़ दिया गया । संचयी रूप से, संपरिवर्तनीयता मार्गनिर्देशों के प्रारम्भ होने से अब तक भाऔवित्रि ने 1,283 मामलों में संपरिवर्तनीयता खण्ड की शर्त लगाई, और 121 मामलों में इसका उपयोग किया तथा 484 मामलों में सभी सम्बद्ध पहलुओं को ध्यान में रखते हुए विकल्प के उपयोग में छूट दे दी गई ।

ऊर्जा संरक्षण एवं
ऊर्जा जांच योजनाएं

2.70 भाऔविबैंक के अग्रणी दायित्व में वित्तीय संस्थानों ने दो योजनाएं जून, 1988 से प्रारम्भ की—

— ऊर्जा जांच उप-सहायता योजना, तथा

— ऊर्जा संरक्षण योजना के लिए उपस्कर वित्त

ऊर्जा जांच उप-सहायता योजना के अधीन ऊर्जा जांच अपेक्षाओं का पालन करने वाली संस्थाओं द्वारा प्रारम्भिक एवं विस्तृत ऊर्जा जांचों के लिए की गयी लागत का प्रारम्भिक जांच के लिए अधिकतम 10,000 रुपये और विस्तृत जांच के लिए अधिकतम एक लाख रुपये की सीमा के अधीन 50 प्रतिशत तक उप-सहायता के रूप में दी जा सकती है, बशर्ते ऐसी जांच अनुमोदित ऊर्जा परामर्श दाताओं को सौंपी गयी हो । ऊर्जा संरक्षण योजना के लिए उपस्कर वित्त के अधीन सहायता ऊर्जा बचत उपस्कर अधिग्रहण करने एवं संस्थापन करने हेतु उपलब्ध है । योजना के अधीन उपस्कर वित्त पर ब्याज की दर पर मिलने वाली छूट निर्धारित मानक की तुलना में वास्तव में की गयी ऊर्जा बचत की मात्रा से सम्बद्ध की गई है, लेकिन ब्याज की न्यूनतम दर 10 प्रतिशत वार्षिक रहेगी । इस योजना के अधीन उपस्कर वित्त को कुछ सुविधाएं भी उपलब्ध है, जैसे—वचनबद्धता प्रभार, संपरिवर्तनीयता के विकल्प से छूट एवं निम्न प्रवर्तक अंशदान ।

अनुवर्तन व्यवस्था

2.71 अनुवर्तन व्यवस्था की मूल विधाओं में कोई परिवर्तन नहीं हुआ, जिनमें निहित रहीं (क) ऋणी संस्थाओं से मासिक उत्पादन रिपोर्टें प्राप्त करना जो उनके द्वारा सम्बन्धित सांविधिक/प्रशासनिक/नियंत्रण प्राधिकारियों को प्रस्तुत की जानी अपेक्षित है, (ख) संस्थाओं द्वारा उनके बैंकरों आदि को प्रस्तुत की जाने वाली सांविधिक प्रगति रिपोर्टें एवं विवरणियां प्राप्त करना, (ग) लेखों, कार्यपरिणामों एवं वित्तीय स्थिति के सम्बन्ध में अर्धवार्षिक/वार्षिक विवरणियां मंगवाना, (घ) सहायता के अन्तिम उपयोग की जांच करने एवं वित्तपोषित संस्थाओं की परिचालन योजना की तुलना में उनके कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करने की दृष्टि से स्थल पर जाकर सावधिक निरीक्षण करना, (ङ) फैक्ट्री-स्थल पर आकस्मिक निरीक्षण करना अथवा सम्बन्धित मुद्दों पर विचार विमर्श करने के लिए प्रवर्तकों/वरिष्ठ कार्य पालकों को बुलाना, (च) आवश्यकता आधारित प्रबन्ध सूचना प्रणाली के लिए आग्रह करना, और (छ) जहां कहीं नियुक्त किए गए हैं, नामित निदेशकों/संगामी लेखा परीक्षकों/परामर्श दाताओं से रिपोर्टें प्राप्त करना । वर्ष के दौरान, अग्रणी मामलों में अनुवर्तन उपायों को और जोरदार बनाया गया तथा समूहिक वित्तपोषण आधार पर वित्तपोषित संस्थाओं की समस्याओं पर विचार विमर्श करने के लिए क्षेत्रीय कार्यपालक बैठकों के मंच का अधिकाधिक लाभ उठाया गया ।

2.72 30 जून, 1988 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि ने 753 वित्तपोषित संस्थाओं के निदेशक बोर्डों में 357 नामित निदेशक नियुक्त किए हुए थे, जिनमें से 152 शासकीय तथा 205 गैर-शासकीय थे । सरकारी उद्यमों के सम्बन्ध में नियुक्त संसदीय समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए, जिन्हें सरकार द्वारा स्वीकार कर लिया गया था, यह ध्यान रखा गया कि नामित निदेशक कक्ष के अधिकारी एक समय में 10 से अधिक संस्थाओं में नामित नहीं किए जायें, और नामित निदेशकों तथा नामित नियुक्त करने वाले संस्थानों में प्रभावशाली दो तरफा विचार आदान-प्रदान व्यवस्था कायम रहे । वर्ष के दौरान, एक और व्यवस्था विकसित की गयी, जिसके अधीन वित्तीय संस्थानों के नामित निदेशक कक्षों के प्रधान सावधिक आधार पर नियमित रूप से आपस में मिलते हैं, नामित निदेशकों के मंच की व्यवस्था को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए उपायों पर विचार करते हैं और यह देखते हैं कि इस सम्बन्ध में आवश्यकता आधारित उपाय अपनाये जा रहे हैं । बोर्ड स्तर पर भी इस व्यवस्था एवं इसके कार्यान्वयन के सम्बन्ध में अर्ध-वार्षिक समीक्षाएं की गयी । सरकारी उद्यमों से सम्बद्ध संसदीय समिति द्वारा दिए कुछ सुझावों के बारे में शीर्ष वित्तीय संस्थान के नाते भाऔविबैंक का सरकार से पहले से ही पत्र व्यवहार जारी था ।

बैंकों और वित्तीय संस्थानों में समन्वय

2.73 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में वाणिज्यिक बैंकों और वित्तीय संस्थानों में समन्वय को और गहरा करने की

दृष्टि से भारतीय रिजर्व बैंक, भाऔविबैंक, भाऔसानिनि, भारतीय स्टेट बैंक और सेंट्रल बैंक आफ इण्डिया के प्रतिनिधियों के कार्यकारी दल, जिसका गठन राष्ट्रीय वित्त एवं साख परिषद् की 24 दिसम्बर, 1986 को हुई बैठक में किया गया था, की प्रथम रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 25 जून, 1987 को मार्ग-निर्देश जारी किए गए थे। वर्ष 1987-88 की समाप्ति के समय उक्त कार्यकारी दल ने अपनी दूसरी रिपोर्ट को भी अन्तिम रूप प्रदान कर दिया था, जिसमें बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय से सम्बन्धित बड़े मुद्दों पर विचार किया गया था। इन के आधार पर भारतीय रिजर्व बैंक ने 29 जून, 1988 को और मार्गनिर्देश जारी किए, जिससे कि वित्तीय संस्थाओं के साथ समरूप आधार पर कुल दीर्घावधि ऋण के 25 प्रतिशत की सीमा तक नई औद्योगिक परियोजनाओं के वित्तपोषण में वाणिज्यिक बैंकों की भागीदारी और वर्तमान औद्योगिक इकाइयों (रुग्ण या कमजोर समझी जाने वाली इकाइयों से भिन्न) के विस्तार/विशाखन/आधुनिकीकरण का क्षेत्र बढ़ गया। भारतीय रिजर्व बैंक मार्गनिर्देशों ने समूह आधार पर बैंकों द्वारा दिए गए अग्रिमों से सम्बन्धित मुद्दों को भी स्पष्ट किया है। वर्तमान व्यवस्थाओं और कार्यविधियों को सरल बनाने के अतिरिक्त, सामान्य दस्तावेजीकरण और बैंक अन्तरराष्ट्रीय प्रभाग के मंच जैसा मंच बनाने के लिए परियोजना वित्तपोषण भागीदारी योजना के अधीन बैंकों को शामिल करने की संभावनाएं कार्यकारी समूह की सिफारिशों के अनुसरण में विचाराधीन थी।

(ख) संसाधन

संसाधन जुटाना
एवं वित्तीय प्रबन्ध

2.74 वर्ष 1987-88 के दौरान, भाऔविनि द्वारा 914.48 करोड़ रुपये (137 करोड़ रुपये के प्रारम्भिक नकद शेष को छोड़कर) के संसाधन जुटाए गये। यह पिछले वर्ष के 599.20 करोड़ रुपये (208.88 करोड़ रुपये के प्रारम्भिक नकद शेष को छोड़कर) के जुटाये संसाधनों से 52.6 प्रतिशत अधिक है। इसके लिए भाऔविनि भारत सरकार का रुपया मुद्रा में बाजार उधारों के आबंटन एवं विदेशों से विदेशी मुद्रा संसाधन जुटाने के लिए दिए गए अनुमोदनों हेतु दिए गए सहयोग एवं अनुग्रह के लिए आभारी है। संसाधन जुटाने में ठोस आन्तरिक वसूली अभियान ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया है।

2.75 वर्ष 1987-88 के दौरान संसाधनों के क्षेत्र में निम्नलिखित उल्लेखनीय बातें हुई :

— 26 अप्रैल, 1988 को 12.50 करोड़ रुपये की अतिरिक्त शेयर पूंजी का निर्गम।

— आन्तरिक प्रोद्भूत, जिससे भाऔविनि की आरक्षित निधियां 43.45 करोड़ रुपये से बढ़ गयीं।

— तीन सार्वजनिक निर्गम बांडों (24 नवम्बर, 1987, 17 फरवरी, 1988, और 14 जून, 1988 को जारी की गई 48वीं, 49वीं एवं 50वीं सीरीज के द्वारा 385.28 करोड़ रुपये के रुपया संसाधन बढ़ाना।

— (क) ऋणों की पुनर्अदायगी, (ख) निवेशों की बिक्री/विमोचन के द्वारा 139.90 करोड़ रुपये की प्राप्ति, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21.4 प्रतिशत अधिक रही।

— (क) जर्मन संघीय गणराज्य के क्रदितान्सतल्ल—फर—वाइटरफवऊ से 80 मिलियन जर्मन मार्क के 25वें ऋण (समझौते पर नई दिल्ली में 15 मार्च, 1988 को हस्ताक्षर हुए), और (ख) दिसम्बर, 1987 में 14 बिलियन जापानी-येन के यूरो-येन ऋण, जिसमें से आंशिक रूप से जापानी येन 9 बिलियन, अमरीकी डालर 70.098 मिलियन में था, और बाकी आंशिक रूप से जापानी येन में था, द्वारा विदेशी मुद्रा संसाधनों में उल्लेखनीय वृद्धि।

2.76 वर्ष के दौरान, भाऔविबैंक अथवा केन्द्रीय सरकार से कोई ऋण नहीं लिए गये, लेकिन वर्ष के दौरान, भाऔविबैंक और केन्द्रीय सरकार को क्रमशः 8.40 करोड़ रुपये तथा 0.68 करोड़ रुपये की राशि पुनर्अदा की गयी, जिससे 30 जून, 1988 की स्थिति के अनुसार भाऔविबैंक से लिए गए ऋण की राशि 70.25 करोड़ रुपये से घटकर 61.85 करोड़ रुपये और केन्द्रीय सरकार से ली गई 2.08 करोड़ रुपये की राशि घटकर 1.40 करोड़ रुपये रह गयी।

2.77 जहां तक ब्याज अन्तर-जन्य निधियों के ऋण भाग का सम्बन्ध है, वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार से 0.95 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त की गई, तथा 0.45 करोड़ रुपये की राशि पुनर्अदा की गयी। इस प्रकार, 30 जून, 1988 की स्थिति के अनुसार केन्द्रीय सरकार को देय ब्याज अन्तर-जन्य निधियों के ऋण भाग की कुल राशि 7.47 करोड़ रुपये रही, जबकि 30 जून, 1987 की स्थिति के अनुसार यह देय राशि 6.97 करोड़ रुपये थी।

2.78 जून, 1980 की समाप्ति के समय भाऔविनि विदेशी मुद्रा संसाधनों को जुटाने के सम्बन्ध में (क) स्विस बैंक कार्पोरेशन इनवेस्टमेंट बैंकिंग लि० से अमरीकी डालर 100 मिलियन का ऋण लेने, जिसे प्रत्येक 50 मिलियन अमरीकी डालर के दो हिस्सों में लिया जाना था और जिसमें से 50 मिलियन अमरीकी डालर के दूसरे भाग को व्यवस्थापक, अर्थात् स्विस बैंक कार्पोरेशन इनवेस्टमेंट बैंकिंग लि० के विकल्प पर दो वर्षों के पश्चात् स्विस फ्रैन्क्स में संपरिवर्तित किया जा सकता था, (ख) इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट को-आपरेशन लि०, एफ० आई० एम० 30 मिलियन की ऋण व्यवस्था, (ग) जून, 1988 में जापान के निर्यात-

आयात बैंक से जून, 1988 में जापन के निर्यात-आयात बैंक से भाऔविबैंक द्वारा जुटाये गए 20 बिलियन येन क्षेत्र-विशेष ऋण में भागीदारी, जिसे ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रानिक्स उद्योग के क्षेत्रों तथा इनकी सहायक इकाइयों को ऋण देने हेतु उपयोग किया जाना था : और (घ) एशियाई विकास बैंक से 100 मिलियन अमरीकी डालर का ऋण, हेतु बातचीत चल रही थी ।

2.79 30 जून, 1988 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि के समग्र संसाधनों में निहित थे—(क) इसकी प्रदत्त पूंजी (70 करोड़ रुपये), (ख) आरक्षित निधियां (225.62 करोड़ रुपये), (ग) 30 जून, 1988 तक विमोच्य राशियों को छोड़कर बांडों के सार्वजनिक निर्गम के द्वारा रुपये उधार (2,083.80 करोड़ रुपये), (घ) जर्मन मार्क में पच्चीस ऋण व्यवस्थाओं के अधीन जर्मन संघीय गणराज्य के कृदितान्सतल्त-फर-वाइडरफबऊ से उधार (जर्मन मार्क 408 मिलियन), तथा (ङ) अन्तर्राष्ट्रीय पूंजी बाजार से विदेशी मुद्राओं में जुटाये गये अमरीकी डालर 270 मिलियन, जापानी येन 20 बिलियन और जर्मन मार्क 15 मिलियन के संचयी वाणिज्यिक उधार ।

निधियों के स्रोत और उपयोग

2.80 1987–88 के दौरान भाऔविनि द्वारा जुटाए गए कुल संसाधन (137 करोड़ रुपए के प्रारम्भिक नकद शेष को छोड़कर), 914.48 करोड़ रुपए रहे, इनमें सम्मिलित है (क) 12.50 करोड़ रुपए की सीमा तक प्रदत्त शेयर पूंजी में वृद्धि, (ख) कर से पूर्व 68.88 करोड़ रुपए का लाभ जनन, (ग) ऋणियों से ऋणों की वसूली और निवेशों आदि की बिक्री से प्राप्त 139.90 करोड़ रुपए की राशि, (घ) बांडों के माध्यम से 385.28 करोड़ रुपए के बाजार उधार, (ङ) विदेशी मुद्राओं में 303.05 करोड़ रुपए के उधार तथा सरकार से ब्याज अन्तर-जन्य निधियों के रूप में 4.87 करोड़ रुपए की प्राप्त राशि । इन संसाधनों का उपयोग वित्तीय सहायता के संवितरण (725.81 करोड़ रुपए), बांडों का विमोचन (58.39 करोड़ रुपए), रुपया और विदेशी मुद्रा ऋणों की पुनर्अदायगी (14.72 करोड़ रुपए) लाभांश की अदायगी (7.48 करोड़ रुपए), कराधान (16.22 करोड़ रुपए) और अन्य उपयोगों (35.48 करोड़ रुपए), हेतु किया गया ।

बकाया और अतिदेय

2.81 30 जून, 1988 की स्थिति के अनुसार 1,767 संस्थाओं से 2733.21 करोड़ रुपए की ऋण सहायता बकाया थी । वित्तपोषित कम्पनियों के शेयरों अवेर डिबेन्चरों में भाऔविनि की धारिता 96.53 करोड़ रुपए थी, और 32.92 करोड़ रुपए की कुल राशि के लिए गारण्टियां दी गयी थीं ।

2.82 वर्ष की समाप्ति के समय बकाया ऋण सहायता में से, कुल अतिदेय राशि (मूलधन के रूप में 69.17 करोड़ रुपए और ब्याज के रूप में 28.93 करोड़ रुपए) 98.10 करोड़ रुपए थी । ये अतिदेय राशियां, 30 जून, 1988 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि के कुल बकाया ऋणों का लगभग 3.6% थी ।

2.83 वर्ष के दौरान, वसूली अनुपात भी दो प्रतिशतता बिन्दु ऊंचा रहा । वास्तव में यह 1986–87 के सुधरे हुए एक प्रतिशतता बिन्दु और 1985–86 में सात प्रतिशतता बिन्दुओं के उपरान्त था ।

2.84 दीर्घकाल से समस्याओं का सामना करती आ रही इकाइयों के मामले में, परियोजना के वित्तपोषण से सम्बन्धित सभी भागीदार संस्थानों की संयुक्त बैठकें आयोजित की गईं, ताकि इनके पुनर्स्थापन/पुनरुद्धार के लिए सम्भव एक मुश्त सुविधाओं को निर्धारित करने हेतु सहमति प्राप्त की जा सके । वसूली अभियान एवं वसूली लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए क्षेत्रीय और शाखा कार्यालय सक्रिय रूप से कार्यरत रहे । पिछले वर्ष प्रारम्भ की गयी एकल स्थल वसूली अवस्था को और गहन किया गया, और वित्तपोषित इकाइयों द्वारा सभी भागीदारी संस्थानों की देय राशियों को समय पर अदा करने को आश्वत करने के लिए ठोस अनुवर्तन किए गए, तथा प्राप्त हुई राशियों को समानुपात आधार पर आपस में बांटा गया ।

पुनर्स्थापन कार्यक्रम

2.85 रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन के लिए भाऔविनि के प्रयास औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड के, जो वर्ष के दौरान पूर्ण रूप से परिचालन में आ गया, साथ सम्बद्ध रहे । रुग्ण औद्योगिक कम्पनियां (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों की व्यवस्था के अधीन भाऔविनि को एक परिचालन एजेन्सी के रूप विनिर्दिष्ट किया गया ।

2.86 1986–87 के दौरान, भाऔविनि के 36 अग्रणी मामलों के सम्बन्ध में औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड की 65 सुनवाइयां हुईं । प्रत्येक मामले में, औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा उल्लिखित विशिष्ट मार्ग निर्देशों को ध्यान में रखते हुए विस्तृत व्यवहायता अध्ययन करने एवं पुनर्स्थापन कार्यक्रम बनाने के लिए 16 मामलों (2 गैर-अग्रणी मामलों सहित) के सम्बन्ध में भाऔविनि को परिचालन एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया । इनमें से, भाऔविनि को परिचालन एजेंसी के रूप में 9 मामलों के सम्बन्ध में पुनर्स्थापन के मामले प्रस्तुत किए । इसके अतिरिक्त, औद्योगिक एवं पुनर्निर्माण बोर्ड के तत्वाधान के अधीन भाऔविनि ने सात अग्रणी मामलों में व्यवहार्यता अध्ययन और/अथवा पुनर्स्थापन कार्यक्रम बनाने का दायित्व निभाया यद्यपि इन मामलों में यह परिचालन एजेंसी नहीं था । कुछ गैर-वित्तपोषित रुग्ण इकाइयों के पुनरुद्धार के लिए योजनाओं की जांच करने/पुनः संरचित करने के लिए भी भाऔविनि की दक्षता बी० आई० एफ० आर० की उपलब्ध कराई गयी ।

2.87 बी० आई० एफ० आर० की परिधि में आने वाले मामलों के सम्बन्ध में सामान्य आधार पर पुनर्स्थापन एक मुश्त सुविधाएं प्रदान करने का क्रम जारी रखा । ऐसे 14 मामलों

में वर्ष के दौरान पुनर्स्थापन योजनाएं बनायी गयीं। सिफारिश किए गए/प्रत्याशित पुनर्स्थापन उपायों में जो विस्तृत पहलू निहित थे, उनमें रुग्ण इकाइयों के आधुनिकीकरण, विस्तार, विशाखन आदि भी सम्मिलित थे। चार मामलों में वर्ष के दौरान बकाया देय राशियों के निपटान की एक मुश्त व्यवस्था की गयी। भाऔविनि के 9 अग्रणी मामलों में, वर्ष के दौरान बकाया देय राशियों को वसूल करने के लिए ऋण वापस मांगे गए और/अथवा विधिक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

2.88 भाऔविनि लगातार मार्ग-निर्देशक समिति (रुग्ण/समस्याग्रस्त इकाइयों पर विचार करने के लिए वित्त सचिव की अध्यक्षता में भारत सरकार द्वारा गठित) का लाभ उठाता रहा; और अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा उनके अग्रणी मामलों में किए गए पुनर्स्थापन प्रयासों से भी नजदीकी रूप में सम्बद्ध रहा।

2.89 प्राप्त किए गए अनुभव को ध्यान में रखते हुए, अन्य संस्थानों के साथ विचार विमर्श करके पुनर्स्थापन के लिए रुग्ण इकाइयों को प्रदान की जाने वाली राहतों एवं रियायतों के मसौदा मार्ग निर्देश निर्धारित किए गए। इन मार्ग निर्देशों का उद्देश्य संस्थानों द्वारा एक रूप दृष्टिकोण अपनाए जाने को आश्वस्त करना है, जिन्हें शीघ्र ही अन्तिम रूप दिए जाने की सम्भावना है। अच्छे कार्य सम्बन्ध बनाने एवं पुनर्स्थापन प्रक्रिया में तेजी लाने की दृष्टि से औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड तथा संस्थानों के बीच विचारों एवं अनुभव का आदान-प्रदान करने के उद्देश्य से दो उच्चस्तरीय बैठकों का आयोजन किया गया।

2.90 वर्ष के दौरान, भाऔविनि के कार्यक्रम से उपचारित की गयी कुछ इकाइयों ने उल्लेखनीय प्रगति की। इसके अतिरिक्त, वर्ष की समाप्ति के समय समामेलन/अधिग्रहण के दो प्रस्ताव संस्थानों के विचाराधीन थे।

2.91 जून, 1988 की समाप्ति के समय रुग्ण औद्योगिक कम्पनियां (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 में रुग्ण कम्पनियों की यथा उल्लिखित परिभाषा के अनुसार भाऔविनि की अग्रता वाली 88 इकाइयां "रुग्ण" थीं।

(ग) कार्य परिणाम

2.92 वर्ष के लिए लाभ-हानि लेखों के लेखा-परीक्षित लेखों तथा 30 जून, 1988 के अनुसार तुलन-पत्र, जिन्हें इस रिपोर्ट के साथ लगाया गया है, से पता चलता है कि वर्ष के दौरान भाऔविनि का कर-पूर्व लाभ 68.88 करोड़ रुपए रहा, जब कि 1986-87 में यह 61.62 करोड़ रुपए था, इसमें 11.8% की वृद्धि हुई। 16.22 करोड़ रुपए की कराधान की व्यवस्था करने के पश्चात् वर्ष 1987-88 का निवल लाभ 52.66 करोड़ रुपए रहा, जब कि 1986-87 में यह 43.48 करोड़ रुपए था। पिछले वर्ष के निवल लाभ से यह 21.1% अधिक था।

239. भाऔविनि के निदेशक बोर्ड द्वारा निवल लाभ में से किए गए समायोजनों का विवरण सारणी 10 में दिया गया है

सारणी 10 : निवल लाभ का विनियोजन (करोड़ रुपये)

	इस वर्ष (1987-88) (जुलाई-जून)		पिछला वर्ष (1986-87) (जुलाई-जून)	
1	2		3	
वर्ष के लिए निवल लाभ		52.66		43.48
विनियोजन				
निम्नलिखित को अन्तरित---				
(क) सामान्य आरक्षित निधि	17.92		10.82	
(ख) हितकारी आरक्षित निधि	2.00		1.50	
(ग) विशेष रिजर्व (आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) (viii) के अधीन)	25.01	44.93	25.19	37.78
कर्मचारी कल्याण निधि को आबंटन		0.25		0.15
लाभांश की अदायगी (12% वार्षिक)		7.48		5.52
जोड़ :		52.66		43.48

2.94 सन्तोषजनक कार्य परिणाम को ध्यान में रखते हुए भाऔविनि के निदेशक बोर्ड ने शेयरों पर पिछले वर्ष घोषित 11% की तुलना में 12% वार्षिक का लाभांश अदा करने का अनुमोदन किया है।

कार्य परिणामों की प्रवृत्ति

2.95 30 जून, 1988 को समाप्त हुए वर्ष सहित भाऔविनि के पिछले तीन वर्ष के कार्य परिणामों का संक्षेप सारणी 11 में दिया गया है।

सारणी 11 : तीन वर्षों के दौरान भाऔविनि के कार्य-परिणाम (करोड़ रुपये)

विवरण	30 जून को समाप्त वर्ष 1986 रु०	1987 रु०	1988 रु०
1	2	3	4
दिए गए उधारों पर ब्याज	167.74	225.48	285.30
घटाइए : लिए गए उधारों की लागत	119.92	160.78	212.10
निवल ब्याज राजस्व	47.82	64.70	73.20
अन्य आय	9.40	8.00	9.36
निवल आय	57.22	72.70	82.56
व्यय :			
--कार्मिक व्यय	4.85	6.55	6.12
--निवेशों पर हानि	0.37	0.18	0.02

1	2	3	4
--निदेशकों तथा समिति सदस्यों के शुल्क तथा व्यय	0.02	0.03	0.03
--अन्य व्यय अनुदान	2.67	3.14	4.51
--मूल्य ह्रास	0.50	1.18	3.00
कर-पूर्व लाभ	48.81	61.62	68.88
कराधान	14.63	18.14	16.22
निवल लाभ	34.18	43.18	52.66
लाभांश (दर)	10.0%	11.0%	12.0%

2.96 उपर्युक्त से स्पष्ट है—

*1987-88 में ऋण परिचालनों से ब्याज आय में 26.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

*1987-88 में "उधार लागत" में 31.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

*"निवल आय" और "निवल लाभ" में क्रमशः 13.6 प्रतिशत और 21.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

*1976-77 में "ऋणों पर ब्याज आय" की तुलना में उधार लागत 71.3 प्रतिशत थी, यह 1987-88 में 74.3 प्रतिशत रही ।

*1987-88 में निवल आय के प्रतिशत के रूप में कर-पूर्व लाभ 83.4 प्रतिशत रहा, जो कि पिछले वर्ष 84.7 प्रतिशत था ।

*1987-88 में निवल आय के प्रतिशत के रूप में निवल-लाभ 6.38 प्रतिशत रहा, यह पिछले वर्ष 59.8 प्रतिशत था ।

वित्तीय स्थिति

2.97 30 जून, 1988 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि की परिसम्पत्तियों और देयताओं की स्थिति, सहित पिछले तीन वर्षों की वित्तीय स्थिति, जैसा कि तुलना-पत्र से स्पष्ट है, सारणी 12 में दी गयी है ।

सारणी 12 : तीन वर्षों के दौरान भाऔविनि की परिसम्पत्तियों तथा देयताओं की स्थिति (करोड़ रुपये)

विवरण	1986 रु०	1987 रु०	1988 रु०
1	3	4	5
परिसम्पत्तियां			
नकद व बैंक शेष	208.88	137.00	193.38
निवेश			
--सहायता प्राप्त संस्थाओं में	58.68	72.83	96.53
--अन्य संस्थानों में	0.21	2.81	6.50
सहायता प्राप्त संस्थाओं को ऋण	1,649.11	2,117.10	2,733.21
स्थिर था अन्य परिसम्पत्तियां	93.25	132.73	172.02
स्वीकृतियों के लिए ग्राहक देयताएं	17.88	21.93	22.92
	2,028.01	2,464.40	3,224.56
देयताएं और शेयरधारी निधि			
शेयर पूंजी	45.00	57.50	70.00
रिजर्व तथा आरक्षित निधि	144.88	182.17	225.62
उधार			
(क) बांड	1,452.88	1,729.40	2,083.80
(ख) सरकार तथा भा०औ० वि० बैंक से	87.13	79.30	70.73
(ग) विदेशी मुद्राओं में	163.25	285.78	611.15
चालू देयताएं और प्रावधान	110.74	120.29	130.44
निर्धारित निधियां	6.25	8.03	9.90
स्वीकृतियों पर देयता	17.88	21.93	22.92
	1,028.01	2,448.40	3,224.56
ऋण : इक्विटी	89.1	87.1	93.1
निवल मूल्य : निवल लाभ	56.1	55.1	56.1

लेखा-परीक्षा रिपोर्ट

2.98 औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 34(1) की व्यवस्थाओं के अनुसार भाऔविबैंक द्वारा 1987-88 के लिए मैसर्स एन० एम० रायजी एण्ड कं०, सनदी लेखापाल, बम्बई को सांविधिक लेखा-परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया । भाऔविबैंक से भिन्न, भाऔविनि के शेयरधारियों ने मैसर्स टी० आर० चड्ढा एण्ड कं०, सनदी लेखापाल, नई दिल्ली को उसी अवधि के लिए लेखा-परीक्षक चुना । औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 34(3) की व्यवस्थाओं के अनुसार वर्ष 1987-88 के लिए लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट इस वर्ष के लेखे के साथ संलग्न है । आय-कर अधिनियम, 1961 (वित्त अधिनियम, 1984 द्वारा यथा संशोधित) की धारा 44 (खख) के अनुसार 30 जून, 1988 को समाप्त अवधि के लिए भाऔविनि की कर लेखा-परीक्षा करने के लिए मैसर्स ठाकुर वैद्यनाथ अय्यर एण्ड कं०, सनदी लेखापाल, नई दिल्ली, कर लेखा-परीक्षक के रूप में नियुक्त रहे ।

अध्याय 3

वित्तीय सेवाएं

मर्चेन्ट बैंकिंग

3.01 औद्योगिक वित्तपोषण के क्षेत्र में भाऔविनि के लम्बे अनुभव को देखते हुए एक प्रकार से, 1982 में भाऔविनि की संविधि में संशोधन किया जाना समुचित ही था, जिससे भाऔविनि मर्चेन्ट बैंकिंग कार्य को आरम्भ करने के लिए प्राधिकृत हो गया । पुनः औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 में, 1986 में किए गए संशोधन

से भाऔविनि की मर्चेन्ट बैंकिंग सेवाओं के कार्य-क्षेत्र को और विस्तार प्रदान किया गया, जिसके फलस्वरूप भाऔविनि भारत अथवा भारत के बाहर मर्चेन्ट बैंकिंग सेवाओं सहित परामर्शदायी सेवाओं को प्रदान कर सकता है ।

3.02 भाऔविनि की मर्चेन्ट बैंकिंग सेवाओं का प्रयोजन, जिन्हें पहली जुलाई, 1986 से प्रारम्भ किया गया, न केवल ऐसी सेवायें उपलब्ध कराना है, जो कोई भी मर्चेन्ट बैंकर उपलब्ध करा सकता है, अपितु परियोजना परामर्श एवं एक-मुश्त सुविधाएं, विशेषकर निगमित क्षेत्र के मध्यम तथा बड़े उद्यमों को जिन्हें नई परियोजनाओं के निरूपण एवं कार्यान्वयन तथा उनकी विद्यमान परियोजनाओं के आधुनिकीकरण या विशाखन के लिए विशेष सहायता अथवा मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, उपलब्ध कराना भी है ।

3.03 मर्चेन्ट बैंकिंग के क्षेत्र में तीव्र प्रतिस्पर्धा और 1987 के अधिकतर भाग तथा 1988 के प्रारम्भ में पूंजी बाजार में मन्दी परिस्थितियों के बावजूद भी भाऔविनि के मर्चेन्ट बैंकिंग एवं समवर्गीय कारोबार विभाग ने, अपने बम्बई स्थित ब्यूरो सहित, अपनी गतिविधियों में बढ़ोतरी की और पिछले वर्ष के 12 निर्गमों की तुलना में इस वर्ष 22 सार्वजनिक निर्गमों की सफलतापूर्वक व्यवस्था की, जिससे इसके ग्राहक 271.08 करोड़ रुपये की राशि का संचय करने में समर्थ हो सके ।

3.04 1987-88 के दौरान, भाऔविनि के मर्चेन्ट बैंकिंग एवं समवर्गीय कारोबार विभाग का मुख्य जोर फिर भी नए उद्यमियों को बेहतर परियोजना परामर्श सेवाएं प्रदान करने तथा नई निगमित संस्थाओं को उनकी परियोजनाएं बनाने एवं कार्यान्वित करने तथा उन्हें तत्परता से विभिन्न वित्तीय सुविधाएं प्राप्त कराने वाले संस्थानों से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में मदद करना ही रहा । विभाग ने न्यासधारिता दत्त-कार्यों के अतिरिक्त पुनर्स्थापन के लिए समुचित एक मुश्त सुविधाओं तथा पूंजी संरचना योजनाओं एवं समामेलन तथा एकीकरण प्रस्तावों को निर्मित करने में भी सक्रिय भूमिका निभाई ।

उपस्कर लीजिंग

3.05 भाऔविनि के विशाखित कारोबार-मिश्रण में, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23(ण) की शर्तों के अधीन भारत सरकार द्वारा भाऔविनि को 26 मई, 1988 को लीजिंग कारोबार प्रारम्भ करने का प्राधिकार प्रदान किए जाने से, एक और नया आयाम जुड़ गया ।

3.06 उपस्कर लीजिंग योजना के अधीन जिसे पहली जून, 1988 से प्रभावी किया गया, भाऔविनि निगमित तथा सहकारी क्षेत्रों की विद्यमान औद्योगिक संस्थाओं को पट्टे पर उपस्कर प्रदान करता है । योजना के अन्तर्गत, वित्तीय लीजिंग (मास्टर लीज सहित), सिंडीकेटिड लीजिंग, बिक्री एवं लीजिंग के पुनः लीज रूप को हाथ में लेने तथा आयातित उपस्कर लीजिंग की व्यवस्था है । लीज व्यवस्था के साक्ष्य के रूप में सरल दस्तावेजीकरण सहित, योजना के अधीन सुविधा मंजूर करने के प्रयोजन के लिए एक संक्षिप्त एवं सरल कार्यविधि अपनाई जा रही है ।

3.07 यद्यपि उपस्कर लीजिंग योजना पहली जून, 1988 को ही आरम्भ की गई, तथापि इसे उल्लेखनीय समर्थन प्राप्त हुआ, और एक महीने की अवधि के भीतर ही भाऔविनि 15.07 करोड़ रुपये की लागत के उपस्कर के दो मामलों को पट्टे पर प्रदान करने को अन्तिम रूप देने में समर्थ रहा । सामान्यतः उद्योग को लीजिंग से प्राप्त होने वाले अन्तर-निहित लाभों और विशेषतः भाऔविनि द्वारा तत्परता से प्रदान की जाने वाली सेवाओं को ध्यान में रखते हुए आशा है कि चालू तथा भावी वर्षों में इस मद के अन्तर्गत भाऔविनि काफी कारोबार कर सकेगा ।

लीजिंग तथा किराया-खरीद संस्थाओं के वित्तपोषण की योजना

3.08 निगमित तथा सहकारी क्षेत्रों की विद्यमान लीजिंग एवं किराया-खरीद संस्थाओं के लिए, जो कम से कम पिछले तीन लेखांकन वर्षों से लीजिंग और/अथवा किराया-खरीद कारोबार में लगी हों, एवं जिनका कार्य-निष्पादन की सफलता का रिकार्ड सन्तोषजनक तथा वित्तीय स्थिति सुदृढ़ हो, भाऔविनि ने पहली नवम्बर, 1987 से वित्त उपलब्ध कराने के प्रयोजन के लिए लीजिंग तथा किराया-खरीद संस्थाओं के वित्तपोषण करने की एक योजना प्रारम्भ की । योजना के अधीन वित्तीय सहायता का, ऋण व्यवस्था के रूप में अथवा केवल ऋणों के रूप में, या लीज किराये में से आहरित किए गए नोटों के पुनर्बट्टे के रूप में प्रदान किये जाने का प्रावधान है ।

3.09 इस योजना को भी विद्यमान लीजिंग तथा किराया-खरीद संस्थाओं से अच्छा समर्थन प्राप्त हुआ । अतः, पात्रता-मापदण्ड एवं प्रत्येक मामले के गुणावगुणों को ध्यान में रखते हुए, भाऔविनि ने 30 जून, 1988 को समाप्त हुए 8 मास की अवधि के दौरान, चयनात्मक आधार पर, 13 विद्यमान लीजिंग तथा किराया-खरीद संस्थाओं को 10.50 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की, और इस प्रकार इससे देश में उद्योगों की उन्नति तथा विकास के लिए भाऔविनि द्वारा प्रदान की जा रही उल्लेखनीय वित्तीय सेवाओं में एक और आयाम जोड़ा गया ।

पूर्तिकार उधार योजना

3.10 भाऔविनि द्वारा वर्ष 1987-88 के प्रारम्भ में शुरू की गई पूर्तिकार उधार योजना एक विलक्षण योजना है, जो उपस्कर निर्माताओं तथा उपस्कर प्रयोक्ताओं दोनों के लिए उपयोगी एवं लाभदायक है । इस योजना के अन्तर्गत मशीनरी, उपस्कर तथा कम्प्यूटर निर्माता संस्थाओं

के लिए आस्थगित अदायगी आधार पर उनकी उपस्कर वास्तविक-प्रयोक्ता-खरीदार संस्थाओं को बेचने हेतु एक गैर-आवर्ती ऋण व्यवस्था की संरचना की गई है। किन्तु योजना से लाभान्वित होने के लिए यह आवश्यक है कि उपस्कर-विक्रेता संस्थाएं एवं उपस्कर-क्रेता संस्थाएं, दोनों ही, या तो निगमित या सहकारी क्षेत्र की होनी चाहिएं।

3.11 योजना के अधीन, ऋण व्यवस्था निर्माता-विक्रेता संस्था एवं इसकी वास्तविक-प्रयोक्ता-क्रेता ग्राहक संस्था/संस्थाओं के विवरण प्रस्तुत करने पर उपलब्ध कराई जा सकती है। उपस्कर के प्रस्तावित क्रेता-प्रयोक्ता भी अपने उपस्कर को आस्थगित आधार पर बेचने के लिए सहमत हुई निर्माता-विक्रेता संस्थाओं के विवरणों सहित पहुंच कर सकते हैं। योजना के अधीन विक्रेता द्वारा आस्थगित आधार पर संदेय किस्तों पर ब्याज सहित प्रत्येक किस्त के लिए एक अलग बिल आहरित किया जाता है। मियादी बिल ऐसी संख्याओं में तैयार किए जाते हैं ताकि वे मूलधन तथा ब्याज की प्रत्येक किस्त को समाहित कर सकें। भाऔविवि द्वारा इन मियादी बिलों के एवज में मशीनरी संभरकों को अग्रिम प्रदान किया जाता है। विक्रेता को सुविधा का उपयोग निर्धारित अवधि के अन्दर करना होता है और उसे उसको मंजूर की गई समग्र ऋण व्यवस्था की सीमा के अधीन प्रत्येक प्रस्ताव के लिए पूर्वानुमोदन प्राप्त करना होता है। भाऔविवि द्वारा योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक बहुत ही सरल और तीव्र गति वाली कार्यविधि अपनाई गई है।

3.12 योजना को, इसकी सुगमता एवं, सरलता को देखते हुए, विस्तृत समर्थन प्राप्त हुआ, जिसके परिणाम स्वरूप प्रथम वर्ष में ही योजना के अधीन 22 उपस्कर निर्माता संस्थाओं को 57.96 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई, जिसमें से 30 जून, 1988 तक 5 मामलों में 3.10 करोड़ रुपये की सहायता संवितरित हो चुकी थी। योजना के अधीन जिन उपस्कर निर्माता संस्थाओं को सहायता प्रदान की गई, उनका उद्योगवार वर्गीकरण निम्नलिखित अनुसार था—चीनी मशीनरी (1), वस्त्र मशीनरी (5), धरती-धकेल मशीनरी (3), बिजली उपस्कर (5), डेरी मशीनरी (1), साल्वेंट एक्स्ट्रैक्शन संयंत्र (1), प्लेन पेपर कापियर (1), प्लास्टिक प्रोसेसिंग उपस्कर (1), एपीएबीएक्स सिस्टम (2), कम्प्यूटर पेरीफरल्स (1) तथा पेंट शाप उपस्कर (1)। 22 मामलों में से, महाराष्ट्र से 13, पश्चिम बंगाल तथा हरियाणा प्रत्येक से 2, तथा कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पंजाब एवं संघ शासित क्षेत्र दिल्ली से एक-एक, सम्बन्धित थे।

अध्याय 4

प्रवर्तन कार्य

भाऔविवि की विकासात्मक भूमिका

4.01 चूंकि परियोजना वित्तपोषण के क्षेत्र में भाऔविवि का कार्य व्यापक रूप से निगमित और सहकारी क्षेत्रों की मध्यम और मध्यम-बड़े आकार की औद्योगिक इकाइयों, को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जिसके लिए मूलतः इसकी स्थापना की गई थी, भाऔविवि अपने विकासात्मक कार्यों में, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से ऐसे प्रयास और कार्य कर रहा है, जो अपने बहु-आयामी रूप में देश में औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया में तीव्रता लाने के लिए इसके द्वारा उपयुक्त समझे जाते हैं।

4.02 अनुभव से यह सिद्ध हो गया है, कि केवल मात्र राजकोषीय और वित्तीय प्रोत्साहन या वित्त की सहज सुलभता से औद्योगिक प्रयासों में सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती, जब तक कि परियोजना के जीवन-क्रम के दौरान प्रत्येक स्थिति में साधनसम्पन्न उद्यमीयता, नवीनतम और सक्षम प्रौद्योगिकी/जानकारी, व्यवसायिक प्रबन्ध, सुप्रेरित मानवशक्ति, परियोजना परामर्श और विस्तार सेवाओं, जैसे अन्य उपादय उपलब्ध न हों। अपने विकासात्मक कार्यों में, भाऔविवि नियमित रूप से अपने संसाधनों और क्षमता के अनुरूप अधिकतम संभव सीमा तक इन गैर-वित्तीय उपादेयों की व्यवस्था या उत्प्रेरण करने का प्रयास कर रहा है। भाऔविवि के प्रवर्तन कार्यों में व्याप्त जो दर्शन है, उसका लक्ष्य ऐसे सहायक उपायों से लघु और मध्यम आकार के उद्यमों को मदद और प्रोत्साहन प्रदान करना है, जो उन्हें 'स्थिरता सहित प्रगति' प्रदान कर सके।

प्रवर्तन गतिविधियां—समीक्षा

4.03 वर्ष 1987-88 में भाऔविवि की प्रवर्तन गतिविधियों का मुख्य बल, देश में उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों को सहायता और गति प्रदान करने, अधिक उदार जोखिम पूंजी सहायता प्रदान करते हुए उद्यमीयता आधार को विस्तृत करने, प्रौद्योगिकी वित्त और विकास के क्षेत्रों में पदार्पण करने, तकनीकी सलाहकारी संगठनों को समर्थन देने, और देश में प्रबन्ध विकास के प्रयोजन हेतु सहायता प्रदान करने पर रहा।

4.04 भाऔविवि कुछ प्रवर्तन योजनाएं भी चला रहा है, जो ग्रामीण और लघु उद्योग क्षेत्रों के उद्योगों की उन्नति और विकास के अन्तरालों को भरने का प्रयत्न कर रही हैं, और नए स्व-नियोजित युवकों, महिला उद्यमियों, देशी प्रौद्योगिकी के अभिग्रहण का प्रयास करने वाली परियोजनाओं, गुणवत्ता नियंत्रण उपाय आदि को, ब्याज उप-सहायता के रूप में निश्चित प्रोत्साहन देती हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, पशुधन विकास, डेरी फार्मिंग, मुर्गी पालन, मछली पकड़ने, कृषि, बागवानी, रेशम उत्पादन और मत्स्यपालन पर आधारित या उनसे सम्बन्धित उद्योगों को उप-सहायता प्रदत्त परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष योजनाएं बनाई गई। योजनाओं के स्वरूप के अनुसार विद्यमान योजनाओं का पुनरीक्षण या नई योजनाएं बनाते समय राष्ट्रीय नीति के अनुरूप समाज के कमजोर वर्गों, शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों,

भूतपूर्व सैनिकों, श्रीलंका से प्रत्यावर्तित व्यक्तियों, महिला उद्यमियों आदि को बहुतर संव्यवहार प्रदान किया गया ।

4.05 वर्ष के दौरान, विभिन्न प्रवर्तन गतिविधियों के लिए उपयोग की गई राशि 540.23 लाख रुपए रही, जो कि पिछले वर्ष उपयोग की गई 446.06 लाख रुपए की राशि से 21.1 प्रतिशत अधिक थी । सारणी 13 और 14 में भाऔविनि द्वारा इसकी प्रवर्तन गतिविधियों के लिए उपयोग की गयी राशि का, तथा जिन स्रोतों से इसे जुटाया गया था, ब्यौरा दिया गया है ।

सारणी 13 : प्रवर्तन गतिविधियों पर भाऔविनि द्वारा उपयोग की गई राशि (लाख रुपये)

भाऔविनि द्वारा सहायता प्रदान की गई गतिविधियों का स्वरूप	1987-88 (जुलाई-जून) राशि/ रुपये/		30 जून, 1988 तक संचयी राशि/ रुपये/	
(1)	(2)		(3)	
(i) प्रवर्तन योजनाएं				
—उप-सहायता	42.67		271.75	
—ऋण सहायता	—	42.67	23.50	295.25
(ii) औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षण उद्योग रहित जिलों सहित पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए		0.34		9.59
(iii) तकनीकी सलाहकारी संगठनों के लिए सहायता				
—तकनीकी सलाहकारी संगठन के लिए	6.48		62.53	
—औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका	—	6.48	0.43	62.96
(iv) उद्यमीयता विकास के लिए सहायता				
—उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों की लागत में हिस्सेदारी	19.98		46.99	
—भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान को सहायता	11.75		84.25	
—उद्यमीयता विकास संस्थानों को सहायता	3.75	35.48	12.25	143.49
(v) जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम के माध्यम से जोखिम पूंजी सहायता के लिए मदद		267.00		1,249.92
(vi) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों को सहायता		15.91		15.91
(vii) प्रबन्ध विकास संस्थान की प्रबन्ध विकास गतिविधि के लिए मदद		166.46		796.99
(viii) अनुसंधान आदि का प्रवर्तन				
—भा औविनि पीठें	2.18		27.36	
—विशेष अनुसंधान अध्ययन रिपोर्टें आदि	—		10.63	
—इण्डियन इकनामिक जर्नल को सहायता	—	2.18	0.10	38.09
(ix) अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन और सेमिनारों के लिए सहायता				
—ग्रामीण विकास पर अन्तरराष्ट्रीय प्रतिपादन	—			
—गुट निरपेक्ष और अन्य विकासशील राष्ट्रों के लिए अनुसंधान और सूचना व्यवस्था	3.00		8.00	
—विश्व आर्थिक कांग्रेस	—		4.00	
—इण्डियन इकोनोमैट्रिक सोसायटी	0.50	3.50	0.50	13.50
(x) गहरा कुंआ परियोजना के लिए मुनिगुडा, उड़ीसा के 'नई आशा ग्रामीण कुष्ठ रोग न्यास को सहायता		0.21		0.21
(xi) पुनर्भर्या कार्यक्रम और राज्य स्तरीय संस्थानों को सहायता		—		4.30
(xii) अन्य (परियोजना के प्रत्यक्ष वित्त के लिए प्रयुक्त			—	59.36
जोड़		540.23		2,669.57

सारणी 14 : भाऔविनि की प्रवर्तन गतिविधियों के लिए वित्तीय स्रोत

(लाख रुपये)

निधि	1987-88 (जुलाई-जून) राशि/रु०	30 जून 1988 तक संचयी राशि/रु०
(1)	(2)	(3)
हितकारी आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32ख के अधीन भाऔविनि के लाभों में से बनाई गई)	184.98	669.07
ब्याज अन्तर-जन्य निधियां (भाऔविनि, कदितांस्सल्त फर वाइडरफबऊ, भारत सरकार और जर्मन संघीय गणराज्य की सरकार के बीच हुए करारों की शर्तों के अधीन के० एफ० डब्ल्यू० ऋणों के लिए भाऔविनि द्वारा अदा किए गए ब्याज में से भारत सरकार से प्राप्त धन के द्योतक है)	355.25	2,020.50
जोड़	540.23	2,689.57

प्रवर्तन योजनाएं

4.06 वर्ष के दौरान, उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों और सिक्किम के उद्यमियों के लाभ के लिए भाऔविनि की विद्यमान प्रवर्तन योजनाओं को और भी उदार बनाया गया। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति तथा शारीरिक रूप से विकलांग उद्यमियों की विभिन्न योजनाओं के अधीन उन्हें उपलब्ध समान लाभों के लिए भूतपूर्व सैनिकों और श्रीलंका से प्रत्यावर्तित व्यक्तियों को भी वरीय श्रेणियां माना गया। दिसम्बर, 1987 में की गई समीक्षा के आधार पर कुछ योजनाओं को, जिन्हें बाद में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (भाऔविबैंक) ने व्यापक पैमाने पर स्वयं चलाना आरम्भ कर दिया था, छोड़ दिया गया, और कुछ नई योजनाओं तथा कुछ विद्यमान योजनाओं को, संशोधित करने के बाद, कुछ अतिरिक्त विशेषताओं सहित आरम्भ किया गया।

4.07 वर्तमान स्थिति यह है कि भाऔविनि की इस समय निम्नलिखितानुसार आठ सलाहकारी शुल्क उप-सहायता योजनाएं एवम चार ब्याज उप-सहायता योजनाएं चल रही हैं :—

सलाहकारी शुल्क उप-सहायता योजनाएं

— व्यवहार्यता अध्ययन, आदि की लागत को पूरा करने के लिए ग्रामीण, कुटीर, अति लघु और लघु क्षेत्र के लघु उद्यमियों को उप-सहायता देना।

— पशुधन विकास, डेरी फार्मिंग, मुर्गी पालन और मछली पकड़ने से सम्बन्धित उद्योगों को सलाहकारी उप-सहायता योजना।

— कृषि, बागबानी, रेशम उद्योग और मत्स्य पालन पर आधारित या उनसे सम्बन्धित उद्योगों को सलाहकारी उप-सहायता योजना।

— सहायक और लघु क्षेत्र के उद्योगों के प्रवर्तन के लिए उप-सहायता योजना।

— बाजार अनुसंधान/सर्वेक्षण आदि की लागत को पूरा करने के लिए नए उद्यमियों को उप-सहायता योजना।

— लघु क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों को बाजार सहायता उपलब्ध कराने के लिए उप-सहायता योजना।

— ऊर्जा और ऊर्जा संरक्षण उपायों के गैर-परम्परागत स्रोतों के उपयोग हेतु सलाहकारी उप-सहायता योजना।

— ग्रामीण और लघु उद्योगों के क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के लिए उप-सहायता योजना।

ब्याज उप-सहायता योजनाएं

— बेरोजगार युवा व्यक्तियों के लिए स्व-विकास और स्व-नियोजन योजना।

— महिला उद्यमियों के लिए ब्याज उप-सहायता योजना।

— लघु क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को प्रोत्साहित करने के लिए ब्याज उप-सहायता योजना।

— देशी तकनीक को ग्रहण करने को प्रोत्साहित करने के लिए ब्याज उप-सहायता योजना।

4.08 सलाहकारी शुल्क उप सहायता योजनाओं का उद्देश्य तकनीकी सलाहकारी संगठनों के माध्यम से ग्रामीण और लघु उद्योगों के क्षेत्र में व्यापक रूप से औद्योगिक इकाइयों को कम दर पर सलाहकारी सेवाएं उपलब्ध कराना है। सलाहकारी सेवाओं में व्यवहार्यता अध्ययन करने, परियोजना रिपोर्ट बनाने, बाजार अनुसंधान/सर्वेक्षण, बाजार सहायता, ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्रोतों के उपयोग, ऊर्जा संरक्षण उपायों, प्रदूषण नियंत्रण और पशुधन विकास, डेरी फार्मिंग, मुर्गी पालन, मछली-पकड़ने, कृषि, बागबानी, रेशम उद्योग, मत्स्य-पालन आदि से सम्बन्धित या उन पर आधारित उद्योगों के सलाहकारी सेवाओं के पैकेज पर मुख्य बल दिया गया है।

4.09 ब्याज उप-सहायता योजनाओं का लक्ष्य बेरोजगार युवाओं तथा महिला उद्यमियों को स्व-विकास एवं स्व-रोजगार के लिए प्रोत्साहन देना, गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को ग्रहण करना, उपलब्ध देशी प्रौद्योगिकी को काम में लाना, आदि है। वर्ष के अंत में, इन योजनाओं में, पहली जुलाई, 1988 से प्रभावी, एक प्रमुख विशेषता यह जोड़ी गई कि यदि बेरोजगार युवा और महिला उद्यमी अपने उद्यम के लिए बैंक से वित्तीय सहायता प्राप्त करते हैं, तो वे अपनी परियोजना पूंजी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बैंक ऋणों पर भाऔविनि ब्याज उप-सहायता प्राप्त कर सकते हैं। पहले यह सुविधा राज्य वित्तीय निगमों

या राज्य वित्तीय निगमों का कार्य करने वाले राज्य स्तरीय संस्थानों द्वारा किए गए ऋणों के लिए ही उपलब्ध थीं।

प्रवर्तन योजनाओं के अधीन उप-सहायता तथा ऋण सहायता

4.10 1987-88 में, भाग्रौविनि ने अपनी प्रवर्तन योजनाओं के अधीन 42.67 लाख रुपये की उप-सहायता का संवितरण किया, जिससे 1372 परियोजनाओं को लाभ हुआ, और जो अधिकतर ग्रामीण और लघु उद्योग (सहायक उद्योगों सहित) क्षेत्र की थीं। सारणी 15 में वर्ष 1987-88 के दौरान और 30 जून, 1988 तक भाग्रौविनि द्वारा संचयी रूप से अपनी प्रवर्तन योजनाओं के अधीन संवितरित उप-सहायता के विवरण दिए गए हैं।

सारणी 15 : भाग्रौविनि द्वारा इसकी विभिन्न प्रवर्तन योजनाओं के अधीन संवितरित उप-सहायता (लाख रुपये)

प्रवर्तन योजनाओं के नाम	1987-88 (जुलाई-जून) (रु०)	30 जून 1988 तक संचयी (रु०)
(1)	(2)	(3)
--व्यवहार्यता अध्ययन, आदि की लागत को पूरा करने के लिए ग्रामीण, कुटीर, अति लघु और लघु क्षेत्र के छोटे उद्यमियों को उप-सहायता	25.92	184.20
--सहायक और लघु क्षेत्र के उद्योगों के प्रवर्तन के लिए उप-सहायता योजना	0.99	16.81
--बाजार अनुसंधान/सर्वेक्षण की लागत को पूरा करने के लिए नए उद्यमियों को उप-सहायता योजना	4.35	9.53
--लघु क्षेत्र की इकाइयों को बाजार सहायता उपलब्ध करवाने के लिए उप-सहायता योजना	0.30	0.44
--अति लघु तथा लघु क्षेत्र में रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन के लिए उप-सहायता योजना	4.28	10.72
--अति लघु, लघु और सहायक इकाइयों के आधुनिकीकरण कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए उपसहायता योजना	2.80	3.04
--बेरोजगार युवा व्यक्तियों के स्व-विकास और स्व-रोजगार के लिए उप-सहायता योजना	0.32	0.32
--महिला उद्यमियों के लिए ब्याज उप-सहायता योजना	1.31	1.34
--देसी तकनीक के ग्रहण को प्रोत्साहित करने के लिए ब्याज उप-सहायता योजना	2.40	45.35
--इन-हाऊस अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के माध्यम से टेक्नोलॉजी विकास के लिए उप-सहायता योजना	--	23.50
	42.67	295.25

उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र जिलों के औद्योगिक सम्भावना सर्वेक्षणों के लिए सहायता

4.11 उपयुक्त परियोजना अवसरों का अभिनिर्धारण सन्तुलित क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। भाग्रौविनि, इस कार्य के लिए अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों की भागीदारी में कुछ पिछड़े हुए जिलों के विशेषतः उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र जिलों के औद्योगिक सम्भावना सर्वेक्षण, व्यवहार्यता अध्ययन, तकनीकी-आर्थिक सर्वेक्षणों आदि की लागत के लिए सहायता प्रदान कर रहा है।

4.12 30 जून, 1988 तक सम्बन्धित राज्य सरकारों के परामर्श से, भाग्रौविनि सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने 14 तकनीकी सलाहकारी संगठनों को 48 उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र जिलों के औद्योगिक सम्भावना सर्वेक्षण का कार्य सौंपा था, जिसके आधार पर 362.83 करोड़ रुपए के निवेश और लगभग 19,591 व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना सहित 45 उद्योग रहित विशेष क्षेत्रों की 122 परियोजना विचारों को अगली आवश्यक कार्रवाई के लिए सम्बन्धित राज्य सरकारों/राज्य स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों को भेज दिया गया था। 30 जून, 1988 तक इस गतिविधि हेतु भागीदारी आधार पर भाग्रौविनि द्वारा लगभग 9.59 लाख रुपए की निधिक सहायता प्रदान की जा चुकी थी।

तकनीकी सलाहकारी सेवाओं के लिए सहायता

4.13 वर्ष 1987-88 के आरम्भ में, 18 तकनीकी सलाहकारी संगठन—भाग्रौविबैंक के अग्रणी दायित्व में नौ, भाग्रौविनि के अग्रणी दायित्व में पांच और भाग्रौसानिनि के अग्रणी दायित्व में तीन और कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा प्रवर्तित एक-विशेषकर ग्रामीण, अति लघु, लघु और मध्यम स्तर की औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित उद्यमों को विस्तार सेवाओं सहित विस्तृत परामर्श सेवाएं प्रदान कर रहे थे। इन तकनीकी सलाहकारी संगठनों द्वारा 1987-88 के दौरान कुल मिलाकर, 3604 दत्तकार्य, निष्पादित किए जा चुके थे, और संचयी रूप से 30 जून, 1988 तक 27,430 दत्तकार्य निष्पादित किए जा चुके थे, जिनका विवरण सारणी 16 में दिया गया है।

4.14 भाग्रौविनि का वर्ष के दौरान (क) तकनीकी सलाहकारी सेवाओं के गुणात्मक पहलुओं में सुधार करने, (ख) कारोबार विकास के लिए वरीयता क्षेत्रों का अभिनिर्धारण करने, (ग) उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों में प्रशिक्षण और धारण, कहां कहीं उनके द्वारा आयोजित किए गए हों, के बीच सम्बन्ध स्थापित करने, (घ) विशेषतः ग्रामीण और लघु उद्योगों में क्षेत्रों उद्योगों को सलाहकारी सेवाएं प्रदान करने पर लगातार जोर रहा। अपनी प्रवर्तन योजनाओं के अधीन भाग्रौविनि की सलाहकारी शुल्क उप-सहायता योजनाओं से भी उन क्षेत्रों के तकनीकी सलाहकारी संगठनों द्वारा अपेक्षित आयाम बनाए रखने और सृजित करने में सहायता मिली, जिनमें विशेषतः ग्रामीण और लघु उद्योग क्षेत्रों में, परामर्श सेवाएं अत्यन्त आवश्यक समझी गई।

सारणी 16 सभी तकनीकी सलाहकारी संगठनों की प्रगति का सार

दस्तकारों की प्रकृति	पूरे किये गए दस्तकारों की संख्या	
	1987-88 (जुलाई-जून)	प्रत्येक तकनीकी सलाहकारी संगठन के प्रारम्भ से 30 जून, 1988 तक
(1)	(2)	(3)
I निवेश-पूर्व सलाहकारी दस्तकार्य		
—व्यावहार्यता, व्यवहार्यता-पूर्व अध्ययन/परियोजना रिपोर्ट, आदि	2,207	12,262
—औद्योगिक सम्भावना/क्षेत्र विकास सर्वेक्षण	40	465
बाजार सर्वेक्षण	14	549
—परियोजना रूपरेखा	545	8,150
—प्रारम्भिक तथ्य निरूपण अध्ययन	3	95
—मूल्यांकन	1	1,006
—अन्य	261	1,887
उप-जोड़ (I)	3,188	24,414
II निवेश-पश्चात् सलाहकारी दस्तकार्य		
—निदानात्मक अध्ययन	149	846
—रुग्ण इकाइयों का पुनर्स्थापन	37	442
—अन्य	53	904
उप-जोड़ (II)	239	2,192
III तकनीकी दस्तकार्य/कार्यात्मक औद्योगिक काम्पलेक्स, आदि	4	60
IV उद्यमीयता विकास कार्यक्रम	173	764
कुल जोड़ (I+II+III+IV)	3,604	27,430

औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका

4.15 भा० औ० वि० बैंक के अग्रणी दायित्व में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने औद्योगिक सलाहकारों की एक नामिका बनाए रखी, और इसे औद्योगिक परामर्शदाता निर्देशिका में सूचीबद्ध करते रहे। वर्ष के दौरान 68 नए परामर्शदाताओं को इस सूची में शामिल किया गया और पहले से सूचीबद्ध 15 परामर्शदाताओं को अतिरिक्त क्षेत्रों में शामिल किया गया। इससे 30 जून, 1988 तक संस्थानों द्वारा सूची में शामिल किए गए परामर्शदाताओं की कुल संख्या 737 हो गई।

उद्यमीयता विकास के लिए सहायता

4.16 उद्यमीयता विकास में संभावित उद्यमियों का अभिनिर्धारण, उद्यमीयता सफलता के लिए उनमें अपेक्षित विशेषताओं/सक्षमताओं का विकास और प्रशिक्षित उद्यमियों को वास्तविक उद्यम निर्माण की सम्पूर्ण परवर्ती अवस्थाओं में सहायता प्रदान करना शामिल है। उद्यमीयता विकास के क्षेत्र में भा० औ० वि० नि० का योगदान (क) सम्पूर्ण देश की विभिन्न एजेंसियों द्वारा आयोजित उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों की लागत में भागीदारी करना (ख) भा० औ० वि० नि० सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा स्थापित और प्रवर्तित शीर्ष स्तर के संगठन, भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान को सहायता प्रदान करना और (ग) यथा सहमत कार्यक्रम के अनुसार राज्य या क्षेत्रीय स्तर के उद्यमीयता विकास संस्थानों की स्थापना में सहायता करना, रहा है।

4.17 वर्ष के दौरान, भा० औ० वि० बैंक और भा० औ० सा० नि० नि० सहित भा० औ० वि० नि० ने 148 उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों हेतु सहायता दी, जिसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमियों के लिए 28 उद्यमीयता विकास कार्यक्रम शामिल थे। उद्यमीयता विकास कार्यक्रम एजेंसियों में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा प्रवर्तित तकनीकी सलाहकारी संगठन, भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान, राज्य स्तरीय उद्यमीयता विकास संस्थान और विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमियों के लिए क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालेज, प्रौद्योगिक संस्थान और विभिन्न अन्य प्रौद्योगिकी उन्मुख एजेंसियां जैसी एजेंसियां शामिल थी। सम्प्रति जून, 1988 के अंत तक भा० औ० वि० नि० ने 894 उद्यमीयता विकास संस्थानों को सहायता प्रदान की थी/करने की सहमति प्रदान की थी। जिससे 21,500 संभावित उद्यमियों के लाभान्वित होने की आशा थी

4.18 उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों की लागत में भागीदारी करते हुए 30 जून, 1988 तक भा० औ० वि० नि० ने 46.99 लाख रुपये की कुल वित्तीय सहायता प्रदान की, जिसमें से 19.98 लाख रुपये की राशि, अब तक राशियों में अधिकतम, वर्ष 1987-88 से सम्बन्धित थी।

4.19 भा० औ० वि० नि० सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा प्रवर्तित भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान (भा० उ० वि० सं०) ने 31 मार्च, 1988 को अपने परिचालनों का पांचवां वर्ष पूरा कर लिया। उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों के लिए एक संसाधन संगठन के रूप में कार्य करने, उद्यमीयता विकास अनुभवों के सम्बन्ध में अनुसंधान और नवीन जानकारी के आधार पर विकास करने, प्रशिक्षण देने और परामर्श देने और राज्य स्तर के उद्यमीयता विकास संगठनों को सहायता देने के उद्देश्य से स्थापित इस शीर्ष संस्थान ने वर्ष के दौरान पांडिचेरी और मिजोरम में दो माडल उद्यमीयता विकास कार्यक्रम, नए उद्यमीयता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षकों के विकास के लिए प्रतिष्ठित प्रशिक्षक कार्यक्रम

(शृंखला में पांचवां) क्रमशः शिमला, गुवाहाटी, हैदराबाद, गोवा और बंगलौर में पांच उद्यमीयता सम्मेलन, राष्ट्रीय प्रशिक्षक सम्मेलन (श्रंखला में दूसरा) उद्यमीयता विकास कार्यक्रम के संचालकों और सहायक एजेंसियों के मुख्य कार्यपालकों का पहला सम्मेलन, 11 उद्यमीयता विकास कार्यक्रम मूल्यांकन, उन्मुखता विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए और उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों के विभिन्न पहलुओं के सम्बन्ध में 24 संगठनों को व्यावसायिक सहायता प्रदान की । भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने टोंगा (प्रशांत द्वीप) घाना, अबिदजन (आइवरी कोस्ट) फिलिपाइन्स प्रत्येक में एक-एक और एक अहमदाबाद (भारत) में अपने प्रांगण में प्रशिक्षण-प्रेरकों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम भी आयोजित किए । भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने वर्ष के दौरान 'नये उद्यमियों का विकास' नामक एक पुस्तक का भी प्रकाशन किया । भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने वर्ष के दौरान स्कूल और कालेजों के विद्यार्थियों में उद्यमीय जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण प्रयास किए, ताकि सही समय पर उद्यमीयता कार्यों के लिए उनकी क्षमता का उपयोग किया जा सके । भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान के प्रयासों के आधार पर गुजरात सरकार ने, वर्ष के दौरान, उच्चतर माध्यमिक स्तर की शिक्षा के व्यावसायिक समूह के विषयों में एक घटक के रूप में उद्यमीयता को भी शामिल किया ।

4.20 जून, 1988 के अंत तक भा० औ० वि० नि० द्वारा भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान को 84.25 लाख रुपये की संसाधन सहायता दी गई थी, जिसमें से 11.75 लाख रुपये की राशि 1987–88 में उपलब्ध कराई गई थी ।

4.21 भा० औ० वि० नि० सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों में, उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में राज्य स्तर के उद्यमीयता विकास संस्थानों की स्थापना के लिए सहायता देने में भी सहमति है ।

4.22 फरवरी, 1986 में लखनऊ में स्थापित उद्यमीयता विकास संस्थान, उत्तर प्रदेश ने जून, 1988 के अंत तक 31 उद्यमीयता विकास कार्यक्रम/अन्य कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 1,032 भागीदार शामिल हुए । 'पूर्वी उत्तर प्रदेश में पर्यटन उद्योग उद्यमीयता' विषय पर अनुसंधान और उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ मुरादाबाद और मिर्जापुर जिलों में लघु उद्योगों के विकास पर एक अध्ययन किया गया । उद्यमीयता विकास संस्थान, उत्तर प्रदेश हितोपभोगी सहायता पद्धति और स्थानीय प्रशिक्षकों के अंतराल को पूरा करने के लिए नियमित रूप से एक द्विभाषिक सूचना पत्र 'उद्यमीयता' भी प्रकाशित कर रहा था । पहली बार इस संस्थान ने एक पुस्तक 'उद्यमीयता विकास का अवलंबन स्वरूप' प्रकाशित की है, और अनुभवहीन उद्यमियों को प्रशिक्षित और प्रेरित करने के लिए कुछ वीडियो फिल्में भी बनाई है ।

4.23 मार्च, 1987 में स्थापित उद्यमीयता विकास संस्थान, बिहार, ने वर्ष के दौरान अन्य एजेंसियों के सहयोग से पांच कार्यक्रम आयोजित किये । इनमें से दो कार्यक्रम परिचालन कार्यपालकों के लिए सेमिनार के रूप में थे, एक उद्यमीयता विकास कार्यक्रम केवल महिलाओं के लिए ही था, और अन्य दो कार्यक्रम विस्तार-अभिप्रेरणा कार्यक्रम और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयोजित औद्योगिक मार्गदर्शन कैम्प के रूप में थे । भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान, अहमदाबाद ने बिहार में उद्यमीयता विकास कार्यों के लिए एक व्यापक कार्य-योजना तैयार की है । इसमें अगले दो वर्षों में प्रशिक्षणों का चयन कार्य-क्षेत्रों का अभिनिर्धारण और 20 उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों और 20 उन्मुखता कार्यक्रमों का आयोजन निहित है ।

4.24 मार्च, 1987 में स्थापित उद्यमीयता विकास संस्थान, उड़ीसा ने मई, 1987 से कार्य करना आरम्भ कर दिया । 30 जून, 1988 को समाप्त अवधि के दौरान, उद्यमीयता विकास संस्थान, उड़ीसा ने 18 उद्यमीयता विकास कार्यक्रम सम्पन्न किए थे, और एक सेमिनार आयोजित करने के अतिरिक्त दो प्रबन्ध विकास कार्यक्रम, एक कार्यशाला और और एक उत्पाद प्रदर्शनी भी आयोजित की थी । वर्ष के दौरान आयोजित 18 उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों में से 16 कार्यक्रम पूरे हो गए थे जिसमें 491 नवीन उद्यमी विकसित किये गये ।

4.25 जून, 1988 के अंत तक भा० औ० वि० नि० ने राज्य स्तर के उद्यमीयता विकास संस्थानों को 12.25 लाख रुपये की संसाधन सहायता प्रदान की थी । जिसमें से 3.75 लाख रुपये की राशि 1987–88 में दी गई ।

जोखिम पूंजी, उद्यम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त के लिए सहायता

4.26 उद्यमीयता आधार के विस्तार के क्षेत्र में जोखिम पूंजी सहायता का अपना ही महत्व है । इसी उद्देश्य से भा० औ० वि० नि० ने 1975 में जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान प्रवर्तित किया था, जिसे 12 वर्ष की अवधि के बाद, 'जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लिमिटेड (जो पूं प्रौ नि)' के नाम से एक कम्पनी में परिवर्तित किया गया ।

4.27 जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लिमिटेड की, जो 12 जनवरी, 1988 को अस्तित्व में आया, अपने सम्पूर्ण आस्तियों, कार्ययोग्य दावों, अधिकारों, विशेषाधिकारों, ऋणों और देयताओं सहित जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान द्वारा किए जा रहे सभी कारोबार और कार्यकलापों को नियमित रूप से करने का के लिए प्राधिकृत है । जोखिम पूंजी प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० की अधिकृत शेयर पूंजी 25 करोड़ रुपये है, और आगामी तीन वर्षों में इसकी प्रदत्त पूंजी 5 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है । अपनी प्रदत्त पूंजी के अतिरिक्त जोखिम पूंजी प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० को

भा० ग्रौ० वि० नि० नियमित रूप से ब्याज, अंतर-जन्य निधियों के अधीन उपलब्ध अनुदान और ऋणों के द्वारा सहायता देता रहेगा ।

4.28 सारणी 17 में, 31 दिसम्बर, 1987 को समाप्त समाप्त हुए वित्तीय वर्ष, इसके बाद 430 जन, 1988 को समाप्त हुए अर्ध वर्ष की अवधि के दौरान और जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान (अब जो० पूं० प्रौ० वि० नि०) के कार्य आरम्भ करने से लेकर 30 जून, 1988 तक मंजूरियों एवं संवितरणों से सम्बन्धित संचयी आंकड़ों का संक्षिप्त विवरण दिया गया है ।

सारणी 17: जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० की मंजूरियां और संवितरण

जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त की जोखिम सहायता सम्बन्धित विवरण	1987 (जनवरी–दिसम्बर)	1988 (जनवरी–जून)	30 जून 1988 तक संचयी
(1)	(2)	(3)	(4)
(i) मंजूर की गई परियोजनाएं (संख्या)	25	19	156
	(19)	(14)	(127)
(ii) उपर्युक्त (i) से सम्बन्धित उद्यमी (संख्या)	43	30	264
	(36)	(21)	(213)
(iii) निवल मंजूरियां (लाख रु०)	406.20	264.00	1,861.48
	(290.44)	(200 50)	(1,404.18)
(iv) संवितरण (लाख रु०)	350.94	78 30	1,322.48
	(267.77)	(81.25)	(974.497

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े समकक्ष पिछली अवधि के आंकड़ों के द्योतक है ।

4.29 वर्ष 1987 और 30 जन, 1988 को समाप्त अर्ध वर्ष के दौरान जिन परियोजनाओं के प्रवर्तकों को जोखिम पूंजी प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, उनमें इलैक्ट्रानिक्स पुशबटन, टेलीफोन, डिस्पोजेबल हाइपोडर्मिक नीडल्स, मैगनेटिक इंक करेक्टर रिकोग्निशन चेक और अन्य कम्प्यूटर लेखन सामग्री, निकल केडमियम बैटरीज, सीमलेस स्टील हाई प्रेशर ट्यूब्स मल्टीलेयर फलेक्सीबल लेमिनेट्स, रेड मड पी वी सी/कोरूगेटिड /प्लेन रूफिंग शीट्स, डाट मेट्रिक्स/ डेजी व्हील प्रिन्ट, इन्टेनेटर्स, पब्लिक पे फोन्स, रेड मड पी वी सी पाइप्स विनिर्माण जैसे उच्च तकनीक वाले क्षेत्र भी शामिल हैं । उक्त अवधि के दौरान जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लिमिटेड के परिचालनों की अन्य मुख्य विशेषताएं यह रही कि 70 प्रतिशत परियोजनाएं, जिन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी अधिसूचित पिछड़े/कम विकसित क्षेत्रों में थी, और जो पूं प्र ग्रो नि के सहायता पुंज में 5 महिला उद्यमी शामिल थीं, जिससे इसके द्वारा वित्तपोषित महिला उद्यमियों की संख्या 8 हो गई थी ।

4.30 प्रवर्तकों के सम्बन्ध में, जिन्हें पिछले चार वर्षों के दौरान अर्थात वर्ष 1985 से अब तक वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी, जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० के बारे में किए गए हाल ही के अध्ययन से निम्नलिखित बातें पता चलती हैं :—

— टेक्नोक्रेट उद्यमियों को कुल सहायता की 57 प्रतिशत सहायता मंजूर की गई ।

— संख्यावार 55 प्रतिशत वित्त पोषित प्रवर्तक तकनीशियन उद्यमी थे ।

— संख्यावार 47 प्रतिशत प्रवर्तक पृष्ठभूमि से सम्बन्धित थे और 41 प्रतिशत ऐसे उद्यमी थे जिन्होंने लघु पैमाने के क्षेत्र से शुरू कर मध्यम पैमाने के क्षेत्र में पदार्पण किया था ।

— आयु-वार 42 प्रतिशत प्रवर्तक 35 वर्ष के थे आयु समूह और 41 प्रतिशत प्रवर्तक 36–45 वर्ष के आयु समूह से सम्बन्धित थे ।

— जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिक वित्त निगम लिमिटेड द्वारा प्रवर्तित 30 प्रतिशत परियोजनाओं के वित्तपोषित प्रवर्तकों ने या तो नई प्रौद्योगिकी अपनाई थी, या नए उत्पादों का विनिर्माण आरम्भ किया था ।

4.31 अपने नवीन दायित्व में, जोखिम पूंजी के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करने के अतिरिक्त जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० प्रौद्योगिकी उन्नयन और विकास के लिए भी उच्च तकनीक वाली परियोजनाओं को उद्यम पूंजी के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कृत-संकल्प है ।

4.32 प्रौद्योगिकी वित्त में निम्नलिखित कार्यकलापों के लिए निधि प्रदान करने पर बल दिया जाएगा :—

(क) नव्वत, अभिनव प्रौद्योगिक, उत्पाद, प्रक्रियाएं, बाजार, सेवाएं, प्रौद्योगिकी उन्नयन, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण नियंत्रण, वाणिज्यिक स्थितियों में लाने के लिए घरेलू अनुसंधान और विकास प्रयासों द्वारा अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान प्रयोगशालाओं एवं उच्च अध्ययन केन्द्रों में विकसित, उन्नत और जटिल प्रौद्योगिकियों के लिए अवस्थापना सहायता, अपरिहार्य ग्राहक स्वीकृति और स्वीकार्य उत्पाद किफायतों की सार्थकता सिद्ध करना । इसमें पायलट प्लाट, डेमोन्स्ट्रेशन स्केल प्लांट और अध्ययन, अनुसंधान और विकास कार्य, विशेष प्रशिक्षण, प्राटोटाइप विनिर्माण और मूल्यांकन, गुणवत्ता और बाजार ग्राहकता की सार्थकता सिद्ध करना आदि शामिल है ।

(ख) अपरिहार्य उत्पाद, प्रक्रिया, प्रौद्योगिकी सुधार और नवीनता के लिए राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय परामर्शदाताओं और संस्थानों के खर्चे उठाना ।

(ग) वाणिज्यिक अनुसंधान और विकास कार्यक्रम चलाना।

4.33 आरम्भ में, व्यवहार्य प्रस्तावों और परियोजनाओं को, जो कि अल्पावधि में पूरी हो सकेंगी और जो निगमित और सहकारी क्षेत्रों, औद्योगिक संगठनों और न्यासों की इकाइयों से उत्पन्न हों, प्रौद्योगिकी वित्त दिए जाने का प्रस्ताव है। नवीनतम अच्छी सिद्ध रिकार्ड और अपेक्षित प्रौद्योगिकी और प्रबन्धकीय शक्तियों वाली इकाइयों को वरीयता दिए जाने का प्रस्ताव है। नवीनतम प्रौद्योगिकी के विकास और प्रयोग के लिए नए उद्यमों के लिए भी सहायता पर विचार किया जा सकता है। यह सहायता, परियोजना प्रवर्तकों के लाभ और जोखिम की अनुमति देने वाले अल्पावधि परम्परागत ऋणों या ब्याज रहित ऋण के रूप में हो सकती है। प्रौद्योगिकी उन्मुख योजनाओं के लिए अल्पकालीन रियायती ऋणों पर विकास अवधि के दौरान 6 प्रतिशत वार्षिक दर पर ब्याज लगेगा, और इसके बाद संभावित नकद प्राप्तियों के मूल्यांकन के अनुसार 13 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज लगेगा। परियोजना की इक्विटी में प्रत्यक्ष अभिदान के साथ, यदि कोई हो, वे व्यवस्थाएं शामिल होंगी जिनसे कि प्रवर्तक जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० द्वारा धारित इक्विटी शेयरों की पुर्नखरीद कर सके। एकल परियोजना/योजना के लिए औद्योगिक वित्त योजना के अधीन जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० से कुल सहायता आवश्यकता पर आधारित होगी, और परियोजना के स्वरूप, प्रौद्योगिकी के स्वरूप, समाहित जोखिम, प्रवर्तकों के अंशदान/प्रगति रिकार्ड आदि जैसे विभिन्न तथ्यों सहित प्रस्ताव के गुणावगुण पर, सहायता के स्वरूप/राशि का निर्धारण किया जाएगा।

4.34 जोखिम पूंजी सहायता और प्रौद्योगिकी वित्त दोनों के क्षेत्र में अधिक जोखिम और उच्च लाभ वाले उद्यम शुरू करने वाले पथ-प्रदर्शक टैक्नोक्रैट/व्यावसायिकों को प्रौद्योगिकी (विशेषित:आन्तरिक रूप से विकसित), नए उत्पादों, नए बाजारों, नए उपयोगों और नई विशेष सेवाओं आदि जैसी योजनाओं की सुस्पष्ट विशेषताओं के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप और आर्थिक/प्रौद्योगिक अग्रता वाले उन व्यवहार्य प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनमें (क) निर्यात संभावना, (ख) देश की पंचवर्षीय योजनाओं में वरीयता क्षेत्रों के रूप में अभिनिर्धारित उद्योग और (ग) देश की अर्थ व्यवस्था को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने वाले उद्योगों/प्रौद्योगिकियों पर विशेष रूप से निहित हों।

4.35 अपनी नई भूमिका में, जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम न केवल देश में उद्यमीयता आधार को नियमित रूप से विकसित करता रहेगा अपितु भारतीय उद्योग के प्रौद्योगिकीय आधार को सुधारने में भी सहयोग देगा, ताकि ये उद्योग अपनी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा को मजबूत बना सकें।

4.36 अभी तक भाऔविनि द्वारा जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० को समग्र वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई है। 30 जून, 1988 तक जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लिमिटेड को आबंटित कुल राशि 1,610.36 लाख रुपए की थी, जिसमें से 1,249.92 लाख रुपए की राशि यथा-पूर्व संवितरित की जा चुकी थी।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों को सहायता

4.37 विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यम पार्क व्यावहारिक अनुसंधान में वृद्धि और प्रशिक्षण देने तथा इसे उत्पाद विकास में रूपान्तरित करने की दृष्टि से विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों और उद्योगों में एक प्रभावी तारतम्य स्थापित करने की चेष्टा करते हैं।

4.38 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में भाऔविनि के प्रवर्तन कार्यों में वृद्धि के लिए देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यम पार्कों की स्थापना और निधिकरण में भाऔविनि की भागीदारी का उल्लेख किया गया था। उपर्युक्त के अनुसरण में भाऔविनि ने वर्ष 1987-88 के दौरान भाऔवि बैंक द्वारा किए गए संवितरण में अपने भाग के रूप में दि बिड़ला इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नालोजी स्टेप (बिट-स्टेप), रांची, क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालेज स्टेप (आर०ई०सी०), तिरुचिरापल्ली, राष्ट्रीय उद्यमी रसायन पार्क (एन० ई० सी० पी०) बम्बई और हारकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी संस्थान स्टेप (एच० बी० टी० आई०), कानपुर को अनुदान के रूप में 15.91 लाख रुपए की राशि प्रदान की।

4.39 वर्ष के दौरान, भाऔविबैंक ने अग्रणी संस्थान के रूप में श्री जयाचामाराजेन्द्र कालेज आफ इंजीनियरिंग, मैसूर (स्टेप-एसजेसीई) द्वारा प्रवर्तित एक अन्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यम पार्क को निधिक सहायता देने का अनुमोदन किया। 269.30 लाख रुपए की परियोजना लागत वाले इस विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यम पार्क को जयाचामाराजेन्द्र कालेज आफ इंजीनियरिंग, कर्नाटक राज्य सरकार, भारत सरकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, कर्नाटक राज्य वित्तीय निगम, भारतीय स्टेट बैंक, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा निधि प्रदान की जा रही हैं। इस विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यम पार्क का वरीयता क्षेत्र इलेक्ट्रोनिक्स और यांत्रिक होगा, जिसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमियों को अनुसंधान और विकास तथा उत्पाद विकास सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

प्रबन्ध विकास के लिए सहायता

4.40 किसी भी उद्यम की सफलता के लिए प्रबन्ध एक मूल उत्पादेय है। वस्तुओं के उत्पादन और सेवाओं के साथ-साथ देश की प्रबन्धकीय दक्षता और अत्यधिक प्रबन्धकीय योग्यता की भी आवश्यकता होती है। अतः भाऔविनि द्वारा पन्द्रह वर्ष पूर्व निजी, सरकारी, संयुक्त और सहकारी क्षेत्रों के उद्योगों और बैंकिंग क्षेत्र के वाणिज्यिक और विकास बैंकों में कार्यरत प्रबन्धकों की प्रबन्धकीय दक्षता और प्रबन्धकीय योग्यता के एकमात्र प्रयोजन से प्रबन्ध विकास संस्थान की

स्थापना की गयी थी। प्रबन्ध विकास संस्थान द्वारा अनुसंधान और परामर्श सहित शैक्षिक और व्यावहारिक उन्मुखता के अद्वितीय संगम से प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं की जाती रही है।

4.41 वर्ष 1987 और इसके बाद 30 जून, 1988 को समाप्त हुई छः मास की अवधि के दौरान प्रबन्ध विकास संस्थान ने 102 प्रबन्ध विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया जिनमें 2,259 भागीदारों ने हिस्सा लिया। इन कार्यक्रमों के साथ-साथ वित्तीय प्रबन्ध और निर्णय के क्षेत्र में भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारियों के लिए चार कार्यक्रम आयोजित किए गए। वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग द्वारा भारतीय आर्थिक सेवा अधिकारियों के लिए दो सामान्य प्रबन्ध कार्यक्रम प्रवर्तित किए गए। उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड ने भी अपने इंजीनियर प्रशिक्षुओं, जिनके लिए वर्ष के दौरान 8 कार्यक्रम आयोजित किए गए, के लिए नियमित रूप से प्रबन्ध विकास संस्थान की सेवाएं लीं। प्रबन्ध विकास संस्थान ने विभिन्न संस्थानों, अर्थात् ब्यूरो आफ इंडियन स्टैण्डर्डस, हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लि०, भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक, आंध्र प्रदेश औद्योगिक विकास निगम, महानगर टेलीफोन निगम लि०, ट्रेडफेयर अथारिटी आफ इण्डिया, आदि, जैसे विभिन्न संगठनों के लिए अनेक इन-कम्पनी प्रवर्तित कार्यक्रम आयोजित किए। 30 जून, 1988 तक प्रबन्ध विकास संस्थान ने संचयी रूप से 865 प्रबन्ध विकास कार्यक्रम आयोजित किए, जिनसे 20,821 भागीदार लाभान्वित हुए, और जिसमें से 536 भागीदार अन्य विकासशील देशों के थे।

4.42 परामर्श और अनुसंधान के क्षेत्र में प्रबन्ध विकास संस्थान के दत्तकार्यों की विशेषताएं थीं। (क) योजना आयोग द्वारा प्रवर्तित अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह एवं लक्षद्वीप समूह के विकास निकायों की संगठनात्मक संरचना का अध्ययन, (ख) भाग्रौविबैंक द्वारा प्रवर्तित अन्तर-फर्म तुलनात्मक अध्ययन, (ग) अन्तर्राष्ट्रीय विकास अनुसंधान केन्द्र, कनाडा द्वारा प्रवर्तित हिमाचल प्रदेश में सेब की फसल के लिए फसल-पश्चात् पद्धति, (घ) दिल्ली ट्रैफिक पुलिस प्राधिकारियों द्वारा प्रवर्तित ट्रैफिक पुलिस संगठन में मानव-शक्ति आवश्यकताओं का अध्ययन, (ङ) विकास आयुक्त, लघु उद्योग, भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित पांच राज्यों, अर्थात् जम्मू और कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के लिए जिला उद्योग केन्द्रों पर अनुसंधान अध्ययन, और (च) प्रबन्ध विकास संस्थान द्वारा आरम्भ किया गया, स्थानीय उद्यमियों की समस्याएं कार्यक्रम।

4.43 पिछले वर्ष यह उल्लेख किया गया था, कि भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने प्रबन्ध विकास संस्थान को एक एजेंसी के रूप में भारतीय प्रशासनिक सेवा/ग्रुप 'ए' सेवाओं के अधिकारियों और उच्च स्थान प्राप्त करने वाले सरकारी और निजी क्षेत्र के संगठनों के कार्यकलापों के लिए पहली बार 15 माह का राष्ट्रीय प्रबन्ध कार्यक्रम आयोजित करने का अनुमोदन किया है। श्री पी० चिदम्बरम, माननीय गृह, कार्मिक, लोक शिकायतें एवं पेन्शन राज्य मंत्री, भारत सरकार ने इस सम्बन्ध में 9 सितम्बर, 1987 को घोषणा की थी। अतः प्रबन्ध विकास संस्थान कैम्पस में वर्ष के दौरान अवस्थापना सुविधाएं जोड़ी गई, जिसकी लागत भारत सरकार और भाग्रौविनि द्वारा वहन की गई। उस समय भारत सरकार के माननीय वित्त और वाणिज्य मंत्री, श्री नारायण दत्त तिवारी ने 16 जून 1988 को नए लाइब्रेरी ब्लाक के लिए शिलान्यास करते हुए प्रबन्ध विकास संस्थान के भवनों का दूसरा चरण समर्पित किया। प्रबन्ध विकास संस्थान में पहली जुलाई 1988 से राष्ट्रीय प्रबन्ध कार्यक्रम आरम्भ किया गया, जिसमें अहमदाबाद, बंगलौर, कलकत्ता और लखनऊ के चार प्रबन्ध संस्थान और जमशेदपुर के जेविंयर लेबर रिलेशन इन्स्टीट्यूट भी सहयोग दे रहे हैं। इस राष्ट्रीय प्रबन्ध कार्यक्रम के अध्यक्ष और कार्यपालक अध्यक्ष, क्रमशः डा० एन० सी० बी० नाथ और प्रो० एस० एस० राव हैं।

4.44 प्रबन्ध विकास संस्थान के संस्थापना दिवस के उपलक्ष्य में श्री पी० चिदम्बरम्, माननीय गृह, कार्मिक, जन-शिकायतें और पेंशन राज्य मंत्री ने 'आर्थिक परिवर्तन में' प्रबन्ध विषय पर 22 नवम्बर, 1987 को भाषण भी दिया।

4.45 प्रबन्ध विकास संस्थान को 1987–88 में भाग्रौविनि की वित्तीय सहायता 166.46 लाख रुपए रही, जिनमें भाग्रौविनि की सामान्य निधि से 5 लाख रुपए वार्षिक अंशदान शामिल नहीं है। 30 जून, 1988 तक भाग्रौविनि द्वारा संचयी रूप से प्रबन्ध विकास संस्थान को हितकारी आरक्षित निधि और ब्याज अन्तर-जन्य निधियों से 796.99 लाख रुपए और अपनी सामान्य निधियों से 75 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी जा चुकी थी।

अनुसंधान का प्रवर्तन

4.4 विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में अनुसंधान प्रवर्तन के लिए भाग्रौविनि ने कई वर्षों से देश के विश्वविद्यालयों और प्रबन्ध संस्थानों से अच्छे सम्बन्ध बनाने के प्रयास किए हैं। बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली, गुवाहाटी और मद्रास विश्वविद्यालयों में प्रत्येक में एक-एक, तथा अहमदाबाद के भारतीय प्रबन्ध संस्थान में एक पीठ की स्थापना करके इस प्रकार कुल 6 पीठों की स्थापना की गई है, जो कार्यशील है। वर्ष के दौरान, भाग्रौविनि की पीठों के तत्वावधान के अधीन गुवाहाटी विश्वविद्यालय के डा० पी० सी० गोस्वामी ने 'ग्रामीण विकास कार्यक्रम और वाणिज्यिक बैंक की भूमिका-उत्तर-पूर्वी भारत पर एक अध्ययन' विषय पर वार्षिक सार्वजनिक व्याख्यान दिया।

4.47 कलकत्ता विश्वविद्यालय में 'पूंजी उत्पाद अनुपात प्रवृत्ति और पश्चिमी बंगाल के हल्के इंजीनियरिंग उद्योग की रुग्णता पर इसके कार्योत्पादक प्रभाव' विषय पर एक अनुसंधान परियोजना मार्च, 1988 में पूरी की गई।

4.48 भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद में भाग्रौविनि के पीठ प्रोफेसर, श्री एम० सी० कुच्छल ने सरकारी उद्यमों की वित्तीय प्रबन्ध समस्याओं के अध्ययन से विश्व बैंक टीम को सहयोग दिया । प्रो० कुच्छल ने 'निगमत पूंजी की प्रबन्ध उत्पादकता : इसके मापदण्ड का नया दृष्टिकोण' विषय पर 22 जुलाई, 1988 को भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद में वार्षिक व्याख्यान दिया ।

4.49 जून, 1988 के अन्त तक, दिल्ली विश्वविद्यालय में भाग्रौविनि द्वारा प्रवर्तित 'जूट और मिनी स्टील उद्योगों का उत्पादकता प्रबन्ध' पर एक अनुसंधान परियोजना चलाई जा रही थी ।

4.50 वर्ष के अंत तक, भाग्रौविनि के तत्वाधान में मद्रास विश्वविद्यालय में 'विकास बैंकों द्वारा परियोजना जोखिम विश्लेषण' विषय पर एक दीर्घकालीन अनुसंधान परियोजना और 'तमिलनाडु लघु उद्योग विकास निगम लि० की प्रवर्तन भूमिका', 'चिट फंड स्कीम का मूल्यांकन' और 'विकास बैंकों में निधिक व्यवस्था' विषयों पर तीन अल्पकालीन अनुसंधान चल रहे थे ।

4.51 बम्बई विश्वविद्यालय में वर्ष 1987-88 के दौरान निम्नलिखित विषयों पर अनुसंधान अध्ययन किए गए :—

— भारत में नए निर्गमों के लिए बाजार

— भारत में अपतटीय बैंकिंग

— महाराष्ट्र में चीनी सहकारिताओं में वित्तीय संस्थानों के निवेश का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव

भाग्रौविनि पीठ के अधीन (क) भारत में मर्चेंट बैंकिंग और (ख) पिछड़ क्षेत्रों में विकास बैंकिंग और आर्थिक विकास पर अनुसंधान अध्ययन किया गया । पीठ प्रोफेसर, डा० आर० एस० सबनीस 'भारत में विकास बैंकिंग और नीति के कुछ पहलू' विषय पर 19 सितम्बर, 1988 को वार्षिक व्याख्यान देंगे ।

4.52 अनुसंधान उन्मुख कार्यकलापों में वृद्धि करने के लिए भाग्रौविनि ने गुट-निरपेक्ष और अन्य विकासशील देशों के लिए अनुसंधान और सूचना पद्धति, नई दिल्ली को भी 3 लाख रुपये और इण्डियन इक्नोमिट्रिक सोसाइटी, बंगलौर को 0.50 लाख रुपये की राशि प्रदान की है । प्रोफेशनल असिस्टेन्स फॉर डेवलपमेंट एक्शन (प्रदान), नई दिल्ली और सेन्टर फॉर मल्टी-डिसिप्लिनेरी डेवलपमेंट रिसर्च, धारवाड़ (कर्नाटक) प्रत्येक कार्यक्रमशः उनका निकाय निधि के लिए 10 लाख रुपये की निधिक सहायता प्रदान करने की भी सहमती दी है ।

अध्याय 5

भाग्रौविनि के चार दशक—विकास तथा प्रभाव

5.01 30 जून, 1988 को समाप्त होने वाले वर्ष के साथ ही भारतीय उद्योग की प्रगति और विकास की सेवा में भाग्रौविनि के चार दशक भी पूरे हुए जो कुल मिलाकर देश के स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् 40 वर्षों में प्राप्त उपलब्धियों और आर्थिक विकास के समकालीन है । यहां पर यह प्रयत्न किया गया है, कि भाग्रौविनि के दायित्व और भूमिका के अनुरूप इसके कार्यों की समीक्षा एवं इसके सामने इन चार दशकों के दौरान समय-समय पर आई चुनौतियों का संक्षिप्त दिग्दर्शन कराया जाये ।

दायित्व

5.02 भारत में औद्योगिक समुत्थानों को मध्यम-कालिक और दीर्घकालिक उधार, विशिष्टतया उन परिस्थितियों में जिनमें बैंककारी सुविधा अनुपयुक्त हो या पूंजी पुरोधारण पद्धतियों का प्रयोग असाध्य हो, अधिक सुगमता उपलब्ध कराने के प्रयोजन के लिए 1948 में स्थापित भाग्रौविनि का दायित्व प्रारम्भ में निम्नलिखित शब्दों में परिभाषित किया गया था, जबकि स्वतन्त्र भारत के प्रथम वित्त मंत्री ने 20 नवम्बर, 1947 को संविधान सभा में औद्योगिक वित्त निगम विधेयक प्रस्तुत किया ।

> "भारत संघ की स्वतन्त्रता के शुभारम्भ और भारत के तेजी से औद्योगिक विकास करने की हमारी उत्सुकता के फलस्वरूप, तथा हाल ही में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं, जिन्होंने देश के कुछ भागों में आर्थिक जीवन को अस्तव्यस्त कर दिया है, औद्योगिक वित्त निगम की स्थापना ने अत्यन्त आवश्यकता एवं महत्व प्राप्त कर लिया है । ..... यह विधेयक, जो कि अब सदन के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है, का उद्देश्य मूल और राष्ट्रीयकृत उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करना नहीं, अपितु निजी उद्योगों की दीर्घकालीन वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है ।"

माननीय वित्त मंत्री ने आगे व्याख्या करते हुए कहा था—

> "मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि इस विधेयक का उद्देश्य इस देश के बड़े स्तर के उद्योगों का वित्त-पोषण करने के प्रयोजन के लिए एक वित्तीय निगम की स्थापना करना है ..... मेरा आशय है, कि इस विधेयक को विधि-पुस्तक पर लाने के पश्चात्, प्रत्येक प्रान्त में इसी प्रकार के औद्योगिक वित्त निगम स्थापित करने के लिए प्रान्तीय सरकारों को कहा जाए, और इसी प्रकार वर्तमान राज्यों—कम-से-कम मुख्य राज्यों से भी कहा जाए, कि वे अपने क्षेत्राधिकार में इसी प्रकार के निगम स्थापित करें । ऐसे प्रान्तीय

और राज्य वित्तीय निगम मुख्य रूप से छोटे स्तर के क्षेत्रों के उद्योगों का वित्तपोषण करेंगे।"

तब से, देश की बढ़ती हुई आवश्यकताओं के अनुरूप, भाआवित्रि के दायित्व और कार्यों में बहुत से परिवर्तन हुए हैं, जो कि इसकी संविधि, अर्थात्, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 में देश की संसद द्वारा समय-समय पर किए गए संशोधनों से परिलक्षित है। वर्षों के दौरान भाआवित्रि का परिचालन सीमित होते हुये भी बहुत महत्वपूर्ण रहा है, और देश की स्वतन्त्रता के पश्चात् पिछले 40 वर्षों में जो औद्योगिक विकास तथा उन्नति हुई है, वह इसको भलीभांति परिलक्षित करते हैं।

प्रथम दशक (1948-58)

5.03 कोई पूर्वोदाहरण अथवा निर्धारित प्रक्रिया, जिनका अनुसरण किया जा सके, न होते हुए भी भाआवित्रि ने अपने प्रथम दशक में छोटी शुरूआत कर के अपने प्रभावशाली संगठन ढांचे, मानदण्ड, परिमाप, व्यवस्थाएं और औद्योगिक परियोजनाओं के लिए मूल्यांकन सिद्धान्तों तथा अनुवर्तन कार्यविधियों का विकास करने के अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रयोजन के लिए विभिन्न दस्तावेजों के तैयार करने के सम्बन्ध में निबन्धनों एवं शर्तों को भी विनिर्धारित किया।

5.04 देश के इतिहास में 1948-58 की अवधि के प्रारम्भिक वर्ष उथल-पुथल के वर्ष रहे। इसमें आशा की किरन, देश के नेताओं में भारत को आगे ले जाने की निष्ठा एवं उत्कंठा, और भाआवित्रि के प्रवर्तकों में यह लगन थी कि भाआवित्रि अपने आप में एक अनुपम संगठन बने तथा विकसित हो। इस अवधि के दौरान औद्योगिक नीति पर प्रथम कथन 6 अप्रैल, 1948 को सरकारी संकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसमें उद्योगों के विकास में राज्य कार्यक्रमों द्वारा सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया गया था। इसके बाद उद्योग (विकास एवं विनियमन) अधिनियम लाया गया जिसे 1951 में संविधि पुस्तिका में रखा गया। इसी अवधि में, अप्रैल, 1949 में प्रथम राजकोषीय आयोग की भारत सरकार के द्वारा नियुक्ति, उद्योगों में विदेशी पूंजी की भागीदारी के सम्बन्ध में देश के प्रथम प्रधान मंत्री, पण्डित जवाहर लाल नेहरू का 6 अप्रैल 1949 का कथन, देश के 1950 में गणराज्य बनने, 1951 में योजना आयोग की स्थापना, 1951 में प्रमुखतः लघुक्षेत्र के उद्योगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रयोजन के लिए राज्य वित्तीय निगम अधिनियम के पारित होने से राज्य स्तर पर निगमों की स्थापना, सामाजिक-आर्थिक नीति के लक्ष्य के रूप में समाजवादी समाज व्यवस्था अपनाने की दिसम्बर, 1954 में घोषणा 30 अप्रैल, 1956 का एतिहासिक औद्योगिक नीति संकल्प और कम्पनी विधि से सम्बन्धित नई एवं संकलित संविधि का पहली अप्रैल, 1956 से अपनाया जाना, जैसी कई महत्वपूर्ण घटनाएं हुई। इसी अवधि में प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) को कार्यान्वित किया गया तथा दूसरी पंचवर्षीय योजना (1956-61) प्रारम्भ की गई। इन सभी घटनाओं का भाआवित्रि के कार्यों पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ा।

5.05 इस अवधि के दौरान भाआवित्रि के समग्र कार्य भारत सरकार की कड़ी निगरानी के अधीन थे, यद्यपि इसकी शेयरधारिता का 20 प्रतिशत भाग केन्द्रीय सरकार, 20 प्रतिशत भाग भारतीय रिज़र्व बैंक, 25 प्रतिशत भाग अनुसूचित बैंकों, 25 प्रतिशत भाग बीमा कम्पनियों, निवेश न्यासों आदि एवं 10 प्रतिशत भाग सहकारी बैंकों द्वारा धारित था। इसकी संविधि के अधीन की गई व्यवस्था के अनुसार भाआवित्रि किसी एक औद्योगिक संस्था के साथ अपनी प्रदत्त शेयर पूंजी के 10 प्रतिशत से अधिक राशि के लिए अथवा किसी भी स्थिति में 50 लाख रुपये से अधिक की राशि के लिए संव्यवहार नहीं कर सकता था। चूंकि अपेक्षाएं बहुत ऊंची थीं और सीमायें भी बहुत थीं, अतः इस अवधि के दौरान औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 में, औद्योगिक वित्त निगम (संशोधन) अधिनियमों के द्वारा 4 बार तथा अन्य संविधियों के द्वारा 3 बार संशोधन किए गए। किसी अकेले औद्योगिक समुत्थान को सहायता की सीमा 50 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये कर दी गई और एक करोड़ रुपये से अधिक की किसी सहायता के लिए भारत सरकार का अनुमोदन तथा गारन्टी अपेक्षित किये गये। सितम्बर, 1956 में केन्द्रीय सरकार ने भाआवित्रि को निदेश जारी किए, जिनमें यह हिदायत दी गई कि निगम ऐसे सभी मामले सरकार को भेजे जिनमें औद्योगिक समुत्थानों को मंजूर किए गए ऋणों की राशि एक करोड़ रुपये से अधिक थी, और जो उद्योगपतियों के आपस में समीप रूप से सम्बद्ध समूह द्वारा स्वामित्वाधीन, प्रबन्धित अथवा नियन्त्रित थे। 1957 में किए गए संशोधनों से भाआवित्रि भारत के बाहर से आयात किए गए माल के सम्बन्ध में औद्योगिक समुत्थानों को आस्थगित अदायगी हेतु गारण्टी देने में समर्थ हुआ। भाआवित्रि की उधार लेने की शक्तियां भी इसकी प्रदत्त पूंजी और आरक्षित निधियों के 5 गुणा से बढ़कर 10 गुणा हो गई।

5.06 उपर्युक्त वे परिस्थितियां थीं, जिनमें से गुजरते हुए, भाआवित्रि ने अपने परिचालन प्रारम्भ किए और अपने कार्यकाल के प्रथम वर्ष में 3.25 करोड़ रुपये के मामूली कारोबार से कार्य प्रारम्भ कर अपने अस्तित्व के प्रथम दशक में 52.80 करोड़ रुपये की कुल मंजूरियां कीं, और 34.84 करोड़ रुपये के संवितरण किए।

5.07 भाआवित्रि के प्रथम दशक की समाप्ति के साथ दो महत्वपूर्ण घटनाएं हुई। पहली, भाआवित्रि ने प्रथम बार 30 जून, 1958 को समाप्त हुए वर्ष में भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम लि० (आई० सी० आई० सी० आई०), जो 1955 में अस्तित्व में आ गया था और भारतीय जीवन बीमा निगम, जिसे 1956 में स्थापित किया गया था, के साथ मिलकर हामीदारी कारोबार

शुरू किया, और 1.60 करोड़ रुपये के विमोच्य तथा संपरिवर्तनीय डिबेंचर 6½ प्रतिशत (कर की शर्त के अधीन) की हामीदारी की, और दूसरी, भाऔविनि ने केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से पहली बार आस्थगित अदायगी गारण्टी कारोबार में भी पदार्पण किया।

5.08 अपने परिचालनों के प्रारम्भिक वर्षों से 1956 तक, वर्ष 1953 को छोड़कर, गारण्टीकृत लाभांश की अदायगी के लिए भाऔविनि को भारत सरकार पर आश्रित रहना पड़ा। 1957 में कोई परिदान प्राप्त नहीं किया गया। वर्ष 1958 में न केवल सरकार से कोई परिदान ही प्राप्त नहीं किया गया, अपितु प्रथम बार पिछले वर्षों में ली गई राशियों की पुनर्अदायगी के रूप में, सरकार को प्रथम किश्त के रूप में 5.45 लाख रुपये की राशि अदा की गई, इस प्रकार, प्रथम दशक की समाप्ति तक भाऔविनि ने काफी वित्तीय सामर्थ्य और अपने परिचालनों को लगातार लाभप्रद एवं सम्माननीय ढंग से चलाने के लिए प्रबुद्धता प्राप्त कर ली।

दूसरा दशक (1958–68)

5.09 भाऔविनि के कार्यों के दूसरे दशक को 'स्थिरता के साथ विकास' का दशक कहा जा सकता है। औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम में प्रथमतः संशोधन किया गया, जिससे यह (क) अनुसूचित बैंकों और राज्य सहकारी बैंकों से वित्तपोषित संस्थाओं द्वारा जुटाए गए ऋणों, (ख) भारत में तथा भारत से बाहर खरीदे गए पूंजी माल के सम्बन्ध में वित्तपोषित संस्थाओं से देय आस्थगित अदायगियों एवं (ग) विदेशी मुद्रा को, गारंटी देने तथा किसी औद्योगिक संस्था के स्टाक और शेयरों में प्रत्यक्ष अभिदान करने में समर्थ हुआ। एक करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान करने के सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार की गारण्टी से सम्बन्धित प्रावधान विलोपित कर दिए गए, किन्तु एक करोड़ रुपये से अधिक के ऋण मंजूर करने के लिए अभी भी केन्द्रीय सरकार का अनुमोदन अपेक्षित था, परन्तु इसके लिए केन्द्रीय सरकार की गारण्टी की आवश्यकता नहीं रही।

5.10 1963 में, भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम पारित किया गया और भाऔविनि को उक्त अधिनियम के अधीन स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट की प्रारम्भिक शेयर पूंजी में अभिदत्त करने के लिए प्राधिकृत किया गया था। 1964 में, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम, 1964 के पारित होने से राष्ट्रीय प्राथमिकताओं, उद्योग के वित्तपोषण, संवर्द्धन अथवा विकास में लगे संस्थानों के कार्यों में समन्वय करने के लिए एवं उनके कार्यों पर पर्यवेक्षण करने हेतु प्रमुख शीर्ष वित्तीय संस्थान के रूप में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (भाऔविबैंक) का प्रादुर्भाव हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा धारित भाऔविनि के शेयर सममूल्य पर भाऔविबैंक को अन्तरित कर दिए गए, और इसे अतिरिक्त शेयर अधिग्रहण करने के लिए प्राधिकृत किया गया, ताकि इसकी शेयरधारिता प्रदत्त पूंजी के 50 प्रतिशत के समकक्ष हो सके। भाऔविबैंक को, भाऔविनि के निदेशक बोर्ड में 4 निदेशक पदनामित करने का भी प्राधिकार दिया गया, तथा नीति विषयक मामलों पर निर्देश जारी करने के लिए भी भाऔविबैंक को प्राधिकृत किया गया। भाऔविनि को भाऔविबैंक से धन उधार लेने का भी पात्र बनाया गया। भाऔविनि द्वारा मंजूर की जाने वाली ऋण सीमा को किसी एकल औद्योगिक संस्था के मामले में एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर दो करोड़ रुपये कर दिया गया, और तत्पश्चात् केवल 2 करोड़ रुपये से ऊपर की मंजूरियों के लिए भाऔविनि द्वारा भाऔविबैंक से अनुमोदन लेना अपेक्षित रहा।

5.11 भाऔविनि के अस्तित्व के दूसरे दशक में दूसरी पंचवर्षीय योजना (1956–61), तीसरी योजना (1961–66) और 1966-67 तथा 1967-68 को दो वार्षिक योजनाएं कार्यान्वित हुईं। वित्तीय संसाधनों पर दबाव होते हुए भी भाऔविनि राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप क्षेत्र तथा प्रसारवार अपने कारोबार को विकसित करने में समर्थ रहा। 7 दिसम्बर, 1960 को पहली बार भाऔविनि अमरीकी सरकार की विकास ऋण निधि योजना से 10 मिलियन अमरीकी डालर का ऋण जुटाने में समर्थ हुआ, और इसने विदेशी मुद्रा ऋण प्रदान करने प्रारम्भ किए। 20 मिलियन अमरीकी डालर का दूसरा ऋण जून, 1962 में जुटाया गया। भाऔविनि को प्रथम बार 30 जून, 1962 को समाप्त हुए वर्ष में जर्मन संघीय गणराज्य के क्रेदितांस्तल्त-फर-वाइडरफबऊ से ऋण प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तब से, भाऔविनि लगभग प्रति वर्ष क्रेदितांस्तल्त-फर-वाइडरफबऊ से ऋणों को शृंखलाबद्ध रूप में प्राप्त करने में सौभाग्यशाली रहा है। 20 अक्तूबर, 1962 को भाऔविनि ने फ्रांस से पूंजीगत माल के आयात के वित्तपोषण हेतु बैंक फ्रांसिस डू कामर्स एक्स्टीरियर के साथ प्रोटोकोल पर हस्ताक्षर किए। इसी अवधि के दौरान, केन्द्रीय सरकार ने भाऔविनि को जापानी येन में 2 मिलियन अमरीकी डालर के समकक्ष राशि भी आबंटित की, लेकिन यह फलीभूत नहीं हो सकी। भाऔविनि के कार्यों के दूसरे दशक के समापन के समय इसके पास 92.50 मिलियन जर्मन मार्क की के० एफ० डब्ल्यू० से छह ऋण की श्रृंखलायें, संयुक्त राज्य अमरीका की विकास ऋण निधि (जिसे बाद में अन्तरराष्ट्रीय विकास एजेन्सी के रूप में नाम परिवर्तित किया गया है) द्वारा मंजूर 40 मिलियन अमरीकी डालर (बाद में घटाकर 33.63 मिलियन अमरिकी डालर कर दिए गए) के तीन ऋण एवं बी० एफ० सी० ई० फ्रांस द्वारा मंजूर फ्रांसिसी फ्रांक में 50 मिलियन के उपस्कर ऋण, उपलब्ध थे।

5.12 अपने दूसरे दशक में भाऔविनि की कुल मंजूरियां 272.79 करोड़ रुपये की थी, जिसमें सभी रुपया

तथा विदेशी मुद्रा ऋण, हामीदारी एवं प्रत्यक्ष अभिदान तथा आस्थगित अदायगियां एवं विदेशी मुद्रा ऋणों के लिए गारण्टियां निहित थीं। यह प्रथम दशक में मंजूर की गई कुल सहायता की तुलना में 5 गुणा अधिक थीं। इस दशक के दौरान कुल संवितरण 262.95 करोड़ रुपये के रहे, जो प्रथम दशक में किए गए कुल संवितरणों से 8 गुणा अधिक थे। इस प्रकार भाऔवित्तनि ने अपने दूसरे दशक में परिपक्वता एवं गहन अनुभव दोनों प्राप्त कर लिए थे।

तीसरा दशक (1968–78)

5.13 भाऔवित्तनि के कार्यों का तीसरा दशक कुछ नवीनताओं, विकास एवं गुणात्मक वरीयताओं के साथ विकास का दशक था। इस सम्बन्ध में जिन पहलुओं ने भाऔवित्तनि की सहायता की, वे थे :

(i) भाऔवित्तबैंक के तत्वावधान के अधीन, अन्तर संस्थानात्मक बैठकें एवं सभी सम्बन्धित वित्तीय संस्थानों के वरिष्ठ कार्यपालकों की बैठकें जैसे मन्चों सहित अन्तर संस्थानात्मक समन्वय तन्त्र में पूर्णता;

(ii) औद्योगिक वित्त निगम (संशोधन) अधिनियम, 1972 (1972 का 74) के अधिनियमित होने से परिचालनों में उल्लेखनीय लचक प्राप्त होना एवं काफी दबावों एवं नियन्त्रणों का हटाया जाना;

(iii) सामूहिक वित्तपोषण अवधारणा एवं परियोजना वित्तपोष कार्यों में अग्रणी संस्थान अवधारणा का प्रारम्भ;

(iv) दीर्घकालीन ऋण प्रदाता संस्थानों में अधिक समन्वय जिससे वित्तीय सहायता के लिए सामूहिक आवेदन प्रपत्रों एवं विधिक दस्तावेजों के प्रपत्रों का मानकीकरण संभव हुआ।

5.14 सरकार द्वारा उद्योगीकरण एवं विकासोन्मुख वित्त प्रक्रिया में गुणात्मक वरीयता को भी महत्व दिया गया। जनवरी, 1969 में भारत सरकार ने भाऔवित्तनि को, भाऔवित्तनि से सहायता प्राप्त करने वाली अन्य औद्योगिक संस्थाओं के समरूप ही 'सरकारी क्षेत्र' की कम्पनियों को सहायता प्रदान करने की अनुमति प्रदान की। 1969 में सरकार ने अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों तथा देश के सभी कोनों में बैंकिंग तथा साख सुविधायें उपलब्ध कराने के प्रयोजन से 14 बड़े वाणिज्यिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, उससे साख नियन्त्रण व्यवस्था में भारी बदलाव आया। 1971 में, 'संयुक्त क्षेत्र' में औद्योगिक उपक्रमों की स्थापना की अवधारणा अस्तित्व में आई, जिसे वित्तपोषण के प्रयोजन के लिए अनुमति प्रदान की गई। औद्योगिक लाइसेंसिंग नीति जांच समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखकर पहली बार ऋणों के साधारण पूंजी में संपरिवर्तन' के विकल्प की अवधारणा को शुरू करने के साथ-साथ 'नामित निदेशक तन्त्र' को भी मजबूत किया गया एकाधिकार एवं प्रतिबन्धात्मक व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 नामक कानून को संविधि पुस्तिका में रखा गया; 3 अप्रैल, 1970 से प्रबन्ध एजेन्सी व्यवस्था को समाप्त करने के लिए कम्पनी संविधि में संशोधन किया गया, और औद्योगिक लाइसेंसिंग नीति जांच समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए 18 फरवरी, 1970 को औद्योगिक लाइसेंस नीति की पुनः समीक्षा की गई। औद्योगिक नीति पर 2 फरवरी, 1973 तथा 23 दिसम्बर, 1977 को दो कथन जारी किए गए। इसी दशक के दौरान वस्त्र नीति एवं देश में रुग्ण इकाइयों से सम्बन्धित नीति पर कथन भी जारी हुआ।

5.15 1968-78 का दशक, उद्योगों के वित्तपोषण की प्रक्रिया में गुणात्मक वरीयता प्रदान करने के दशक के रूप में याद रखा जाएगा। विकास बैंक अथवा विकास वित्तीय संस्थान के रूप में भाऔवित्तनि के दायित्व ने नए आयाम प्राप्त किए। प्रथम बार, मंजूर की गई वित्तीय सहायता का क्षेत्रवार आधार विस्तृत हुआ, और इसका आवृत्त सहकारी एवं निजी क्षेत्र इकाइयों के अतिरिक्त सरकारी क्षेत्र एवं संयुक्त क्षेत्र की इकाइयों पर भी छा गया। प्रथम पीढ़ी उद्यमियों, विशेषकर टेक्नोलोजिस्टों तथा व्यवसायिकों एवं अधिसूचित पिछड़ जिलों/क्षेत्रों में स्थापित परियोजनाओं को परियोजना प्रवर्तन में प्राथमिकता प्रदान की गई। औद्योगिक विकास में क्षेत्रीय असन्तुलन को ठीक करने की दृढ़ निष्ठा के एक प्रयास के रूप में पहली बार अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में स्थापित की जाने वाली परियोजनाओं को रियायती वित्त प्रदान करने की योजना शुरू की गई। पांच उद्योगों, अर्थात् सीमेंट, चीनी, इंजीनियरिंग, जूट और सूती वस्त्र उद्योगों के आधुनिकीकरण के लिए उदार शर्तों पर आधुनिकीकरण सहायता प्रदान करने की 'उदार ऋण योजना' नामक एक योजना शुरू की गई।

5.16 परियोजना वित्तपोषण कार्यों में गुणात्मक वरीयता प्रदान किए जाने के साथ-साथ इस दशक में भाऔवित्तनि का सबसे बड़ा योगदान इसकी प्रवर्तन गतिविधियों के रूप में परिलक्षित हुआ जो, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 में हितकारी आरक्षित निधि का प्रावधान होने और के० एफ० डब्ल्यू० ऋणों के अधीन भारत सरकार से ब्याज अन्तरजन्य निधियां उदारतापूर्वक प्राप्त होने से संभव हो सका। इसी दशक में भाऔवित्तनि ने उद्योग तथा बैंकिंग के सभी क्षेत्रों में प्रबन्धकीय मानव शक्ति के विकास एवं प्रबन्धकीय दक्षताओं के उन्नयन के प्रयोजन के लिए "प्रबन्ध विकास संस्थान' का प्रवर्तन किया। देश के विश्वविद्यालयों एवं प्रबन्ध संस्थानों के साथ सामीप्य विकसित करने की दृष्टि से विशिष्ट क्षेत्रों में अनुसंधान का संवर्द्धन एवं विकास करने के प्रयोजन के लिए 'भाऔवित्तनि पीठों' की स्थापना की गई। देश में उद्यमीयता आधार को विस्तृत करने हेतु भाऔवित्तनि ने 'जोखिम पूंजी

प्रतिष्ठान' की स्थापना की जिसने जून, 1976 में अपने परिचालन प्रारम्भ किए। जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान एक विलक्षण परीक्षण था, और अपने आप में इस प्रकार का पहला कदम था, जिसकी व्यवस्थाओं के अधीन उदीयमान तकनीकज्ञों तथा नए उद्यमियों को ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराना था, ताकि वे अखिल भारतीय संस्थानों द्वारा यथा निर्धारित शर्तों के अनुरूप प्रवर्तक अंशदान के रूप में जुटाए जाने वाले संसाधनों की पूर्ति करने में समर्थ हो सकें। इसी अवधि में, परामर्श सेवाएं, विशेषकर लघु तथा मध्यम स्तर के क्षेत्रों में ऐसी सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयोजन के लिए 'तकनीकी सलाहकारी संगठनों' की स्थापना की अवधारणा ने जन्म लिया, और इससे कई तकनीकी सलाहकारी संगठनों का प्रादुर्भाव हुआ। भाऔविनि द्वारा इन तकनीकी सलाहकारी संगठनों के माध्यम से छोटे पैमाने और सहायक उद्योगों के विकास के लिए प्रोत्साहन एवं सहायता प्रदान करने के लिए कुछ विशिष्ट 'प्रवर्तन योजनाएं' बनाई गई। इसी अवधि में राज्य स्तर के संगठनों में प्रबन्धकीय संसाधनों का विकास करने के लिए तकनीकी सहायता योजना एवं भाऔविबैंक के अग्रणी दायित्व में औद्योगिक परामर्श-दाताओं की निर्देशिका को बनाना तथा इसे कार्यान्वित करने की अवधारणा का भी प्रादुर्भाव हुआ।

5.17 1968–78 के ही दशक में, भारतीय उद्योग की निष्ठावान सेवा के 25 वर्ष पूरे करने पर भाऔविनि ने 1973 में अपनी रजत जयन्ती मनाई, तथा 'भाऔविनि रजत जयन्ती स्मृति व्याख्यान' की स्थापना की। भाऔविनि ने पहली बार सहकारी तथा निगमित क्षेत्रों में अन्तरराष्ट्रीय क्षेत्र में भी, भाऔविनि ने एशिया तथा प्रशान्त के विकास वित्तीय संस्थानों की एसोसिएशन का संस्थापक सदस्य बनकर अपना स्थान बना लिया।

5.18 इस दशक में मात्रावार भाऔविनि की कुल मंजूरियां तथा संवितरण क्रमशः 487.14 करोड़ रुपये तथा 377.62 करोड़ रुपये के रहे। यद्यपि, यह मंजूरियां तथा संवितरण दूसरे दशक में की गई मंजूरियों एवं संवितरणों के दो गुणा के भी बराबर नहीं थे, परन्तु जैसा कि पहले ही उल्लेख किया गया है, इन से अधिक महत्व इस दशक में भाऔविनि के कार्यों में गुणात्मक वरीयता प्रदान करने और भाऔविनि द्वारा राष्ट्रीय योजनाओं तथा इस अवधि के दौरान जारी किए गए औद्योगिक नीति कथनों में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए काफी सीमा तक योगदान देने में रहा।

5.19 इसी दशक के दौरान, 30 जून, 1971 को समाप्त हुए वर्ष में सामान्य आरक्षित निधि भाऔविनि की प्रदत्त शेयर पूंजी के समकक्ष हो गई। अतः, पहली बार भाऔविनि ने अपने शेयरों पर सरकार द्वारा गारण्टीकृत लाभांश से भी ऊंची दर के लाभांश की घोषणा की। यद्यपि यह 5 प्रतिशत की अधिकतम अनुमत्य सीमा के बराबर ही थी, परन्तु जब बाद में लाभांश से ऊपरी सीमा हटा ली गई तो भाऔविनि ने अपनी लाभांश दर को बढ़ाना शुरू किया और तब से ही क्रमिक रूप से यह प्रक्रिया अभी तक जारी है।

चौथा दशक (1978–88)

5.20 भाऔविनि के कार्यों का चौथा दशक विशाखन के साथ उल्लेखनीय विकास का दशक रहा है। इस दशक में भाऔविनि की कुल मंजूरियां तथा संवितरण क्रमशः 4,492.90 करोड़ रुपये तथा 2,936.73 करोड़ रुपये रहे। ये रकमें पिछले तीस वर्षों के दौरान कुल मिलाकर की गई मंजूरियों एवं संवितरणों के जोड़ से भी लगभग पांच गुणा हैं। 30 जून, 1988 को समाप्त हुए दशक में जिन कारणों ने इस विस्मयकारी कार्य-निष्पादन को प्राप्त करने में सहायता प्राप्त की है, वे हैं :

—छठी तथा सातवीं वार्षिक योजना में आधुनिकीकरण पर जोर दिया जाना और इस प्रयोजन के लिए अधिक निधियों का आबंटन।

—23 जुलाई, 1980 को जारी किया गया औद्योगिक नीति कथन, जिसमें विस्थापित क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग तथा उद्योगों के प्रसार पर बल दिया गया।

—पूंजी बाजार को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा लिए गए उपाय तथा बचतों एवं निवेशों दोनों के लिए ही नए और आकर्षक अवसर उपलब्ध कराया जाना।

—औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम 1982 तथा 1986 में हुए संशोधन, जिनसे भा-औविनि की गतिविधियों का कार्य-क्षेत्र विस्तृत हुआ, और इसमें काफी लचक तथा सुगमता प्राप्त हो गई।

—राजकोषीय तथा प्रशासनिक नियन्त्रणों में लोच प्रदान किए जाने से सरकार द्वारा उदारीकरण प्रक्रिया का प्रारम्भ जिससे दायित्व की भावना को काफी बल प्राप्त हुआ।

—रुग्ण औद्योगिक कम्पनियों से निपटने के लिए विशेष सविधि का अधिनियमन एवं राष्ट्रीयकरण अथवा अधिग्रहण के भय को दूर करना जो कि पिछले दशकों में उद्योग के मस्तिष्क में विस्तृत रूप से व्याप्त था।

—सरकार द्वारा 'संपरिवर्तनीयता' मार्गनिर्देशों में काफी छूट प्रदान करना।

—अपने ग्राहकों को कुशल एवं तत्पर सेवा प्रदान करने के प्रयोजन के लिए विद्यमान कार्यालयों का दर्जा बढ़ाना तथा अधिक कार्यालयों का खोला जाना।

—कार्यों का विकेन्द्रीकरण एवं अधिकारियों को बड़े पैमाने पर काफी शक्तियों का प्रत्यायोजन।

5.21 भाआवित्रनि ने इस दशक के दौरान अपने कारोबार एवं कारोबार-मिश्रण को विशाखित करने के लिए काफी ठोस एवं तत्पर निर्णय लिए। औद्योगिक वित्तपोषण के क्षेत्र में, लगभग प्रत्येक वर्ष एक के बाद एक कई नई योजनाएं शुरू की गई। इस सम्बन्ध में उपस्कर वित्त योजना, आधुनिकीकरण सहायता योजना, चीनी, वस्त्र और जूट उद्योगों के विकास तथा आधुनिकीकरण के लिए विशिष्ट नीतियों के सृजन की योजना, वैकल्पिक तथा नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के उपयोग तथा इनके उत्पादन हेतु रियायती वित्त योजना, 100% निर्यात तथा उनके निर्यात निष्पादन पर आधारित अन्य निर्यात-उन्मुख इकाइयों के लिए प्रोत्साहन योजना, निगमित तथा सहकारी क्षेत्रों में औद्योगिक सम्पदाओं के विकास के लिए वित्तपोषण योजना, निगमित अस्पतालों तथा बहु-आयामी स्वास्थ्य केन्द्रों के वित्तपोषण की योजना, लीजिंग तथा किराया-खरीद संस्थाओं की वित्तपोषण योजना, मशीनरी/उपस्कर निर्माता संस्थाओं द्वारा वास्तविक प्रयोक्ता संस्थाओं को उनके उपस्कर बेचने को सुविधाजनक बनाने के लिए गैर-आवर्ती ऋण व्यवस्था योजना, उपस्कर लीजिंग की योजना एवं मर्चेन्ट बैंकिंग तथा सलाहकारी सेवाएं प्रदान करने की योजना, का उल्लेख किया जा सकता है।

5.22 इसी दशक में कार्यविधियों को सुचारू करने, दस्तावेजों के सरलीकरण एवं कार्यविधियों में अनावश्यक कार्य को हटाने पर अधिक बल दिया गया। अग्रणी संस्थान अवधारणा पर आधारित सामूहिक परियोजना वित्तपोषण भागीदारी योजना को विदेशी मुद्रा ऋणों, हामीदारी एवं शेयरपूंजी में प्रत्यक्ष अभिदान करने सहित सहायता के सभी मामलों पर लागू किया गया, एवं वित्तीय सहायता के लिए समग्र दस्तावेजीकरण को उल्लेखनीय रूप से सरल बनाया गया। सभी मामलों में हमेशा के लिए सिद्धान्त के तौर पर अंग्रजी बन्धक स्वीकार करने की व्यवस्था के स्थान पर परिसम्पत्तियों के समरूप बन्धक स्वीकार करना प्रतिस्थापित कर दिया गया। ऐसी सरकारी/राज्य/सहकारी क्षेत्र की परियोजनाओं/संस्थाओं के सम्बन्ध में जहां पर संस्थानों द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता के लिए केन्द्रीय/राज्य सरकार की 100% अशर्त गारण्टी उपलब्ध है, स्थिर परिसम्पत्तियों के बन्धक/प्रभार सृजित करने की अपेक्षा को भी समाप्त कर दिया गया।

5.23 इस दशक के दौरान, पहली बार भाआवित्रनि ने केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से अपने विदेशी मुद्रा संसाधनों में वृद्धि करने के लिए अन्तरराष्ट्रीय पूंजी बाजार में प्रवेश किया। 20 मिलियन अमरीकी डालर का यूरो-मुद्रा ऋण जुटाने के लिए भाआवित्रनि की अन्य भागीदार बैंकों/वित्तीय संस्थानों के प्रबन्धक और एजेंट के रूप में कार्य कर रहे कान्टीनेन्टल बैंक एम० ए०/एन० वी० ब्रुसेल्स (बेल्जियम) के बीच 24 जुलाई, 1984 को प्रथम बार एक करार हस्ताक्षरित किया गया। इस ऋण के जुटाए जाने से भाआवित्रनि के इतिहास में एक नए युग का सूत्रपात हुआ। विगत चार वर्षों के दौरान भाआवित्रनि के संचयी वाणिज्यिक उधार 270 मिलियन अमरीकी डालर, 20 बिलियन जापानी येन और 15 मिलियन जर्मन मार्क हो गए।

5.24 भाआवित्रनि के कार्यों का संचित प्रभाव यह हुआ कि इसका 40वां वर्ष पूरा होने के समय इसकी निवेश सहायता परिधि में 2,857 परियोजनाएं थीं जिन्हें 5,305.63 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की जा चुकी थी। सारणी 18 तथा सारणी 19 में क्रमशः भाआवित्रनि के कारोबार एवं गतिविधियों के विकास का संक्षिप्त विश्लेषण एवं पिछले चार दशकों में उल्लेखनीय वित्तीय तथ्यों का विवरण दिया गया है।

सारणी 18 : भाआवित्रनि परिचालनों की दशक वार प्रगति

(करोड़ रुपये)

दशक	मंजूरियां		संवितरण		दशक के अंत में बकाया
आधार : जुलाई-जून	दशक के दौरान	दशक के अंत में संचयी	दशक के दौरान	दशक के अंत में संचयी	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1948–58	52.80	52.80	34.84	34.84	28.94
1958–68	272.79	325.59	262.95	297.79	187.27
1968–78	487.14	812.73	377.62	675.41	357.10
1978–88	4,492.90	5,305.63	2,936.73	3,612.14	2,867.73

5.25 भाआवित्रनि के परिचालनों का उल्लेखनीय पहलू रहा है, कि इन्हें समय-समय पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय आर्थिक एवं सामाजिक नीतियों के अनुरूप चलाया गया है। भाआवित्रनि का समग्र नीति ढांचा एवं परिचालन सदैव ही आर्थिक तथा सामाजिक विकास की विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों में सन्निहित रहे हैं। भाआवित्रनि जिस प्रकार से प्रत्येक योजना अवधि के दौरान देश में उद्योगीकरण की प्रगति को बनाए रखने में समर्थ रहा है, उसका अनुमान इसके द्वारा मंजूर एवं संवितरित सहायता से लगाया जा सकता है, जिसे सारणी 20 में दिया गया है।

सारणी 19 : भाऔविनि वित्तीय कार्यक्रमों की दशक-वार विशिष्टताएं (करोड़ रुपये)

30 जून की स्थिति अनुसार	पहला दशक 1948–58		दूसरा दशक 1958–68		तीसरा दशक 1968–78		चौथा दशक 1978–88	
	1953	1958	1963	1968	1973	1978	1983	1988
कर से पूर्व लाभ	0.23	0.53	1.67	3.56	4.32	8.58	27.02	68.88
निवल लाभ	0.14	0.28	0.83	1.58	2.90	5.47	17.31	52.66
परिसम्पत्तियां								
निवेश	--	--	5.07	16.37	18.64	25.56	45.82	103.03
--ऋण एवं अग्रिम	9.86	28.94	59.76	141.28	185.15	330.18	864.73	2,733.21
--गारंटियां एवं हामीदारी संविदाएं	--	0.75	11.47	31.44	13.15	2.45	2.40	22.92
--नकद व अन्य परिसम्पत्तियां	2.72	4.82	2.71	4.72	16.46	31.62	74.78	365.40
जोड़	12.58	34.51	82.01	193.81	233.70	389.81	987.73	3,224.56
देयताएं एवं शेयरधारी निधि								
—शेयर पूंजी	5.00	5.00	7.00	8.34	10.00	10.00	22.50	70.00
--आरक्षण एवं आधिक्य	0.26	0.72	3.18	9.70	22.46	31.07	66.93	225.62
--बोर्डों के निर्गम द्वारा उधार	5.80	12.37	28.24	43.30	85.18	244.14	689.30	2,083.80
--सरकार, भारिबैंक तथा भाऔविबैंक से उधार	1.05	15.00	21.75	72.25	72.15	54.35	96.60	70.73
—विदेशी मुद्रा में उधार	--	--	2.19	22.50	23.40	22.58	59.67	611.15
--प्रासंगिक देयता (गारंटी एवं हामीदारी संविदाएं)	--	0.75	11.47	31.44	13.45	2.45	2.10	22.92
—चालू एवं अन्य देयताएं	0.17	0.67	2.18	6.28	7.06	25.22	50.33	140.34
जोड़	12.58	34.51	82.01	193.81	233.70	389.81	987.73	3,224.56

सारणी 20 : योजना-वार मंजूर एवं संवितरित सहायता (करोड़ रुपये)

समाप्त वर्ष (जुलाई-जून)	मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता					संवितरित वित्तीय सहायता				
	ऋण	हामीदारियां/ प्रत्यक्ष अभिदान	गारंटिया	उपस्कर लीजिंग	कुल	ऋण	हामीदारियां/ प्रत्यक्ष अभिदान	गारंटिया	उपस्कर लीजिंग	जोड़
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)
प्रथम योजना से पूर्व अवधि 1948–51	8.13	--	--	--	8.13	5.79	--	--	--	5.79
प्रथम योजना 1951–56	27.03	--	--	--	27.03	10.94	--	--	--	10.94
दूसरी योजना 1956–61	53.13	3.57	16.30	--	73.00	40.62	1.31	15.11	--	57.04
तीसरी योजना 1961–66	132.95	17.22	29.48	--	179.65	104.22	14.00	26.80	--	145.02
तीन वार्षिक योजनाएं (1966–69)	55.42	5.77	5.28	--	66.47	83.93	5.64	8.54	--	98.11
चौथी योजना (1969–74)	160.02	12.44	1.10	--	173.56	133.99	6.18	1.33	--	111.80
पांचवी योजना (1974–78)	263.84	20.78	0.28	--	284.90	206.08	10.29	0.34	--	216.71
दो वार्षिक योजनाएं (1978–80)	286.57	18.35	--	--	304.92	164.93	5.39	0.20	--	170.52
छठी योजना 1980–85	1339.03	123.21	43.37	--	1,505.61	1,091.90	22.01	5.24	--	1,119.15
सातवीं योजना										
1985–86	470.57	32.62	15.98	--	519.17	398.16	3.87	7.96	--	409.99
1986–87	758.00	54.07	1.25	--	812.32	493.04	12.57	1.24	--	506.85
1987–88	1,240.34	74.11	21.35	15.07	1,350.87	687.69	23.05	4.41	15.07	730.22
	2,468.91	159.80	38.58	15.07	2,682.36	1,578.89	39.49	13.61	15.07	1,647.06
कुल जोड़	4,795.03	361.14	134.39	15.07	5,305.63	3,421.29	104.61	71.17	15.07	3,612.14

भाऔविनि की उत्प्रेरक भूमिका

5.26 भाऔविनि की सभी गतिविधियां, चाहे ये वित्तपोषण के क्षेत्र में हों, या लीजिंग या पूतिकार उधार या मर्चेन्ट बैंकिंग के क्षेत्रों में हों, या इसके प्रवर्तन एवं विकास दायित्व को पूरा करने से सम्बन्धित क्षेत्रों में हों, मूलतः उत्प्रेरक प्रकृति की हैं। परियोजना वित्तपोषण के क्षेत्र में भाऔविनि की उत्प्रेरक भूमिका का प्रभाव इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि भाऔविनि इन 40 वर्षों के दौरान 2,857 परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 39,131.73 करोड़ रुपये के समग्र संसाधन जुटाने में उत्प्रेरक रहा है। इनमें से अधिकतर परियोजनाओं ने देश के औद्योगिक क्षेत्र में अपना विशिष्ट स्थान बना लिया है।

5.27 भाऔविनि का दायित्व अब देश के समग्र औद्योगिक परिप्रेक्ष्य पर छाया हुआ है। एक विकास वित्तीय संस्थान के नाते, भाऔविनि उद्योग एवं समग्रतः राष्ट्रीय अर्थ-व्यवस्था के लिए अपनी उपयोगिता को लगातार सुधारने के उद्देश्य से परिवर्तनशील सामाजिक-आर्थिक परिवेश के अनुसार अपने आपको ढालने के लिये कृत-संकल्प है।

भाऔविनि की सहायता का आर्थिक योगदान

5.28 पिछले 40 वर्षों के दौरान भाऔविनि की वित्तीय सहायता का प्रत्यक्ष आर्थिक योगदान स्वतन्त्रता के बाद से देश में सर्वत्र फैले हुए समग्र उद्योगीकरण में देखा जा सकता है। भाऔविनि की सहायता देश के हर उस भाग में पहुंची है जहां कहीं भी बड़ी या माध्यम-बड़ी परियोजना स्थापित हुई है। संगठित क्षेत्र में शायद ही ऐसा कोई उद्योग होगा जिसको कि पिछले 40 वर्षों के दौरान भाऔविनि की सहायता का कुछ लाभ न मिला हो। वास्तव में बहुत सी इकाइयों को एक से अधिक बार भाऔविनि की वित्तीय सहायता मिली है।

5.29 पिछले दशक में, भाऔविनि की अपनी सहायता ही, चीनी (22.42 लाख टन), सूती वस्त्र (30.45 लाख तकुए), सीमेंट (271.06 लाख टन), कागज (5.37 लाख टन), आदि, जैसे, विभिन्न उद्योगों में पर्याप्त क्षमताओं को सृजित/उत्प्रेरित करने में समर्थ रही है। इसके अतिरिक्त रसायन और रसायन उत्पाद, आटोमोबाइल, सिन्थेटिक रेशे, सिन्थेटिक रेसिन्स और प्लास्टिक सामग्री, विविध अधातु खनिज उत्पाद, मशीनरी और उपकरणों, बिजली तथा बिजली उपस्कर, होटल, आदि जैसे विभिन्न अन्य उद्योगों में पर्याप्त क्षमताएं सृजित की गई हैं। पिछले दशक के दौरान भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित नई, विस्तार तथा विशाखन परियोजनाएं स्वयं 5 लाख व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न करने में समर्थ रही हैं।

राष्ट्रीय राजकोष में अंशदान

5.30 अपने अस्तित्व के 40 वर्षों के दौरान भाऔविनि ने कर के रूप में ही 135 करोड़ रुपये की राशि राष्ट्रीय राजकोष में दी है, जो कि इसकी प्रदत्त पूंजी से भी 65 करोड़ रुपये अधिक है।

भाऔविनि के परिचालनों का प्रभाव

(i) संतुलित क्षेत्रीय विकास

5.31 भाऔविनि की कुल सहायता का 50% से अधिक भाग उद्योग रहित जिलों सहित पिछड़े क्षेत्रों में स्थापित परियोजनाओं को गया है। उद्योग रहित जिलों/औद्योगिक रूप से पिछड़े अन्य क्षेत्रों में परियोजनाओं को भाऔविनि की सहायता का आर्थिक और सामाजिक प्रभाव स्थानीय लोगों का आर्थिक कल्याण करने और सामाजिक अवस्थापना को मजबूत करने में इन परियोजनाओं द्वारा उत्पन्न की गई विकासात्मक चेतना द्वारा जाना जा सकता है। चूंकि अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में अधिकांश परि-योजनाएं ग्रामीण और/या अर्ध-शहरी वातावरण में स्थापित की गई हैं, इन क्षेत्रों की अर्थ-व्यवस्था में बहुत बड़ा परि-वर्तन आया है। इन परियोजनाओं ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न करने, बहुत सी अति लघु तथा लघु इकाइयों और विभिन्न व्यापारिक दुकानों, मरम्मत सेवाओं, आदि की स्थापना करने में समुचित प्रोत्साहन उपलब्ध करवाया है। उद्योगीकरण के लाभ को समान रूप से वितरित करने और उद्योग रहित जिलों में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के अनुक्रम में भाऔविनि, परियोजनाओं के लिए रियायती वित्त उपलब्ध करवाने के अतिरिक्त, निर्माण अवधि के दौरान ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध करवा कर परियोजना विशिष्ट अवस्थापना के विकास में सहायता देता रहा है। परियोजना विशिष्ट अवस्थापना पर व्यय के सम्बन्ध में प्रवर्तक अंशदान की भी आशा नहीं की जाती, और परियोजना के उत्पादन प्रारम्भ करने के बाद उस प्रयोजन के लिए दिए गए ऋण पर ब्याज की प्रचलित रियायती दर वसूल की जाती है। इन उपायों ने सीधे-सादे लेकिन महत्वपूर्ण ढंग से संतुलित क्षेत्रीय विकास के उद्देश्य को पूरा करने में सहायता दी है, और इस प्रक्रिया से भी क्षेत्रीय आर्थिक असंतुलनों को ठीक करने में सहायता मिली है।

(ii) सहकारिता आन्दोलन को प्रोत्साहन

5.32 यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि उद्योग में सहकारिता आन्दोलन ने भाऔविनि के आगमन से जड़ें पकड़ी। इस समय तक 313 औद्योगिक सहकारिताओं को भाऔविनि की सहायता प्राप्त हुई है और उनको 411.93 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। यद्यपि औद्यो-गिक क्षेत्र में सहकारिता आन्दोलन के इतिहास में महाराष्ट्र अग्रणी रहा है, भाऔविनि के लिए यह बड़े संतोष की बात है कि सहकारिता क्षेत्र उद्यमों को प्रदान की गई इसकी सहायता और अग्रता संव्यवहार के माध्यम से सहकारिता आन्दोलन लगभग सभी राज्यों में गतिमान हुआ है। इस समय भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित 313 सहकारिताएं हैं, जिनमें से महाराष्ट्र में 113, उत्तर प्रदेश में 41, कर्नाटक में 29, आन्ध्र प्रदेश में 24, गुजरात में 24, तमिलनाडु में 20, पंजाब में 15, उड़ीसा में 11, हरियाणा में 8, असम, बिहार और मध्य प्रदेश प्रत्येक में 5, केरल

और राजस्थान प्रत्येक में 4, पश्चिम बंगाल में 2, पांडिचेरी में 2 और गोवा में एक है । चूंकि औद्योगिक क्षेत्र की लगभग सभी सहकारिताएं या तो कृषि आधारित हैं या कृषि के लिए उपादेय उपलब्ध करवाती हैं, भाऔविनि ने उद्योग में सहकारिता आन्दोलन को प्रोत्साहन उपलब्ध करवा कर ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक विकास को सामान्यतः प्रभावित करने के अतिरिक्त कृषि और उद्योग के बीच एक अच्छा सम्बन्ध स्थापित किया है ।

5.33 ग्रामीण और/या अर्ध, शहरी क्षेत्रों में स्थापित औद्योगिक सहकारिताएं सहकारिता क्षेत्र में ग्रामीणों के विश्वास को मजबूत करने और उत्पादक प्रयोजनों के लिए कृषि क्षेत्र की बचतों को बढ़ावा देने के अतिरिक्त बेहतर सड़कें, बेहतर सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध करवा कर, पेयजल उपलब्ध करके, विद्यालयों और स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना करके क्षेत्र की अर्थ-व्यवस्था में बहुत बड़ा परिवर्तन लाई है । चीनी सहकारिताएं औद्योगिक एल्कोहल्स का उत्पादन करने वाले मद्य-निर्माणशालाओं, मिष्ठान इकाइयों, खोई आधारित कागज संयंत्रों अथवा मिश्रित और दानेदार उर्वरकों के उत्पादन, आदि जैसे बहुत से अनुषंगी और सहायक उद्योगों को प्रवर्तित करने में सहायक रही है । वस्त्र बुनाई सहकारिताओं ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हथकरघा क्षेत्र के विकास के लिए अवसर प्रदान किए हैं । पटसन, उर्वरक, सिन्थेटिक धागे, वनस्पति तेल, कोकोआ प्रोसेसिंग, कागज, औद्योगिक सम्पदाओं आदि का विकास जैसे बहुत से अन्य उद्योगों में सहकारिता आन्दोलन का प्रसार, भा औ वि नि की पर्याप्त वित्तीय सहायता से पिछले चार दशकों में प्राप्त की गई सफलता और शक्ति का एक सार्थक प्रमाण है ।

(iii) उद्योगों का आधुनिकीकरण और विशाखन

5.34 औद्योगिक इकाइयों के विस्तार, विशाखन और आधुनिकीकरण को उच्च अग्रता दी जा रही है, और सम्बन्धित योजनाओं के अधीन आधुनिकीकरण के लिए उदार शर्तों पर सहायता संभव सीमा तक उपलब्ध करवाई जा रही है । पिछले 40 वर्षों के दौरान भा औ वि नि द्वारा मंजूर की गई कुल सहायता का लगभग 3.17 प्रतिशत वर्तमान औद्योगिक इकाइयों के विस्तार, विशाखन और आधुनिकीकरण को प्राप्त हुआ है । चीनी विकास निधि, वस्त्र आधुनिकीकरण निधि और जूट आधुनिकीकरण निधि और उसके साथ सभी अन्य उद्योगों के आधुनिकीकरण की उदार ऋण योजना के अधीन उपलब्ध लाभों के परिचालन से उद्योग में आधुनिकीकरण और पुनरूद्धार कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में वास्तविक बल प्राप्त हुआ है ।

5.35 भा औ वि नि का जोर प्रौद्योगिकी के उन्नयन, ऊर्जा संरक्षण के उपायों और प्रदूषण नियंत्रण सहित आधुनिकीकरण के समन्वित कार्यक्रम पर रहा है । भा औ वि नि का बल और धारणा इस बात पर रही है कि गुणवत्ता और मानकीकरण की शर्तों के अनुसार उत्पादों का ही नहीं अपितु मितव्ययता, दक्षता और गुणवत्ता से परिपूर्ण प्रौद्योगिकी का भी आधुनिकीकरण हो, संगठनात्मक ढांचे का आधुनिकीकरण हो, और सभी स्तरों पर कार्मिकों के दृष्टिकोणों और कुशलताओं के आधुनिकीकरण आधुनिकीकरण सहित प्रबन्ध-व्यवस्था तकनीकों का आधुनिकीकरण हो । बारम्बार आधुनिकीकरण योजनाओं का मूल्यांकन करते समय भा औ वि नि इस बात पर विशेष बल ध्यान देता रहा है, कि औद्योगिक इकाइयों द्वारा बनाई गई आधुनिकीकरण योजनाओं का लक्ष्य, प्रक्रिया प्रौद्योगिकी और उत्पाद में सुधार, निर्यात उन्मुखता या आयात प्रतिस्थापन, ऊर्जा बचत, प्रदूषण निवारक उपाय, दुर्लभ कच्चे माल और अन्य उपादेयों का संरक्षण/प्रतिस्थापन, छीजन और उप-उत्पादों के पुनर्उपयोग में वृद्धि और अवरोधों को दूर कर क्षमता उपयोग में वृद्धि हो । उद्योगों में, जहां प्रौद्योगिकी अप्रचलन की दर बहुत ऊंची है, या जहां प्रौद्योगिकी या प्रक्रिया के उन्नयन सन्निहित हैं, वहां संयंत्र और उपकरण के आयु मापदण्ड, में भी छूट दी गई है । वास्तव में भा औ वि नि और अन्य वित्तीय संस्थानों के प्रयासों से औद्योगिक क्षेत्रों में आधुनिकीकरण के प्रति चेतना जगी है, और यदि उद्योग आधुनिकीकरण पहलू के प्रति सुनियोजित तरीके से उचित ध्यान देता है, तो इसमें कोई सन्देह नहीं कि उद्योग घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों, दोनों में अपनी प्रतिस्पर्द्धा को बनाए रख सकता है तथा उसमें सुधार कर सकता है ।

(iv) प्रौद्योगिकीय आधार का विस्तृतीकरण

5.36 लगभग तीन दशकों से जोर निस्सन्देह आर्थिक आत्म निर्भरता पर था, जिसके परिणामस्वरूप उपभोक्ता माल उद्योगों या कृषि आधारित उद्योगों का पलड़ा परिष्कृत और प्रौद्योगिकी उन्मुख उद्योगों से भारी था । लेकिन पिछले दशक के दौरान, और विशेषकर सातवीं पंचवर्षीय योजना के आगमन से, या तो प्रौद्योगिकी का आयात करके, याइन- हाउस अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के माध्यम से देशी प्रौद्योगिकी का विकास करके, प्रौद्योगिकी उन्नयन, प्रौद्योगिकी विकास और प्रौद्योगिकी उन्मुख उद्योगों का भाग, विशेष कर, हाल ही में भा औ वि नि के सहायता के भाग में समुचित रूप से बढ़ गया है । भा औ वि नि द्वारा प्रवर्तित जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० भी अधिक जोखिम और अधिक लाभ वाले, उच्च प्रौद्योगिकी उद्यमों को शुरू करने वाले पथ प्रदर्शक तकनीकज्ञों/व्यवसायियों को उनकी योजनाओं, अर्थात नई प्रौद्योगिकी, नए उपयोगों और नई विशेषीकृत सेवाओं और उनकी वाणिज्यिकता के के विशिष्ट पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, प्रोत्साहन दे रहा है । भा औ वि नि भी अपने परियोजना वित्तपोषण परिचालनों में उन परियोजनाओं को पर्याप्त महत्व भी देता रहा है जो कि वाणिज्यिक रूप से स्वदेशी प्रमाणित या उन्नत आयातित प्रौद्योगिकी पर आधारित हो, अथवा जो या तो आयात प्रतिस्थापन, या निर्यात विकास, या दोनों के आधारभूत उद्देश्य से वर्तमान औद्योगिक इकाइयों में प्रौद्योगिकी के उन्नयन वाली हो । बहु-प्रकार की परियोजनाएं, जो कि भा औ वि नि

नि० द्वारा वित्तपोषित की गई हैं, विशेषकर पिछले पाच वर्षों के दौरान, उपर्युक्त कथन का सार्थक प्रमाण है। लेकिन, उल्लेखनीय बात यह है, कि यह केवल शुरुआत ही है, और इस क्षेत्र में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है, ताकि देश के 21वीं शताब्दी में प्रवेश करने से पहले उद्योग का प्रौद्योगिकीय आधार अच्छी तरह से विशाखित हो सके।

(v) उद्यमीय आधार का विस्तृतीकरण

5.37 भारत जैसे बड़े देश में औद्योगिक विकास की संतुलित और व्यापक रूप से विस्तृत प्रक्रिया के लिए उद्यमीय आधार को विस्तृत करने के लिए उद्यमियों के एक नए वर्ग की रचना प्रमुख रूप से अपेक्षित है। इस क्षेत्र में भा० औ० वि० नि० की भूमिका जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० की सहायता से प्रवर्तकों के अंशदान के संस्थानात्मक मापदण्डों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, छोटे उद्यमियों को अपने संसाधनों की सम्पूर्ति करने के अतिरिक्त, छोटे उद्यमियों के लाभ के लिए उद्यमीयता विकास कार्यक्रम को प्रोत्साहित करके और प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों द्वारा इसके अपने वित्तपोषण में परियोजनाओं को महत्व देकर, प्रमुख रही है। पिछले दशक में ही भा० औ० वि० नि० और जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० मध्यम, मध्यम-बड़े और बड़े उद्योगों के क्षेत्र में ही देश के औद्योगिक क्षितिज पर 264 प्रथम पीढ़ी उद्यमियों को लाने में समर्थ रहे हैं।

(vi) प्रबन्ध-व्यवस्था का व्यवसायीकरण और बेहतर प्रबन्ध-व्यवस्था संस्कार

5.38 दो दशक पहले भारत में 'स्वामित्व' को 'प्रबन्ध-व्यवस्था' से पृथक् करना कठिन था। इस सम्बन्ध में वित्तीय संस्थानों द्वारा किए गए प्रयासों के प्रति धन्यवाद देना होगा, जिससे कि प्रबन्ध-व्यवस्था के व्यवसायीकरण ने देश में जड़ें पकड़नी प्रारम्भ कर दी हैं। उद्योग अब इस बात से भली-भांति परिचित हो गया है कि 'स्वामित्व' और 'नियंत्रण' का परियोजना के सफल परिचालनों से बहुत कम सम्बन्ध है। वास्तव में 'प्रबन्ध-व्यवस्था' ही इस सम्बन्ध में प्रमुख स्थान रखती है। अतः भा० औ० वि० नि० सहित वित्तीय संस्थानों का जोर उचित प्रबन्ध-व्यवस्था संस्कार बनाने और उद्योग की समग्र प्रबन्धकीय प्रभावशीलता बढ़ाने पर रहा है। भा० औ० वि० नि० द्वारा प्रवर्तित प्रबन्ध विकास संस्थान पिछले दस वर्षों के दौरान इस सम्बन्ध में अपनी छाप बनाने में समर्थ रहा है।

5.39 लम्बे समय तक भारतीय नियमित प्रबन्ध-व्यवस्था उच्च नियामक पर्यावरण को सहने की आदी रही है। वास्तव में नियंत्रणों की मिश्रित व्यवस्था का स्थायीकरण बहुत सी औद्योगिक इकाइयों के विद्यमान रहने और विकास करने का प्रमुख पहलू बन गया था। अब परिवर्तन के अधीन आर्थिक पर्यावरण में, नियंत्रणों की व्यवस्था से जो लाभ होते थे, वे अब होने बन्द हो गए हैं। बढ़ी हुई प्रतियोगिता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक औद्योगिक पर्यावरण में शीघ्र ताल-मेल करने में अब चुनौतियां उठ खड़ी हो रही हैं। इस नए पर्यावरण का प्रभाव ही वह मूल चुनौती है, जिसका कि भारतीय नियमित प्रबन्ध-व्यवस्था आज सामना कर रही है, और इस अन्तराल को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा प्रवर्तित प्रबन्ध विकास संस्थान द्वारा पूरा किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

5.40 परियोजनाओं के मूल्याकन और अनुवर्तन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों और विशेषकर भा० औ० वि० नि०, जो कि देश के विकास बैंकों में सबसे पुराना है, औद्योगिक परियोजनाओं के परियोजना नियोजन, कार्यान्वियन और परिचालन से सम्बन्धित मूल पहलुओं के प्रति अनुशासन भावना पैदा करने का कुछ श्रेय प्राप्त कर सकते हैं। वित्तीय संस्थानों की अनुवर्ती कार्यवाही इस प्रकार बनाई गई है, कि जोर केवल उनसे सूचना और आंकड़े की मांग पर दिया जाये, जिसे परियोजनाओं का कोई भी प्रभारी प्रबुद्ध प्रबन्धक-वर्ग, परियोजना के सफल परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए, स्वयं रखना और विश्लेषण करवाना चाहेगा। वर्षों के दौरान भा० औ० वि० नि० का प्रयास प्रवर्तकों और प्रबन्धकों के बीच औद्योगिक उद्यम की सफलता के लिए वित्तपोषण और प्रबन्धकीय अपेक्षाओं के प्रति बेहतर जागरूकता उत्पन्न करना रहा है, और यही कारण है कि प्रबुद्ध प्रवर्तक और सक्षम व्यवस्थापक काफी अधिक मात्रा में उन लाभों का महत्व समझने में अब समर्थ हैं, जो कि विभिन्न अभ्यासों से वे स्वयं प्राप्त करते हैं, जिनका भा० औ० वि० नि० परियोजना के कार्यान्वियन और परिचालन अवस्थाओं के दौरान उनके द्वारा किए जाने की अपेक्षा करता है। वित्तीय संस्थानों की रचनात्मक और सहयोगी भूमिका, न तो किसी परियोजना के वित्तपोषण के लिए निर्णयों तक और न ही उनके द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता के चालू रहने के दौरान, परियोजना के कार्यान्वियन के पर्यवेक्षण तक सीमित रहती है। वित्तीय संस्थानों की यही कामना रहती है, कि प्रबन्धक-वर्ग के साथ उनके सम्बन्ध पूरी तरह से अंतरंग और निरन्तर हों जिससे कि गुंजायमान औद्योगिक स्वभाव के सृजन के लिए एक दूसरे की सुविज्ञता और अनुभव का आदान-प्रदान कर सकें। इसी परिप्रेक्ष्य में वित्तीय संस्थान प्रत्येक प्रबन्धक-वर्ग को निम्नलिखित के लिए प्रभावित करते हैं : (क) एक उचित संगठनात्मक ढांचा बनाने के लिए, (ख) प्रबन्ध-व्यवस्था का दूसरा अच्छा स्तर बनाने के लिए, (ग) दिन-ब-दिन कार्यों के लिए प्रबन्ध-समितियों को रखने के लिए और सबसे बढ़कर, (घ) नीति अवबोधन को जगाने और समग्रतः परियोजना के परिचालनों का निष्पक्ष रूप से पर्यवेक्षण करने के लिए उचित रूप से विस्तृत किए गए निदेशक बोर्ड को रखने के लिए। मूलभूत उद्देश्य केवल यह सुनिश्चित करना है, कि वित्तपोषित संस्थाएं स्वयं अपने-आप कतिपय स्व-नियंत्रित प्रक्रिया का विकास करें, जिससे कि अपनी परिचालनात्मक व्यवहार्यता और वित्तीय विश्वसनीयता को निरन्तर बनाए रख सकें। भा० औ० वि० नि० कुछ क्षम्य गर्व के साथ यह कह सकता है, कि वह इस सम्बन्ध में एक छाप छोड़ने और वित्तपोषित संस्थाओं की प्रबन्ध-व्यवस्था संस्कृति पर कुछ

गुणात्मक प्रभाव डालने में सक्षम रहा है, हालांकि अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है ।

नवीनतर चुनौतियां

5.41 पिछले चार दशकों के दौरान भा० औ० वि० नि० के कार्य परिणाम इस बात को दर्शाते हैं, कि यह उद्योगीकरण प्रक्रिया के लिए एक निरन्तर और अति आवश्यक गति-प्रेरक उपलब्ध करवाने में सक्षम रहा है । अब 1,000 करोड़ रुपये से अधिक होने वाली वार्षिक मंजूरियों और प्रत्येक वर्ष 500 नए ग्राहकों के बन जाने से भा० औ० वि० नि० का आगे का कार्य न केवल विविधतापूर्ण है, अपितु चुनौती भरा भी है । नवीनतर मांगे सहायता के आकार में विकास के साथ गति बनाए रखने के लिए संसाधन जुटाने और निधियों के पुनर्उपयोग के लिए प्रयासों में न केवल पर्याप्त प्रगति की अपेक्षा रखती है अपितु संसाधनों के आबंटन के लिए नीतियों और अग्रताओं को और अधिक एकजुट करने की भी अपेक्षा करती है ।

5.42 मानवशक्ति की योजना और विकास के क्षेत्र में, आने वाले वर्षों में, भा० औ० वि० नि० का प्रतिबल निम्नलिखित माध्यम से उत्पादकता सुधार पर होगा—(क) यथा-संभव सीमा तक प्रणालियों के परिचालनों और कार्यपद्धतियों का यंत्रीकरण और कम्प्यूटरीकरण, (ख) इलेक्ट्रानिक डाटा प्रोसेसिंग, माइक्रो-प्रोसेसिंग और पर्सनल कम्प्यूटरों की प्रकृति के अनुरूप अधिकारियों और स्टाफ को ढालना और (ग) उनकी सम्पूर्ण प्रबन्धकीय दक्षताओं और प्रभावशीलता को सुधारने के लिए उन्हें प्रशिक्षित और पुनर्प्रशिक्षित करना ।

5.43 संसाधन जुटाने के क्षेत्र में समय पर वित्तीय संस्थानों और साथ ही सरकार के प्रति अपनी वचनबद्धताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबल चालू और अतिदेयों की वसूली के लिए और संघटकों में संस्कृति सृजित करने के लिए अब भी है, और उपरोक्त के लिए प्रतिबल अधिक परिश्रम पूर्वक भविष्य में लगे रहना अवश्यम्भावी है । देश की वित्तीय प्रणाली, में यदि निवेश के विकास को बनाए रखने और गतिमान होने की आशा है, तो देनदारों में चूक किये जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती । उद्योग में योजना, बजट पूर्वानुमान और अनुवर्तन अभ्यासों को पहले से अधिक परिश्रमपूर्वक सार्थक करना होगा । अधिकांश मामलों में उपरोक्त आधार पर वित्तीय व्यवस्था में एक बार उचित रूप से गतिमान होने के बाद, रुग्णता का भी, जहां यह बाहरी कारणों के कारण न हो, पता लगाया जा सकता है अपितु इसे रोका भी जा सकता है ।

5.44 उद्योगों के वित्तपोषण के क्षेत्र में अन्य क्षेत्र, जिनमें कि भा० औ० वि० नि० और अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा प्रभाव डाला जाना अवश्यम्भावी होगा, निम्नानुसार होंगे :—

— ऊर्जा के सर्वोत्तम उपयोग करने, ऊर्जा संरक्षण उपायों द्वारा बचत करने और गैर-परम्परागत और नवीकरणीय ऊर्जा साधनों के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से ऊर्जा प्रबन्ध ।

— पर्यावरणीय संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण ।

— व्यक्तियों और माल की सुरक्षा ।

— प्रौद्योगिकी उन्नयन ।

— मानव संसाधन विकास ।

अवरोध की अवस्था देश में बहुत से उद्योगों को प्रभावित कर रही है । यदि इस औद्योगिक अवरोध के खतरे का प्रभावशाली ढंग से मुकाबला करना है, तो प्रौद्योगिकी को उन्नत करने और उद्योग में उत्पादकता को सुधारने के सिवाय कोई चारा नहीं है । यह नोट किए जाने की भी आवश्यकता है, कि अंधाधुंध विदेशी सहयोग प्रौद्योगिकी अप्रचलन के लिए रामबाण नहीं है, और न हो सकता है । विज्ञान और प्रौद्योगिकी के कई क्षेत्रों में देश अब व्यस्क हो चुका है, और प्रौद्योगिकीय सुधार करने, उत्पादन लागत घटाने, और औद्योगिक उत्पादों की गुणवत्ता के साथ-साथ उद्योग की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए स्वयं देश के भीतर सम्बन्धित प्रौद्योगिकी को ढूंढना कठिन नहीं है । उपर्युक्त पहलू भा० औ० वि० नि० के भावी परिचालनों में प्रमुख विचारणीय मुद्दे होंगे ।

5.45 उद्योग का मेरुदण्ड सक्षम प्रबन्धकीय एवं तकनीकी कार्मिक है । बचत के पैमाने, प्रवीणता और नवीनता दिखाने की पर्याप्त छूट सहित प्रतिस्पर्धात्मक पर्यावरण का लाभ लेने के लिए भी उद्योग तभी लाभ ले सकता है, जबकि प्रबन्ध व्यवस्था पूरी तरह से व्यावसायिक हो, और साथ ही साथ व्यवसायीकृत की गई हो । प्रबन्ध-व्यवस्था को भी प्रशिक्षण और पुनर्प्रशिक्षण कार्यों की सहायता से परिवर्तन और अनुकूलन की आवश्यकता है, जिससे कि यह अपनी गरिमा और उत्पादकता को बनाए रख सके । अब समय आ गया है, जबकि उद्योग अपनी अग्रताओं को स्पष्ट कर लें । जब तक कि उद्योग मानव संसाधनों के विकास के प्रति अपना एकाग्र ध्यान नहीं लगाता, यह अपने लाभों की आशा नहीं कर सकता । संभवतः औद्योगिक वित्तपोषण के भावी कार्यक्रमों में इन पहलुओं को अधिक विस्तार से देखना होगा ।

5.46 उभरती हुई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए सौभाग्यवश भा० औ० वि० नि० के लिए एक तरफ भा० औ० वि० बैंक के सक्रिय नेतृत्व के अधीन देश के अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ और दूसरी तरफ औद्योगिक क्षेत्र के साथ मजबूत सम्बन्धों सहित एक प्रभावी समन्वय तंत्र उपलब्ध है । फिर भी, विकास वित्तपोषण की बढ़ती हुई जटिलताएं निरन्तर नई से नई चुनौतियां उत्पन्न कर रही हैं । बहुविध, प्रवर्तनात्मक और विकासात्मक कार्यों के लिए बढ़ती हुई मांगे भी समान रूप से महत्वपूर्ण हैं । अपनी शक्ति और लचीलेपन के सबल आधार पर जो व्यवस्थाएं भा० औ० वि० नि० ने पिछले 40 वर्षों के दौरान निरन्तर बनाई हैं, भा० औ० वि० नि० यह कहने में सक्षम है, कि यह भावी मांगों को

आशाजनक रूप से अच्छी तरह पूरा करने में समर्थ होगा, और आने वाले समय में विकास बैंकिंग के क्षेत्र में नए से नए आयाम जोड़ेगा ।

अध्याय 6

आन्तरिक मामले

निदेशक बोर्ड की बैठकें

6.01 वर्ष के दौरान, निदेशक बोर्ड की 12 बैठकें हुई, जिनमें से 7 नई दिल्ली में, तथा एक-एक बैठक बम्बई, कलकत्ता, मद्रास, हैदराबाद और शिलांग में हुई ।

निदेशक बोर्ड में परिवर्तन

6.02 भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित निदेशक, श्री वी० दीक्षित द्वारा भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक के अध्यक्ष के पद से सेवा-निवृत्त होने के कारण बोर्ड से त्यागपत्र देने के अतिरिक्त निदेशक बोर्ड में और कोई परिवर्तन नहीं हुआ । भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा उनका उत्तरवर्ती अभी नामित किया जाना है ।

6.03 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का निदेशक बोर्ड श्री वी० दीक्षित द्वारा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम से निदेशक के रूप में सम्बद्ध रहने के दौरान किए गए बहुमूल्य मार्गदर्शन, योगदान एवं सेवाओं की अति प्रशंसा करता है ।

6.04 निदेशक बोर्ड, श्री एल० के० झा, जो 15 फरवरी, 1956 से 7 जून, 1960 की अवधि के दौरान भारत सरकार के नामित के रूप में भा० औ० वि० नि० के एक निदेशक रहे थे, के दुखद निधन पर भी गहरी संवेदना प्रकट करता है ।

सलाहकारों के तदर्थ समूह की बैठकें

6.05 वर्ष के दौरान, होटलों, अस्पतालों, रसायन प्रक्रिया एवं सम्बद्ध उद्योगों, इंजीनियरी तथा पटसन उद्योगों के प्रस्तावों पर विचार करने के लिए विशिष्ट परामर्श प्राप्त करने हेतु सलाहकारों के तदर्थ समूह की 8 बैठकें की गई ।

राज्य सलाहकार समितियों की बैठकें

6.06 वर्ष के दौरान, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 15 के अन्तर्गत गठित राज्य सलाहकार समितियों की दो बैठकें—एक आन्ध्र प्रदेश और एक राजस्थान में हुई । इस समय राज्यों में भा० औ० वि० नि० की विभिन्न 16 राज्य सलाहकार समितियां कार्यरत हैं । और हरियाणा, गोवा तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र में शीघ्र बैठकें आयोजित करने का प्रस्ताव है ।

6.07 राज्य सलाहकार समिति की बैठकें विशिष्ट क्षेत्रों और/अथवा उद्यागों के सम्बन्ध में उपलब्ध परिस्थितियों, तथा गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए भा० औ० वि० नि० के लिए अपने योगदान और गतिविधियों के सम्बन्ध में बेहतर जानकारी देने, उसके मूल्यांकन करने तथा सम्बन्धित राज्य में उद्योगीकरण की समस्याओं और संभावनाओं की मौके पर जानकारी देने में सहायक रही है । भा० औ० वि० नि० के क्षेत्रीय तथ शाखा कार्यालयों के प्रमुख पदेन सचिवों की हैसियत से, समिति के सदस्यों के साथ पूरे वर्ष सम्पर्क बनाए रखते हैं ।

अन्तर-संस्थानात्मक समन्वय

6.08 अन्तर संस्थानात्मक बैठकों, अन्तर-संस्थानात्मक पुनर्स्थापन तथा वरिष्ठ कार्यपालकों की बैठकों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के वित्तीय संस्थानों के बीच अन्तर-संस्थानात्मक समन्वय बनाए रखा गया । वर्ष 1987-88 के दौरान अन्तर-संस्थानात्मक मंच की 10 (सार्वजनिक उपक्रमों की समिति की सिफारिशों पर विचार करने के लिए आयोजित की गई एक बैठक सहित), अन्तर-संस्थानात्मक पुनर्स्थापन मंच की 11 और वरिष्ठ कार्यपालकों की 26 बैठकें हुई ।

6.09 क्षेत्रीय स्तर पर, भा० औ० वि० बैंक के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा आयोजित क्षेत्रीय कार्यपालकों की बैठकें संस्थानात्मक स्तर पर वित्तपोषित संस्थाओं की प्रगति की समीक्षा करने, संवितरणों तथा वसूलियों पर, विशेष रूप से परियोजना वित्तपोषण भागीदारी योजना मामलों पर विचार करने तथा परियोजना अनुवर्तन, देयताओं की वसूली आदि की समीक्षा करने के लिए हुई । वर्ष के दौरान, 22 क्षेत्रीय कार्यपालक बैठकें हुई, जिनमें से 5 उत्तरी क्षेत्र में, 4 पश्चिमी क्षेत्र में, 4 पूर्वी क्षेत्र में, 4 उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में तथा 5 दक्षिणी क्षेत्र में आयोजित की गई ।

6.10 राज्य स्तर पर, भा० औ० वि नि० द्वारा राज्य स्तरीय समन्वय समितियों, राज्य स्तरीय मार्गदर्शन तथा अनुवर्तन समितियों, और राज्य स्तरीय मंचों, आदि की बैठकों में अपने क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों के मुख्य अधिकारियों के माध्यम से भाग लेकर समन्वय बनाए रखा गया ।

विदेश यात्राएं तथा अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर भागीदारी

6.11 भा० औ० वि० नि० ने विदेशों के अन्य विकास वित्तीय संस्थानों और विश्व पूंजी बाजार में कार्यशील अन्तर्राष्ट्रीय बैंकों के साथ घनिष्ठ सम्पर्क बनाए रखा ।

6.12 भा० औ० वि० नि० अध्यक्ष, श्री धर्मेन्द्रनाथ डावर ने बैंक आफ कोरिया के गवर्नर के निमंत्रण पर दक्षिण कोरिया का दौरा किया, और वे सियोल में बैंक आफ कोरिया के नए भवन के उद्घाटन समारोह के अवसर पर विशेष अतिथि रहे । उन्होंने जापान के बैंकों और सिक्योरिटी हाउसेस के साथ परस्पर हित के मामलों पर विचार-विमर्श करने हेतु जापान का दौरा किया, और इसी दौरे के दौरान वे अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में भा० औ० वि० नि० द्वारा लिए गए 14 बिलियन जापानी येन के यूरो-येन ऋण के सम्बन्ध में मित्सुई फाइनेंस एशिया, लि० के साथ करार पर हस्ताक्षर करने के लिए हांग कांग रुके ।

6.13 भा० औ० वि० नि० के कार्यपालक निदेशक, श्री सुदर्शन कुमार ऋषि ने सितम्बर, 1987 में संयुक्त राज्य अमरीका का दौरा किया और न्यूयार्क में उर्वरक संस्थान के विश्व उर्वरक सम्मेलन में भा० औ० वि० नि० का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने वाशिंगटन में 'तृतीय विश्व में खाद्य आपूर्ति हेतु वित्त एवं उर्वरक' पर गोल मेज सम्मेलन में भी भाग लिया।

6.14 भा० औ० वि० नि० के महाप्रबन्धक, श्री हरिश्चन्द्र शर्मा ने जून, 1988 में बेलग्रेड (युगोस्लाविया) में हुई विकासशील देशों में लघु एवं मध्यम आकार उद्यमों पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भा० औ० वि० नि० का प्रतिनिधित्व किया। इस सम्मेलन का आयोजन वर्ल्ड असैम्बली आफ स्माल एण्ड मीडियम इन्टरप्राइजेज (वासमें) नई दिल्ली के सहयोग से दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिए बेलग्रेड की एक एजेंसी—रिसर्च सेन्टर फार कोआपरेशन विद डेवलपिंग कन्ट्रीज, लजुबल्जाना द्वारा किया गया।

संगठनात्मक गतिविधियां

6.15 18 अप्रैल, 1988 को अपनी वर्तमान अवधि की समाप्ति पर औ० वि० नि० अधिनियम, 1948 की धारा 10 (1) (क) के अधीन श्री धर्मेन्द्रनाथ डावर को 18 अप्रैल, 1993 तक आगामी 5 वर्षों के लिए भा० औ० वि० नि० के अध्यक्ष के रूप में पुनः नियुक्त किया गया। वर्ष के दौरान, भा० औ० वि० नि० के मूल संगठनात्मक ढांचे में कोई अन्य परिवर्तन नहीं हुआ।

प्राधिकार प्रत्यायोजन

6.16 वर्ष के दौरान, निदेशक बोर्ड द्वारा भा० औ० वि० नि० के विभिन्न अधिकारियों को प्रदत्त की गई प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियों की समग्र समीक्षा के साथ-साथ भा० औ० वि० नि० द्वारा प्रारम्भ की गई विभिन्न नई योजनाओं के अधीन वित्तीय सहायता मंजूर तथा संवितरण करने के लिए भा० औ० वि० नि० के अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ कार्यपालकों को पर्याप्त प्राधिकार प्रत्यायोजित किए गए।

वरिष्ठ अधिकारी सम्मेलन

6.17 भा०औ०वि०नि० में समष्टि तथा सामरिक योजना के एक भाग की प्रक्रिया के रूप में वर्ष के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के दो सम्मेलन अक्तूबर-नवम्बर, 1987 तथा अप्रैल, 1988 में, भा०औ०वि०नि० की वर्तमान तथा प्रस्तावित गतिविधियों को और सुदृढ़ बनाने तथा क्षेत्रीय, शाखा एवं अन्य कार्यालयों के कार्य निष्पादन तथा उपलब्धियों की समीक्षा करने के लिए आयोजित किए गए। इन सम्मेलनों में भा०औ०वि०नि० के इन क्षेत्र कार्यालयों से प्राप्त हुए कई सुझावों पर भी ध्यान दिया गया। बाद में उक्त सुझावों पर भा०औ०वि०नि० के कार्यपालकों की उच्च-स्तरीय समिति द्वारा गहराई से विचार किया गया, और इसके परिणाम स्वरूप, आन्तरिक प्रणालियों एवं पद्धतियों तथा कार्यालय के कार्यों का सरलीकरण करने में उल्लेखनीय प्रगति हुई।

इलेक्ट्रानिक डाटा प्रोसेसिंग तथा सम्प्रेषण प्रणाली

6.18 भा०औ०वि०नि० की पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में प्रधान कार्यालय में अपेक्षित अनुषंगी सामान सहित एक आधुनिक आई० सी० आई० एम०—6040 मेन फ्रेम कम्प्यूटर स्थापित तथा परिचालित करने एवं भा०औ०वि०नि० के दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय में एक आई० सी० आई० एम० क्वाटरो पर्सनल कम्प्यूटर लगाने के सम्बन्ध में उल्लेख किया गया था। वर्ष के दौरान, कम्प्यूटरीकरण की समग्र श्रेणी में, लेजर प्रिण्टर सहित एक बहुभाषी शब्द संसाधक की और वृद्धि की गई। आशा की जाती है कि अगस्त, 1988 के अन्त तक भा०औ०वि०नि० के क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों में कम्प्यूटर प्रणाली स्थापित करने के लिए आदेश दे दिए जायेंगे तथा दिसम्बर, 1988 में यह प्रणाली चरणों में परिचालित हो जाएगी।

6.19 इलैक्ट्रोनिक डाटा प्रोसेसिंग विभाग हेतु आवश्यकता पर आधारित व्यावसायिक स्टाफ की नियुक्ति की गई, तथा कम्प्यूटरीकरण के क्षेत्र में अधिकारियों एवं स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। वर्ष के दौरान, 6 कम्प्यूटर उद्बोधन कार्यक्रम तथा 9 डाटा डाक्यूमेंटेशन एण्ड डिसीप्लिन प्रोग्राम आयोजित किए गए, जिसमें भा०औ०वि०नि० के 228 अधिकारियों एवं स्टाफ के सदस्यों ने भाग लिया।

कार्मिक

6.20 जून, 1988 की समाप्ति तक भा०औ०वि०नि० में (इसके क्षेत्रीय, शाखा एवं अन्य कार्यालयों सहित) 1,147 कर्मचारी कार्यरत थे। इनमें 397 अधिकारी, 533 सहायक कर्मचारी और 217 अधीनस्थ कर्मचारी थे। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, भूतपूर्व सैनिक और शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारियों की संख्या क्रमशः 160, 37 और 15 थी। जून, 1988 की समाप्ति के समय भा०औ०वि०नि० में महिला कर्मचारियों की संख्या 183 थी।

मानव संसाधन विकास

6.21 मानव संसाधन का सर्वोत्तम लाभ उठाने और उच्च-दायित्वों को निभाने तथा विभिन्न दत्तकार्यों को पूरा किए जाने को ध्यान में रखते हुए, वर्ष के दौरान, उचित दृष्टिकोण तथा सकारात्मक कार्य-संस्कारों सहित मानवीय संसाधनों के विकास और समृद्धि पर बहुत जोर दिया गया। प्रशिक्षण में कम्प्यूटर से सम्बन्धित कुशलता, मर्चेन्ट बैंकिंग, लीजिंग वित्त, विदेशी मुद्रा ऋण परिचालन, औद्योगिक परियोजनाओं का आर्थिक विश्लेषण, कार्यशील पूंजी प्रबन्ध और रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन पर ध्यान दिया गया।

6.22 भा०औ०वि०नि० के अधिकारियों और स्टाफ के लाभ के लिए विभिन्न अवधि के 67 इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम—अब तक सबसे अधिक—आयोजित किए गए। इन 67 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में से, प्रधान कार्यालय प्रशिक्षण केन्द्र, नई दिल्ली में 29 कार्यक्रम, बम्बई प्रशिक्षण केन्द्र में 10, हैदराबाद प्रशिक्षण केन्द्र में 13, पटना प्रशिक्षण केन्द्र में 7 तथा भा०औ०वि०नि० के

न्य केन्द्रों में 8 कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विभिन्न कार्यालयों और विभिन्न स्तरों के 702 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

6.23 इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अतिरिक्त, देश के अन्य व्यावसायिक संस्थानों द्वारा आयोजित बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी स्टाफ के 57 सदस्यों ने भाग लिया। विकास बैंकिंग केन्द्र सहित प्रबन्ध विकास संस्थान द्वारा आयोजित अधिकारी विकास कार्यक्रमों में स्टाफ के बीस सदस्यों को भेजा गया। निवेश मूल्यांकन एवं प्रबन्ध, लीजिंग एवं प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण जैसे विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए तीन वरिष्ठ कार्यपालकों को विदेश भेजा गया।

6.24 कम्पनी (संशोधन) अधिनियम, 1988, प्रत्यक्ष-कर विधियां (संशोधन) अधिनियम, 1987, वित्तीय जोखिम प्रबन्ध एवं प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण से सम्बन्धित विषयों पर अधिकारियों तथा स्टाफ के लाभ के लिए विशेषज्ञों द्वारा विशेष भाषणों का प्रबन्ध किया गया।

6.25 शैक्षणिक संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों के साथ ज्ञान एवं अनुभव के आदान-प्रदान के प्रयास में, भाऔविनि ने विभिन्न संस्थाओं के व्यवसाय प्रबन्ध पाठ्यक्रमों के छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराईं। वर्ष के दौरान, विभिन्न विश्वविद्यालयों से 7 विद्यार्थियों को भाऔविनि के कार्यों से अवगत कराया गया और उनकी कक्षा-कक्ष प्रशिक्षण को वास्तविक क्रियात्मक प्रशिक्षण से सम्बद्ध करने का अवसर दिया गया।

6.26 रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन हेतु वाणिज्यिक बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक की योजना के अधीन, भाऔविनि ने, वर्ष के दौरान, पंजाब नेशनल बैंक के चार कार्यपालकों को अपने पुनर्स्थापन वित्त विभाग में कार्य प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराईं।

6.27 भाऔविनि ने अपनी सेवा में कार्यरत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से सम्बद्ध कर्मचारियों हेतु आरक्षण/रियायतों के सम्बन्ध में सरकारी मार्ग निर्देशों को कार्यान्वित करना जारी रखा। इन श्रेणियों से सम्बद्ध कर्मचारियों की भर्ती एवं पदोन्नति के मानदण्डों में छूट दी गयी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से सम्बद्ध प्रत्याशियों को बेहतर परिणाम दर्शाने के लिए, 15 भर्ति-पूर्व बोध प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें भाऔविनि में कनिष्ठ अधिकारियों के पद हेतु लिखित परीक्षा और साक्षात्कार देने से पूर्व अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के 166 प्रत्याशियों ने भाग लिया। इसी प्रकार, इन-हाउस, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों के लिए विभिन्न केन्द्रों में 4 पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें 17 कार्यरत स्टाफ सदस्यों को लाभ हुआ और भाऔविनि में उनकी सेवा-वृत्त की सम्भावनाओं को सुधारने में सहायता दी।

6.28 गहन आन्तरिक तथा कार्य दौरान प्रशिक्षण के अतिरिक्त, संगठन की समग्र उत्पादकता में सुधार लाने के लिए स्टाफ सुझाव योजना के अधीन स्टाफ को निरन्तर सुझावों को देने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया गया। स्टाफ सुझाव समिति ने सदस्यों द्वारा दिए गए प्रत्येक सुझाव का भली प्रकार मूल्यांकन किया और यदि कोई सुझाव कार्यान्वियन हेतु स्वीकार किया गया तो सम्बन्धित स्टाफ सदस्यों को नकद पुरस्कार/प्रशंसा पत्र दिए गए।

मानवीय सम्बन्ध

6.29 भाऔविनि में नियोक्ता-कर्मचारी सम्बन्धों में मानवोचित आधार पर अच्छा तालमेल रहा, जिसके परिणामस्वरूप सम्पूर्ण वर्ष स्टाफ के सम्बन्ध सौहार्द और सद्भावपूर्ण बने रहे।

6.30 भाऔविबैंक अधिनियम, 1964 की धारा 6 की उपधारा (64) के साथ पठित उपधारा (1) के खण्ड (ग) के उपखण्ड (iii) के अनुसरण में, भारत सरकार ने भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और अन्य वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए, भाऔविनि के प्रबन्धक (तकनीकी) श्री ब्रज भूषण हुरिया को दिनांक 6 मई, 1988 से 5 मई, 1991 तक 3 वर्ष के लिए भाऔविबैंक के निदेशक बोर्ड का निदेशक नियुक्त किया। श्री हुरिया इस समय भाऔविनि अधिकारी एसोसिएशन के प्रधान भी हैं।

कल्याण कार्य

6.31 भाऔविनि के कर्मचारियों का कल्याण कार्य सभी केन्द्रों और सभी स्तरों पर जारी रहा, और पहले की भांति ही कार्मिक प्रबन्ध के क्षेत्र को उच्च प्राथमिकता दी गयी। भाऔविनि के कल्याण कार्यों में सामाजिक सुरक्षा, आवास और चिकित्सा सुविधाएं महत्वपूर्ण बनी रहीं।

6.32 स्टाफ कल्याण निधि, विविध प्रकार की स्टाफ कल्याण गतिविधियों जैसे, कर्मचारियों द्वारा स्व-विकास, स्व-विवाह, आश्रित बच्चों के विवाह, घरेलू टिकाऊ सामान खरीदने, छात्रवृत्ति प्रदान करने, खेलों तथा मनोरंजन क्लबों को अनुदान देने, शिमला, श्रीनगर, गोवा, पुरी, ऊटी, बंगलौर तथा दार्जिलिंग के अवकाश-गृहों के रख-रखाव करने, पश्चिम विहार, नई दिल्ली स्थित शिशु-गृह के रख-रखाव करने का मूलभूत आधार बनी रही। वर्ष के दौरान, कम्प्यूटर, अल्पावधि एवं दीर्घावधि, दोनों प्रकार के पाठ्यक्रमों तथा स्व-विकास और योग्यता छात्रवृत्ति के क्षेत्र में विशेष बल दिया गया।

6.33 विकलांगता और वित्तीय सहायता योजना, 1985 तथा स्वैच्छिक कल्याण योजना, 1986 उन विकलांग/सेवा निवृत्त कर्मचारियों के लिए सहायक रहीं, जो दयनीय स्थिति में थे तथा उन कर्मचारियों के परिवारों को, जिनकी बीमारी या दुर्घटना के कारण असामयिक मृत्यु हो गई।

खेलकूद

6.34 भाऔविनि ने लगातार तीसरे वर्ष भी भाऔविनि के कर्मचारियों में खेल और खेल की भावना विकसित करना निरन्तर जारी रखा। तृतीय अखिल भारतीय भाऔविनि

खेलकूद प्रतियोगिता, 1988, इस वर्ष दिनांक 6 मार्च, 1988 को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शानदार समारोह के साथ सम्पन्न हुई। इस वर्ष के खेलकूद के मुख्य पहलू थे—(क) अधिक प्रकार की खेलकूद क्रीड़ाएं प्रारम्भ करना, (ख) पिछले वर्ष की तुलना में भाआवित्रि के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों द्वारा सक्रिय रूप से भाग लेना और (ग) भाआवित्रि के कर्मचारियों के बच्चों द्वारा अधिक संख्या में भाग लेना ।

राहत कोष और अन्य विकासोन्मुख कार्यक्रमों में अंशदान

6.35 भाआवित्रि ने 16 सितम्बर, 1987 को देश के विभिन्न राज्यों में सूखा राहत कार्य में सहायता की दृष्टि से प्रधान मंत्री राहत कोष में 25 लाख रुपए का दान दिया ।

6.36 जर्मन संघीय गणराज्य के ऋदितांस्तल्त-फर-वाइडर-फबऊ के कहने पर, ब्याज-अन्तरजन्य-निधियों में से नई आशा ग्रामीण समुदाय केन्द्र हेतु गहरा कुंआ परियोजना के सम्बन्ध में नई आशा ग्रामीण कुष्ठरोग ट्रस्ट, मुनिगुडा, उड़ीसा को 21,000 रुपए का अंशदान दिया गया ।

हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

6.37 वर्ष के दौरान भाआवित्रि ने अपने निजी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए हर सम्भव प्रयास किया । वर्ष के दौरान, एक द्विभाषिक शब्द संसाधक प्राप्त किया गया और एक अखिल भारतीय हिन्दी परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसके परिणामस्वरूप 13 कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए । प्रधान कार्यालय सहित भाआवित्रि के प्रत्यक क्षेत्रीय/शाखा कार्यालय में गठित सत्रह राजभाषा कार्यान्वयन समितियों ने हिन्दी के प्रगामी प्रयोग पर निगरानी रखी, तथा अपने सम्बन्धित कार्यालयों में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए सुझाव दिए । कर्मचारियों के लाभ के लिए हिन्दी के प्रयोग पर तीन कार्यशालाएं आयोजित की गईं । पिछले वर्ष लिए गए निर्णय के अनुसार हिन्दी में मूल पत्र-व्यवहार में वृद्धि करने के लक्ष्य से प्रत्येक मास का अन्तिम शुक्रवार हिन्दी दिवस के रूप में मनाना जारी रहा ।

विकास बैंकिंग के चालीस वर्ष

6.38 वर्ष 1987-88 भारतीय उद्योग के लिए भाआवित्रि के सेवा के चार दशक पूरे करता है, जो स्वतन्त्रता के चालीस वर्षों के दौरान देश की उपलब्धियों और आर्थिक विकास के समक्रमिक है । वस्तुतः भारत में विकास बैंकिंग का इतिहास भाआवित्रि के साथ प्रारम्भ होता है । इस तथ्य को पर्याप्त रूप से स्मरण रखने के लिए, भाआवित्रि ने इस अवसर को मनाने के लिए निम्नलिखित कार्य-कलाप शुभारम्भ करने का निर्णय लिया :—

(i) भारत में विकास बैंकिंग के इतिहास के दस्तावेजीकरण

'भारत में विकास बैंकिंग—भाआवित्रि की भूमिका' शीर्षक से एक शोध ग्रन्थ प्रकाशित करने का निणय लिया गया है, जो राजस्थान एवं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालयों के भूतपूर्व उप-कुलपति, और इलाहबाद, राजस्थान और पंजाब विश्वविद्यालयों के भूतपूर्व प्रोफेसर डा० ओम काण, एम० काम० डी० फिल० डी० लिट० द्वारा लिखा जा रहा है । शोध-ग्रन्थ के टाटा मैकग्रा हिल पब्लिशिंग कम्पनी लि०, नई दिल्ली द्वारा दिसम्बर, 1988 तक प्रकाशित किए जाने की सम्भावना है ।

(ii) भाआवित्रि के चालीस वर्ष : भाआवित्रि के अध्यक्षों के भाषणों/अभिभाषणों का संग्रह

सभी सम्बन्धित पक्षों के लाभ के लिए भाआवित्रि की वार्षिक महासभाओं के समय भाआवित्रि के अध्यक्षों के भाषणों/अभिभाषणों का एक संग्रह प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया है । यह संग्रह, वीवा फोटोलिथोग्राफर्स, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है, जो विकास बैंकिंग के क्षेत्र में शोध कार्य करने वाले सभी व्यक्तियों अथवा, उनके लिए, जो एक ही स्थान पर यह जानने के इच्छुक हैं, कि भाआवित्रि किस प्रकार एक-एक ईंट रख कर, वर्ष पश्चात् वर्ष, अपनी इमारत खड़ी करने में समर्थ हुआ है बहुमल्य आधार का कार्य करेगा ।

(iii) निगमित क्षेत्र में वित्तपोषित संस्थाओं और नामित निदेशकों का क्षेत्रीय सम्मेलन

वर्ष 1988-89 में क्षेत्रीय और नामित निदेशकों के सम्मेलन आयोजित किए जाने की योजनायें विचाराधीन हैं ।

आभार प्रदर्शन

6.39 निदेशक बोर्ड, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, निदेशालयों, विभागों, भारतीय रिजर्व बैंक (भारिबैंक), भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (भाऔविबैंक), अन्य सहयोगी अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों, विभिन्न राज्य सरकारों, राज्य स्तर के वित्तीय एवं विकास संस्थानों और मर्चेण्ट बैंकिंग संस्थाओं से प्राप्त हुई सहायता, और सहयोग और सद्भाव के लिए अपना आभार प्रकट करता है ।

6.40 निदेशक बोर्ड, तकनीकी सलाहकार संगठनों, जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम, प्रबन्ध विकास संस्थान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यम पार्कों, भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और उड़ीसा के उद्यमीयता विकास संस्थानों और भाआवित्रि से सक्रिय रूप से सम्बद्ध अन्य संस्थानों के समूह के अध्यक्षों और मुख्य कार्यपालकों द्वारा अपने-अपने संगठनों की भूमिकाओं को पूरा करने तथा गतिविधियों को बढ़ाने के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करता है ।

6.41 भाआवित्रि राज्य सलाहकार समितियों तथा तकनीकी सलाहकार/तदर्थ समिति के सदस्यों, समय-समय पर उनके बहुमूल्य सहयोग और सलाह के लिए आभारी है, तथा उनका धन्यवाद करता है। निदेशक बोर्ड, विभिन्न संगठनों और सहायता प्राप्त संस्थाओं के बोर्डों में भाआवित्रि की ओर से नामित गैर-शासकीय सदस्यों का भी उनकी सेवाओं के लिए आभारी है ।

6.42 निदेशक बोर्ड, भाऔविनि द्वारा विदेशों में स्थित विभिन्न विकास वित्तीय संस्थानों से प्राप्त निरन्तर सहायता तथा सक्रिय सहयोग, विशेष रूप से विश्व बैंक, आर्थिक विकास संस्थान, एशियन विकास बैंक, जर्मन संघीय गणराज्य के क्रेदितांस्तल्त-फर-वाइडरफबऊ, और विदेशों में समवर्ती और अन्य बैंकों आदि से प्राप्त सहायता के लिए भी आभार प्रकट करता है।

6.43 भाऔविनि के अधिकारी एवं स्टाफ उच्च व्यावसायिक मानक, जिसके लिए अब भाऔविनि ने देश और विदेश, दोनों में ख्याति प्राप्त की है, बनाए रखने के लिए निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। अपने टीम कार्य, निष्ठा तथा सद्भावपूर्ण प्रयासों द्वारा, उन्होंने पिछले सभी कीर्तिमान पीछे छोड़ दिए हैं और भाऔविनि की प्रगति दरों में अत्यन्त वृद्धि की है। अतः निदेशक बोर्ड को, निगम के सभी स्तर पर, समस्त कर्मचारियों द्वारा वर्ष के दौरान की गई निष्ठावान और समर्पित सेवा के लिए उनकी सराहना करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता है।

डी० एन० डावर
अध्यक्ष

परिशिष्ट I

1987-88 के दौरान चुने हुए उद्योगों की विस्थापित क्षमता, उत्पादन और क्षमता उपयोग का विवरण

(कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े इकाइयों की संख्या के द्योतक हैं)

क्रम सं०	उत्पाद	माप इकाई	1987-88 में विस्थापित क्षमता और उत्पादन					
			सम्पूर्ण देश के सम्बन्ध में			निगम की वित्तपोषित संस्थाओं के संबंध में		
			विस्थापित क्षमता और इकाइयों की संख्या	1987-88 (अप्रैल-मार्च) में उत्पादन	प्रतिशत क्षमता उपयोग	विस्थापित क्षमता और इकाइयों की संख्या	1987-88 (अप्रैल-मार्च) में उत्पादन	प्रतिशत क्षमता उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1.	चीनी	लाख टन	90.82 (386)	82 40*	101.95	25.11 (140)	28.01	111.55
2.	सूती धागा (मिल क्षेत्र)		26.19 मिलियन तकुए (1045)**	1554.9 मिलियन कि० ग्राम	—	7.45 मिलियन तकुए (216)**	345.96 मिलियन कि० ग्राम	—
3.	सूती वस्त्र (मिल क्षेत्र)		2.08 लाख खड्डियां	3027 मिलियन मीटर	—	0.61 लाख खड्डियां	254.45 मिलियन मीटर	—
4.	पटसन वस्त्र	लाख टन	16.40 (71)	11.92	72.7	4.33 (16)	3.64	84.1
5.	कागज और गत्ता	लाख टन	28.18 (297)	16.80	59.6	11.75 (73)	13.92	118.5
6.	प्लाईवुड	मिलियन वर्ग मी०	117.5 (59)	80.00	68.1	22.03 (7)	16.32	74.1
7.	सीमेन्ट	मिलियन टन	55.25	39.30	71.1	40.10 (59)	32.80	81.7

*उत्पादन अक्तूबर, 1987 से अप्रैल, 1988 की अवधि का है।

**283 संयुक्त मिलें सम्मिलित हैं।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
8.	नाइट्रोजन उर्वरक	लाख टन	70.33 (43)	54.30	77.2	30.58 (10)	26.33	86.1
9.	फास्फेटिक उर्वरक	लाख टन	22.63 (19)	16.60	73.3	14.86 (7)	11.86	79.8
10	कास्टिक सोडा	लाख टन	10.45 (41)	8.80	84.2	6.34 (11)	4.39	69.2
11.	सोडा ऐश	लाख टन	10.05 (6)	9.90	98.5	0.77 (1)	0.52	67.5
12.	कैल्सियम कार्बाइड	लाख टन	2.18 (8)	0.75	34.1	0.34 (3)	0.19	55.6
13.	एसिटिक एसिड	लाख टन	0.81 (19)	0.50	61.7	4.26 (1)	1.50	85.2
14.	कार्बन ब्लैक	लाख टन	1.55 (7)	1.06	68.4	0.35 (1)	0.14	40.0
15.	तरल क्लोरीन	लाख टन	7.70 (29)	3.15	40.9	3 89 (10)	2.40	61.7
16.	विस्कोज फिलामेन्ट धागा	हजार टन	54.98 (8)	45.93	83.5	6.47 (1)	3.49	53.9
17.	नायलोन फिलामेन्ट धागा	हजार टन	47.52 (11)	34.43	72.5	9.05 (2)	4.47	49.4
18.	नायलोन टायर कॉर्ड	हजार टन	एन० ए०	एन० ए०	—	6.00 (1)	1.01	16.8
19.	पालिएस्टर फिलामेन्ट यार्न	हजार टन	74.18	111.37	150.1	7.00 (2)	5.95	85.0
20.	पालिएस्टर स्टेपल फाइबर	हजार टन	146.21 (8)	79.41	54.3	23.13 (2)	18.45	79.8
21.	विस्कोस स्टेपल फाइबर	हजार टन	54.98 (8)	45.93	83.5	8.13 (1)	7.00	66.1
22.	आटो टायर	लाख संख्या	100.58 (23)	140.00	87.2	36.36 (2)	30.94	85.1
23.	आटो ट्यूब	लाख संख्या	171.45 (26)	140.00	81.6	10.10 (1)	13.84	137.0
24.	रबर गर्भरोधक	मिलियन संख्या	713.00 (3)	630.00	88.4	200.00 (1)	100.00	50.0
25.	पुनर्प्रयोग की गई रबर	हजार टन	36.58 (12)	21.00	57.4	4.80 (1)	2.36	49.1
26.	खालों से तैयार चमड़ा	लाख संख्या	113.00 (44)	47.00	41.6	10.50 (1)	1.11	10.6
27.	कांच की शीटें	मिलियन वर्ग मी.	40.79 (9)	42.00	102.9	8.00 (1)	4.11	51.4

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
28.	फाइबर ग्लास	हजार टन	5.29 (3)	4.65	87.9	1.75 (1)	1.34	76.6
29.	कांच की बोतलें और विविध : कांच का सामान	लाख टन	6.53 (31)	5.95	91.1	1.00 (1)	2.30	57.7
30.	कृत्रिम डिटर्जेन्ट	हजार टन	323.46 (21)	200.00	61.9	20.00 (2)	11.11	55.6
31.	साबुन	हजार टन	365.40 (48)	360.00	98.5	26.00 (2)	10.01	38.5
32.	फैटी एसिड	हजार टन	150.00 (20)	10.00	6.7	12.7 (2)	5.46	43.0
33.	ग्लिसरीन	हजार टन	22.58 (19)	11.50	50.9	1.80 (1)	0.24	13.3
34.	बिक्री योग्य स्टील (मुख्य संयंत्र)	लाख टन	104.33 (6)	61.48	58.9	19.80 (4)	20.47	103.4
35.	स्टील इंगोट्स (मुख्य संयंत्र)	लाख टन	180.00 (7)	39.14	21.7	66.50 (2)	23.40	35.1
36.	स्टील इंगोट्स/बिल्लेट्स (मिनी स्टील संयंत्र)	लाख टन	66.00 (196)	15.30	23.2	4.04 (9)	2.67	66.1
37.	स्टील गढ़ाई	हजार टन	325.00 (75)	185.00	56.9	514.40 (5)	392.56	76.3
38.	स्टील ढलाई	हजार टन	210.00 (80)	90.40	43.0	69.29 (5)	42.53 -	61.2
39.	शीत कृत इस्पात पत्तियां	लाख टन	12.00 (56)	1.40	11.6	1.73 (7)	0.89	51.4
40.	दुपहिये	लाख संख्या	23.00 (23)	15.93	69.3	7.65 (5)	4.27	55.8
41.	कारें	लाख संख्या	1.71 (5)	1.35	78.9	0.44 (2)	0.40	90.9
42.	वाणिज्यिक वाहन	लाख संख्या	2.65 (13)	1.00	37.7	0.28 (2)	0.28	100.0
43.	सिरेमिक टाइल्स	लाख टन	1.53 (16)	1.29	84.3	0.49 (4)	0.31	63.2
44.	विस्फोटक	हजार टन	2.17 (17)	1.25	57.6	22.50 (2)	10.09	44.8
45.	वी बेल्ट	लाख संख्या	183.71 (16)	180.00	97.9	8.25 (3)	7.94	96.5
46.	कन्वेयर बेल्ट्स	हजार टन	8.91 (8)	8.60	96.5	1.20 (1)	0.93	77.5

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
47.	जी० एल० एस० लैम्प	मिलियन संख्या	342.69 (20)	272.00	79.4	5.78 (2)	1.90	32.9
48.	फ्लोरेसेन्ट ट्यूबें	मिलियन संख्या	44.90 (16)	44.50	99.1	5.00 (1)	5.21	104.2
49.	पावर एवं वितरण ट्रांसफोर्मर्स	मिलियन किलोवाट्स	32.50 (31)	28.76	88.5	1.80 (1)	1.53	85.00
50.	इलैक्ट्रीकल पंखे	लाख संख्या	47.80 (17)	50.00	104.6	3.0 (1)	2.00	66.7
